CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :31⁰C
न्यूनतम: 23⁰C

बरेली, मंगलवार 15 जुलाई 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 230 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com श्रावण कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 19 मुहर्रम 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



योगी ने दिया प्रदेश के पहले हाईटेक ऑर्थोपेडिक सुपर स्पेशियलिटी सेंटर का तोहफा पेज 2



इंग्लैंड ने लार्ड्स टेस्ट 22 रनों से जीता 193 रन नहीं बना सका भारत खेल टाइम्स



डिजिटल-क्रांति से ही नकली नोटों पर नियंत्रण संभव सम्पादकीय



बांग्लादेश ने मोदी को 1000 किलो आम भेजे पेज 2

# सोशल मीडिया कमेंट्स पर सुप्रीम कोर्ट का कड़ा रुख

## कहा: अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की अहमियत को समझें नागरिक, खुद पर लगाएं नियंत्रण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि नागरिकों को अपनी बोलने और अभिव्यक्ति की आजादी की कीमत समझनी चाहिए और इसके साथ-साथ स्व-नियंत्रण और संयम का पालन करना चाहिए।

न्यायालय ने कहा कि सोशल मीडिया पर बढ़ती विभाजनकारी प्रवृत्तियों पर रोक लगाई जानी चाहिए। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि वह सेंसरशिप की बात नहीं कर रहा है, बल्कि चाहता है कि लोग खुद से जिम्मेदारी निभाएं और अपनी बातों में संयम बरतें। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कोई भी नहीं चाहता कि राज्य (सरकार) इस तरह के मामलों में हस्तक्षेप करे। इसलिए जरूरी है कि लोग खुद जिम्मेदारी लें और सोशल मीडिया या अन्य मंचों पर ऐसा कुछ न कहें, जो समाज में तनाव फैलाए। शीर्ष अदालत ने -**शेष पृष्ठ दो पर**

### राज्य को बीच में लाने की जरूरत न पड़े



### मोदी पर अशोभनीय व्यंग्यचित्र विवाद: सुप्रीम कोर्ट की आरोपी को फटकार, फेसबुक से हटाएगा

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी और आरएसएस पर आपत्तिजनक टिप्पणियों के साथ अशोभनीय व्यंग्यचित्र बनाने के आरोपी हेमंत मालवीय उच्चतम न्यायालय की फटकार के बाद उसे फेसबुक से हटाने के लिए सोमवार को तैयार हो गया। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने मालवीय के आचरण पर असहमति और असंतोष व्यक्त किया। पीठ ने उनकी वकील वृंदा ग्रोवर से पूछा कि क्या याचिकाकर्ता व्यंग्यचित्र वाली अपनी फेसबुक पोस्ट हटाने को तैयार हैं। इस पर सहमति व्यक्त करते हुए अधिवक्ता ने कहा कि मैं बयान दूंगी कि मैं आपत्तिजनक टिप्पणियों का समर्थन नहीं कर रही हूं। उन्होंने मामले में अंतरिम सुरक्षा की भी गुहार लगाई और कहा कि मामला व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़ा है और पुलिस उनके (मालवीय) दरवाजे पर दस्तक दे रही है। उन्होंने हालांकि कहा कि उनकी (याचिकाकर्ता की) टिप्पणियां अशोभनीय या घटिया लग सकती हैं, लेकिन वे कोई अपराधी नहीं हैं। इसलिए 50 वर्षीय इस आरोपी को अंतरिम राहत दी जानी चाहिए। इस पर पीठ ने कहा कि अभी भी परिपक्वता नहीं है। हम सहमत हैं कि यह भड़काऊ है। शीर्ष अदालत ने इन टिप्पणियों के साथ कहा कि वह इस मामले में मंगलवार को विचार करेगी।

# ब्रह्मांड के अतिथि शुभांशु 20 दिन बाद आज लौटेंगे धरती पर

शाह टाइम्स ब्यूरो



### आईएसएस से रवाना हुए अंतरिक्ष यात्री

### मिशन के दौरान 60 से ज्यादा वैज्ञानिक प्रयोगों में हिस्सा लिया

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अन्य तीन साथी अंतरिक्ष यात्रियों के साथ सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से रवाना हो गए।

एक्सिओम स्पेस ने इस बात की पुष्टि की है कि एएक्स 4 मिशन में शामिल स्पेसएक्स का ड्रैगन अंतरिक्षयान भारतीय समय के अनुसार दोपहर बाद 4.35 बजे आईएसएस से अलग हो गया। एक्सिओम स्पेस ने बताया कि अब कई चरणों में अंतरिक्षयान के इंजन को चालू कर उसे आईएसएस से दूर ले जाया जाएगा। सेपरेशन के लगभग 22.5 घंटे बाद सभी यात्री अमेरिका के कैलिफोर्निया तट के पास समुद्र में उतरेंगे। आईएसएस पर जाने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला इस मिशन में पायलट के तौर पर शामिल हुए थे। अपने साथियों के साथ वहां उन्होंने कई अनुसंधान मिशनों को अंजाम दिया, जिनमें इसरो द्वारा तैयार किए गए मिशन भी शामिल थे। खास बात यह है कि भारतीय वायु सेना में टेस्ट पायलट शुक्ला देश के पहले अंतरिक्ष मिशन 'गगनयान' के लिए चयनित संभावित क्रू में भी शामिल हैं। वह इस क्रू में एक मात्र ऐसे सदस्य बन गए हैं, जिनके पास अब अंतरिक्ष यात्रा का अनुभव है, जो मिशन के लिए महत्वपूर्ण है। मिशन की लॉन्चिंग 25 जून को हुई थी और मिशन 26 जून को आईएसएस पहुंचा था। इसके मंगलवार अपराह्न 3.01 बजे धरती पर वापस लौटने की उम्मीद है। ग्रुप कैप्टेन शुभांशु शुक्ला राकेश शर्मा के 41 साल बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय हैं। भारतीय मूल की अमेरिकी नागरिक कल्पना चावला और सुनीत विलियम्स नासा के मिशनों में आईएसएस पर जा चुकी हैं। शुभांशु ने मिशन के दौरान 60 से ज्यादा वैज्ञानिक प्रयोगों में हिस्सा लिया।

### नेशनल हेराल्ड मामले में फैसला 29 जुलाई को

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष अदालत नेशनल हेराल्ड से संबंधित धन शोधन के एक मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी,लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के आरोपों का संज्ञान के संबंध में 29 जुलाई को फैसला सुनाएगी। राउज एवेन्यू स्थित विशेष अदालत के न्यायाधीश विशाल गोगने ने सोमवार को फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा कि ईडी के आरोपों का संज्ञान लेना चाहिए या नहीं, इस पर 29 जुलाई को कोई आदेश पारित किया जाएगा। केंद्रीय जांच एजेंसी ने श्रीमती गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता के अलावा, सुमन दुबे, सैम पित्रोदा, यंग इंडियन, डॉटेक्स मर्चेंडाइज़ और सुनील भंडारी को आरोपी बनाया है।

### ईडी के सामने हुई रॉबर्ट वाड्रा की पेशी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश हुए। उनसे ब्रिटिश हथियार सलाहकार संजय भंडारी से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ की गई। वाड्रा का बयान धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज किया गया। 56 वर्षीय वाड्रा सुबह 11 बजे के बाद मध्य दिल्ली स्थित संघीय जांच एजेंसी के कार्यालय पहुंचे। उनके साथ केरल की वायनाड लोकसभा सीट से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा भी थीं।

### बिहार में बाढ़ व बिजली गिरने से 13 की मौत

**नई दिल्ली।** बिहार में बीते 24 घंटे में बाढ़-बिजली गिरने से 13 लोगों की मौत हो गई है। बिजली गिरने से प्रदेश में 9 लोगों की जान चली गई। इनमें सबसे ज्यादा 5 मौतें बांका में हुई। वहीं, बाढ़ से गयाजी में 2, नालंदा और पटना में 1-1 व्यक्ति की मौत हुई है। राजस्थान में भी बीते एक दिन में बारिश की घटनाओं में 7 लोगों की मौत हो गई है। भीलवाड़ा में दो चचेरे भाइयों की बरसाती नाले में और राजसमंद में तालाब में डूबने से भाई-बहन की मौत हो गई।

### असीम घोष हरियाणा व गजपति राजू गोवा के राज्यपाल बने

**नई दिल्ली।** प्रो. असीम कुमार घोष को हरियाणा और पी. अशोक गजपति राजू को गोवा का राज्यपाल तथा कविन्द्र गुप्ता को लद्दाख का उपराज्यपाल नियुक्त किया गया है।

# निमिषा की जिंदगी के 24 घंटे शेष, प्रयास जारी

शाह टाइम्स संवाददाता



- **यमन में भारतीय नर्स का जान गंवाना दुखद, विदेश में हमारे आदेश को कौन मानेगा: सुप्रीम कोर्ट**
- **केंद्र ने कहा: हमने बचाने की पूरी कोशिश की**
- **16 जुलाई को मौत की सजा दी जाएगी**

**नई दिल्ली।** यमन में मौत की सजा का सामना कर रही केरल की नर्स निमिषा प्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मामला बहुत संवेदनशील है। अगर भारतीय नर्स यमन में जान गंवाती है, तो यह दुखद होगा।

मामले में सुनवाई जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने की। इस दौरान केंद्र की तरफ से अटार्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने कोर्ट में कहा कि सरकार जहां तक जा सकती थी, जा चुकी है। यमन जैसे देश के साथ भारत खुलकर कूटनीतिक दखल नहीं दे सकता। निमिषा को यमन नागरिक की हत्या के मामले में 16 जुलाई को मौत की सजा दी जाएगी। वह 2017 से यमन की जेल में बंद हैं। उन पर यमन के नागरिक तलाल अब्दो महदी को दवा की ओवरडोज देकर हत्या करने का आरोप है। याचिकाकर्ता संगठन सेव निमिषा प्रिया इंटरनेशनल एक्शन काउंसिल ने कोर्ट से अपील करते हुए कहा कि प्रिया का परिवार तलाल अब्दो महदी के परिवार से बातचीत कर रहा है, जिसकी मौत के चलते प्रिया को सजा मिली। निमिषा की मौत की सजा रोकी जाए। इस पर कोर्ट ने पूछा कि हम ऐसा आदेश कैसे दे सकते हैं? विदेश में हमारे आदेश को कौन मानेगा।

## दोनों पायलटों की मेडिकल स्थिति सामान्य थी: एयर इंडिया सीईओ

**वाशिंगटन।** एयर इंडिया के सीईओ और मैनेजिंग डायरेक्टर कैंपबेल विल्सन ने कहा कि दोनों पायलटों ने ब्रीथ एनालाइजर टेस्ट पास किया था और उनकी मेडिकल स्थिति सामान्य थी।

प्राइमरी रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि प्लेन और इंजन में कोई टेक्निकल या मेंटेनेंस से जुड़ी खराबी नहीं थी। विल्सन ने कहा कि प्लेन के सभी जरूरी मेंटेनेंस कार्य समय से किए गए थे। ईंधन की गुणवत्ता में कोई कमी नहीं थी और टेक-ऑफ रोल सामान्य था। उन्होंने कर्मचारियों को भेजे गए ईमेल में ये बात लिखी है।

### 'उदयपुर फाइल्स' मामले पर शीघ्र सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने हिंदी फिल्म 'उदयपुर फाइल्स-कन्हैयालाल टेलर मर्डर' के रिलीज पर रोक लगाने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर शीघ्र सुनवाई के लिए सोमवार को सहमति व्यक्त की।

# तलाक मामले में पत्नी की कॉल रिकॉर्डिंग सबूत

शाह टाइम्स संवाददाता



- **सुप्रीम कोर्ट बोला- ये निजता का उल्लंघन नहीं, रिश्ता जासूसी तक पहुंचा, तो पहले ही टूट चुका**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि पत्नी की जानकारी के बिना रिकॉर्ड कॉल को वैवाहिक विवादों में सबूत के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

कोर्ट ने पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के उस फैसले को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि ऐसा करना पत्नी के निजता के अधिकार का उल्लंघन है और इसे सबूत के रूप में नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने कहा कि शादीशुदा जीवन में गोपनीयता का अधिकार पूरा नहीं हो सकता। इंडियन एविडेंस की धारा 122 के तहत पति-पत्नी के बीच बातचीत को कोर्ट में उजागर नहीं किया जा सकता, लेकिन तलाक जैसे मामलों में इसे अपवाद मानते हैं। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने कहा कि हम नहीं मानते कि इस मामले में निजता के अधिकार का कोई उल्लंघन हुआ है। धारा 122 सिर्फ पति-पत्नी के बीच संवाद की गोपनीयता को मान्यता देती है, लेकिन यह निजता के संवैधानिक अधिकार (अनुच्छेद 21) से जुड़ा नहीं है। यह केस बठिंडा की एक फैमिली कोर्ट से शुरू हुआ था, जहां पति ने पत्नी से बातचीत की रिकॉर्डिंग के आधार पर -**शेष पृष्ठ दो पर**



## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी जाएंगे उत्तर प्रदेश के एक दिवसीय दौरे पर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी गुरुवार को अपने संसदीय क्षेत्र उत्तर के रायबरेली के एकदिवसीय दौरे पर रहेंगे। गांधी वहां पार्टी के पदाधिका. रियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर आने वाले पंचायत चुनाव पर चर्चा करेंगे। उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव की तैयारी शुरू हो चुकी है। इन चुनावों को लेकर मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य 18 जुलाई से शुरू होने वाला है। पार्टी सूत्रों के अनुसार गांधी अपने दौरे में भुएमऊ सांसद आवास में पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। इसी बीच विधानसभा चुनाव 2027 से पहले पार्टी की जमीनी हकीकत से रूबरू होने के लिए गांधी ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है और इसी कड़ी में कांग्रेस नेता 17 जुलाई को रायबरेली जा रहे हैं। गांधी रायबरेली में प्रजापति समाज के एक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।

### उमर ने मीडिया पर लगाया नेताओं की नजरबंदी की खबरों को दबाने का आरोप

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को स्थानीय समाचार पत्रों पर शहीद दिवस पर 'निर्वाचित सरकार' और अधिकांश निर्वाचित प्रतिनिधियों की 'सामूहिक नज़रबंदी' की खबरों को जानबूझकर दबाने का आरोप लगाया। अब्दुल्ला ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि अधिकांश स्थानीय समाचार पत्रों ने उनके घर में नजरबंदी की खबर को दबा दिया है। उन्होंने कहा कि हमारे स्थानीय समाचार पत्रों पर एक नज़र डालें। आप कायरों और हिम्मत वालों में अंतर कर पाएंगे।

# नीतीश के वायदे हकीकत कम जुमलेबाजी ज्यादा: मायावती

**लखनऊ, वार्ता**

बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने बिहार विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री नीतिश कुमार के एक करोड़ लोगों को नौकरी और रोजगार देने की घोषणा को हकीकत से दूर व जुमलेबाजी करार दिया है।

सुश्री मायावती ने एक्स पर लिखा- बिहार में क़ानून-व्यवस्था की बदहाल स्थिति की राष्ट्रीय चर्चाओं के बीच संभवत: लोगों का ध्यान बांटने के लिए, राज्य में एनडीए गठबंधन की सरकार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार द्वारा चुनाव बाद सरकार बनने पर अगले पांच साल में एक करोड़



लोगों को नौकरी और रोज़गार उपलब्ध कराने की घोषणा वास्तव में लोगों को हकीकत से दूर, उनके अनुभवों के आधार पर 'अच्छे दिन' जैसी जुमलेबाज़ी व चुनावी छलावा ज्यादा लगता है। उन्होंने कहा कि वैसे तो विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के चुनावी वादे, दावे, घोषणाओं व छलावों के साथ-साथ कानून-व्यवस्था व कार्यकलापों आदि को लेकर इनके चाल, चरित्र व चेहरे आदि को जनता भलीभांति जानती है, फिर भी अपनी छल व छलावा की राजनीति की आदत से मजबूर ऐ विरोधी पार्टियां चुनाव से पूर्व इस प्रकार के अनेकों लोक लुभावने वादे करने में ज़रा भी नहीं डरती व घबराती हैं। बसपा अध्यक्ष ने कहा कि बिहार की वर्तमान गठबंधन सरकार का नौकरी व रोज़गार का वादा इनके अन्य वादों से ज्यादा मेल खाता है, जो जनता वास्तव में अब तक के उनके अनुभव के आधार पर जानती भी है। निश्चय ही बिहार की जनता सोच- समझकर ग़रीब व सर्वजन हितैषी सरकार चुनेगी, बशर्ते कि चुनाव बाहुबल, धनबल तथा सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग से मुक्त पूर्णत: स्वतंत्र व निष्पक्ष हो।

# उदयपुर फाइल्स के खिलाफ सूचना मंत्रालय में याचिका दाखिल

## याचिका में कहा गया यह एक आहत करने वाली फ़िल्म है: अरशद मदनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी की ओर से हिंदी फ़िल्म 'उदयपुर फाइल्स' की प्रदर्शनी पर रोक लगाने के लिए दिल्ली हाईकोर्ट में दायर याचिका पर न्यायालय द्वारा प्रदर्शनी पर रोक (स्टे) दिए जाने और सेंसर बोर्ड द्वारा जारी सर्टिफिकेट पर पुनर्विचार करने को लेकर अपील दाखिल करने के निर्देश के अनुपालन में आज मौलाना अरशद मदनी के अधिवक्ताओं ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के समक्ष अपील दाखिल कर दी है।

इसी बीच फ़िल्म निर्माता ने दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया में चुनौती दी है। आज फ़िल्म निर्माता के वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव भाटिया की ओर से दी गई अपील पर जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने सुनवाई की



■ इससे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश की छवि को नुक़सान पहुंच सकता है: जमीयत उलमा-ए-हिन्द

पुष्टि की है। मौलाना अरशद मदनी की ओर से सुप्रीम कोर्ट में कल रात ही कैविएट दायर कर दी गई थी, अर्थात अब सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान मौलाना अरशद मदनी के वकील वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल के तर्क भी सुने जाएंगे। मौलाना मदनी द्वारा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में दाखिल याचिका में कहा गया है कि 'उदयपुर फाइल्स' जैसी फ़िल्में समाज में नफ़रत और विभाजन को बढ़ावा देती हैं तथा इसकी प्रचार-प्रसार से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि धूमिल हो सकती है। यह फ़िल्म पूर्णत: घृणा पर आधारित है और इसकी प्रदर्शनी से देश में शांति व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। सरकार को यह भी स्मरण कराया गया है कि नूपुर शर्मा के विवादास्पद बयान के चलते भारत की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहले ही बहुत बदनामी हो चुकी है, जिस कारण भारत सरकार को राजनयिक स्तर पर स्पष्टीकरण जारी करना पड़ा था कि भारत सभी धर्मों और समुदायों का सम्मान करता है। साथ ही, नूपुर शर्मा को उसके बयान के बाद बीजेपी प्रवक्ता के पद से हटाना पड़ा था। याचिका में यह भी कहा गया है कि इस फ़िल्म के निर्माता अमित जानी का अतीत और वर्तमान दोनों ही भड़काऊ गतिविधियों से भरा हैं।

## उच्चस्तरीय बैठक में सीएम योगी ने दिए निर्देश

# कांवड़ में विघ्न डालने वालों से सख्ती से निपटें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को श्रावण मास के दौरान कांवड़ यात्रा को सुगम और सुचारु बनाए रखने के साथ यात्रा में विघ्न डालने वालों के साथ कड़ाई से पेश आने के निर्देश दिए हैं।

योगी ने सोमवार को एक उच्च स्तरीय बैठक में कांवड़ यात्रा की तैयारियों और व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि यह पवित्र यात्रा पूरी तरह शांतिपूर्ण, सुरक्षित और श्रद्धामय वातावरण में सम्पन्न हो, इसके लिए शासन-प्रशासन पूरी सजगता, संवेदनशीलता और सक्रियता से कार्य करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिका.



■ पवित्र यात्रा पूरी तरह शांतिपूर्ण, सुरक्षित और श्रद्धा में वातावरण में सम्पन्न हो, श्रद्धालुओं की सुरक्षा प्राथमिकता

रियों को निर्देशित किया कि यात्रा मार्गों पर साफ-सफाई, चिकित्सा, पेयजल, भोजनालय, विश्रामालय और शौचालयों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। महिला श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए उन्होंने विशेष निर्देश दिए कि महिला कांवड़ियों की सुरक्षा और सुविधा के पुख्ता इंतजाम हों तथा महिला पुलिस बल की प्रभावी तैनाती की जाए। उन्होने कहा कि संवे. दनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी के माध्यम से 24 घंटे निगरानी की जाए। उन्होंने खुफिया तंत्र को पूरी सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी प्रकार की घुसपैठ या अराजकता की कोशिश को समय रहते रोका जा सके। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कांवड़ यात्रा में विघ्न डालने वालों से सख्ती से निपटा जाए और उनके खिलाफ तत्काल कठोर कार्रवाई की जाए। योगी ने कहा कि यात्रा मार्गों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से जरूरी सूचनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाए और शिव भजनों का प्रसारण सुनिश्चित हो, जिससे श्रद्धालु भावनात्मक और आध्यात्मिक रूप से जुड़ाव महसूस करें। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए प्रमुख अवसरों पर हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा कराने की व्यवस्था करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी प्रमुख स्थलों पर चिकित्सा शि. विर, प्राथमिक उपचार केंद्र और एम्बुलेंस सेवाएं पूरी तरह सक्रिय रहें, ताकि किसी भी आपात स्थिति से तत्काल निपटा जा सके। खाद्य पदार्थों की शुद्धता को लेकर मुख्यमंत्री ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन तथा स्थानीय प्रशासन को निर्देशित किया कि वे खानपान सामग्री की गुणवत्ता और शुद्धता की नियमित जांच सुनिश्चित करें।

### योगी ने दिया प्रदेश के पहले हाईटेक ऑर्थोपेडिक सुपर स्पेशियलिटी सेंटर का तोहफा

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को प्रदेश को पहले हाईटेक ऑर्थोपेडिक सुपर स्पेशियलिटी सेंटर का तोहफा दिया है। यह प्रदेश का पहला सेंटर है, जहां एक छत के नीचे बच्चों से लेकर बुजुर्गों को आर्थोपेडिक से संबंधित रोग का इलाज मिल सकेगा। इस सात मंजिला बिल्डिंग में मरीजों को ऑर्थोप्लास्टी, स्पाइन सर्जरी, स्पोर्ट्स मेडिसिन, पीडियाट्रिक ऑर्थोपेडिक्स, रेडियोलॉजी और पैथोलॉजी जैसी चिकित्सा सेवाओं का लाभ मिलेगा। केजीएमयू की कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने बताया कि किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी अब प्रदेशवासियों की हढी से जुड़ी बीमारियों के इलाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सेंटर का 86 करोड़ रुपए की लागत से विस्तार किया गया है। इस सेंटर में कुल 340 बेड की सुविधा उपलब्ध है, जिसमें आठ अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर भी शामिल हैं।

# मोदी को बांग्लादेश से तोहफे में मिले 1000 किलो हरिभंगा आम

**नई दिल्ली/ढाका।**

■ अंतरिम सरकार के प्रमुख प्रोफेसर यूनुस ने बरकरार रखी मैंगो डिप्लोमेसी, ममता को भी आम गिफ्ट किए

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस ने 'हरिभंगा' किस्म के 1000 किलोग्राम आम भारत भेजे हैं। इन्हें पीएम मोदी, भारत के राजनयिकों और दूसरे अधिकारियों को उपहार में दिए जाएंगे। भारत के साथ रिश्तों को बेहतर बनाने की कोशिश के तहत बांग्लादेश की इस पहल को 'मैंगो डिप्लोमेसी' कहा जा रहा है। इसके तहत अंतरिम सरकार ने न सिर्फ केंद्र सरकार को, बल्कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा को भी हरिभंगा आम भेजे हैं। ये 300 किलोग्राम आम 60 डिब्बों में पैक करके अखौरा लैंड पोर्ट के जरिए भेजे गए। बांग्लादेश में 'हरिभंगा' प्रीमियम आम माना जाता है। इनकी गुणवत्ता बहुत अच्छी मानी जाती हैं। भारत में इसे काफी पसंद किया जाता है। बांग्लादेशी अखबार डेली सन की रिपोर्ट के मुताबिक बांग्लादेश उच्चायोग के एक अधिकारी ने बताया कि ये आम सद्भावना के प्रतीक के तौर पर भेजे गए हैं और सोमवार को नई दिल्ली पहुंचने वाले हैं। बांग्लादेश से भारत में आम भेजने की यह परंपरा नई नहीं है। पहले की सरकारें भी भारत को आम भेजती रही हैं। इस बार यह कदम खास इसलिए माना जा रहा है, क्योंकि पिछले साल छात्रों के नेतृत्व में हुए बड़े प्रदर्शनों के बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से हटना पड़ा था। उनके हटने के बाद भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में थोड़ी दूरी आ गई थी, क्योंकि हसीना भारत की करीबी मानी जाती थीं।

**सेंसेक्स** 82253.16
**निफ्टी** 2582.30

**सोना रु.** 98303
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार

**चांदी रु.** 113867
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लगातार चौथे दिन रही गिरावट



**मुंबई, वार्ता**

मेरिका में ट्रम्प सरकार की व्यापार नीति से फैली अनिश्चितताओं और मांग को लेकर बढ़ती चिंता के बीच स्थानीय शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला लगातार चौथे दिन सोमवार को जारी रहा। खास कर टेक्नोलॉजी और ऑटो कंपनियों के शेयरों में बिकवाली के दबाव से बीएसई30 पिछले बंद के मुकाबले 247. 01 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82253.46 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 भी 67.55 अंक यानी 0.27 प्रतिशत घटकर 2582. 30 अंक पर बंद हुआ। बीएसीई सेंसक्स में एशियन पेंट, टेक महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, एचसीएल टेक, टीसीएस, मारुति, टाटा मोटर, रिलायंस और एचडीएफसी बैंक सहित 20 शेयर गिरावट में बंद हुए। लाभ में रहे प्रमुख शेयरों में इटर्नल, टाइटन, सनफार्मा, आईटीसी, एम एंड एम, टाटा स्टील और अडानी पोर्ट तथा एसबीआई जैसे शेयर शामिल हैं।

### निजी कंपनियों को सीएसआर खर्च बढ़ाने की जरूरत: क्रिसिल

**नई दिल्ली।** खाड़ी देशों, यूरोप और ऑस्ट्रेलिया में कुशल कामगारों की बढ़ती मांग को देखते हुए निजी कंपनियों को कौशल विकास में खर्च बढ़ाने की जरूरत है, ताकि इस अवसर का लाभ उठाया जा सके। बाजार अध्ययन कंपनी क्रिसिल की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2014-15 के अब तक देश की निजी कंपनियों ने कौशल विकास पर 2.22 लाख करोड़ रुपए खर्च किए हैं, जो उनके कुल सीएसआर खर्च का मात्र 3.5 प्रतिशत है। इसमें कहा गया है कि खाड़ी सहयोग परिषद, यूरोप और ऑस्ट्रेलिया के देशों में कुशल कामगारों की काफी कमी है - विशेष रूप से स्वास्थ्य, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा, लॉजिस्टिक्स और निर्माण क्षेत्र में कुशल लोगों की जरूरत है। क्रिसिल की बिजनेस हेड (रिस्क सॉल्यूशन) बिनाइफर जहानी ने कहा कि सीएसआर निवेश को छिटपुट कौशल विकास गतिविधियों से कहीं आगे ले जाने की जरूरत है। सरकार की पहलों के साथ मिलकर सीएसआर में भारत के वैश्विक कार्यबल को तैयार करने की काफी क्षमता है। हमारे विश्लेषण में यह बात सामने आयी है कि इस क्षमता का इस्तेमाल करने के लिए चरणबद्ध तरीके से कौशल की पहचान करने और उन्हें प्राथमिकता देने की जरूरत है। क्रिसिल ने तीन तरह के कौशल विकास लक्ष्यों की पहचान की जरूरत बताई है।

### चांदी ऑल टाइम हाई पर सोना भी 792 महंगा हुआ

**नई दिल्ली।** चांदी की कीमत लगातार दूसरे दिन ऑलटाइम हाई पर पहुंच गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार सोमवार को एक किलो चांदी की कीमत 3,577 रुपए बढ़कर 1,13,867 रुपए पर पहुंच गई है। शुक्रवार को यह 1,10,290 रुपए प्रति किलो पर थी। 24 कैरेट सोने के दाम में भी आज तेजी है। ये 792 रुपए महंगा होकर 98,303 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। शुक्रवार को सोने का दाम 97,511 रुपए प्रति 10 ग्राम था। इससे पहले 18 जून को सोने ने 99,454 का ऑल टाइम हाई बनाया था। देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,030 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,700 रही, वहीं मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,880 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,550 थी। जबकि कोलक. ाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,880 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,550 रही। इसके अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,880 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,550 रही।

# खुदरा मुद्रास्फीति घटकर निचले स्तर पर

**नई दिल्ली, वार्ता**

सब्जियों और दलहनों की कीमतों में भारी गिरावट के कारण जून में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 77 महीने के निचले स्तर 2.10 प्रतिशत पर आ गई। जनवरी 2019 के बाद से जून 2025 में खुदरा मुद्रास्फीति अपने न्यूनतम स्तर पर है।

जून 2024 में खुदरा मुद्रास्फीति 5.08 प्रतिशत और इस साल मई में यह 2.82 प्रतिशत थी। जून में खाद्य मुद्रास्फीति शून्य से 1.06 प्रतिशत नीचे दर्ज की गई। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से सोमवार को जारी खुदरा मूल्य सूचकांक की रिपोर्ट के अनुसार पिछले साल जून की तुलना में इस साल जून में सब्जियों के भाव 19 प्रतिशत नीचे थे। दाल-दलहनों तथा उससे तैयार उत्पादों की कीमतों में भी सालाना आधार पर 11.76 फीसदी की कमी आयी है। इससे समग्र खाद्य वस्तुओं का खुदरा मूल्य स्तर एक साल पहले से 1.06 प्रतिशत घटा है। ताजा आंकड़ों के अनुसार जून में मसालों के भाव में सालाना आधार पर 3.03 प्रतिशत की कमी हुई, जबकि मांस-मछली के खुदरा दाम 1.62 प्रतिशत दर्ज ऊपर थे। अंडा, दूध तथा डेयरी उत्पादों की कीमतों में सालाना आधार पर महंगाई तीन प्रतिशत



से कम रही। अनाजों चीनी तथा कंफेक्शनरी उत्पादों में जून की मुद्रास्फीति चार प्रतिशत से कम रही। इसके विपरीत तेल एवं वसा उत्पाद 17.75 प्रतिशत और फल सालाना आधार पर 12.59 प्रतिशत मंहगे हैं। अन्य उत्पादों में सौंदर्य प्रसाधन 14.76 प्रतिशत महंगे हुए हैं। स्वास्थ्य सेवाओं की महंगाई दर 4.43 प्रतिशत और शिक्षा 4.37 प्रतिशत महंगी हुई है। शहरी क्षेत्रों की तुलना में जून में ग्रामीण क्षेत्रों में महंगाई दर ज्यादा बढ़ी। शहरी क्षेत्र की मुद्रास्फीति 2.56 फीसदी और ग्रामीण क्षेत्र की 1.72 फीसदी रही। अक्टूबर 2024 के बाद लगातार आठवें महीने मुद्रास्फीति घटी है। इसे आने वाले महीनों में रिजर्व बैंक मौद्रिक नीति को और उदार बनाने में आसानी होगी। केंद्रीय बैंक ने अभी अपनी जून की बैठक में रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती की थी। रेपो दर इस समय 5.5 प्रतिशत है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**सोशल मीडिया...** नागरिकों के बीच भाईचारे की भावना बनाए रखने की जरूरत पर भी जोर दिया और कहा कि आज के समय में जब अलगाववादी विचार तेजी से फैल रहे हैं, तो नागरिकों को सोच-समझकर बोलना चाहिए। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि हम अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन इस पर संविधान में पहले से ही युक्तिपूर्ण सीमाएं हैं और लोगों को इन सीमाओं का पालन करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी एक ऐसे मामले की सुनवाई के दौरान दी, जिसमें सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक और उकसाने वाली पोस्ट को लेकर चिंता जताई गई थी। अदालत इस बात पर विचार कर रही है कि क्या आचार संहिता बनाई जा सकती है, जिससे ऑनलाइन अभिव्यक्ति की आजादी और समाज में सौहार्द के बीच संतुलन बना रहे। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ सोशल मीडिया पर एक हिंदू देवी के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप में दर्ज कई एफआईआर से राहत मांगने वाले वजाहत खान की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इससे पहले कोर्ट ने 23 जून को वजाहत खान को गिरफ्तारी से अंतरिम राहत दी थी, जिसे अब 14 जुलाई से आगे बढ़ा दिया गया है। वजाहत खान का कहना है कि उनके पुराने ट्वीट्स के कारण उनके खिलाफ असम, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और हरियाणा जैसे राज्यों में केस दर्ज किए गए हैं। उन्होंने ये भी बताया कि उन्होंने पहले खुद एक सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर शर्मिष्ठा पनौली के खिलाफ सांप्रदायिक टिप्पणी को लेकर शिकायत दर्ज करवाई थी। जवाब में उनके खिलाफ ही कई एफआईआर दर्ज कर दी गईं। कोर्ट ने वजाहत खान को गिरफ्तारी से मिली अंतर्. रम राहत अगली सुनवाई तक बढ़ा दी है। साथ ही, वकीलों से इस बड़े मुद्दे पर मदद मांगी है कि नागरिकों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कैसे आत्मनियंत्रण और जिम्मेदारी के साथ उपयोग में लाया जाए।

**तलाक मामले में...** तलाक की अर्जी दी थी। कोर्ट ने कॉल रिकॉर्डिंग को सबूत के तौर पर मान लिया। पत्नी ने इस फैसले को पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में चुनौती दी। हाईकोर्ट ने इसे निजता का उल्लंघन बताया और कहा कि इस रिकॉर्डिंग को सबूत नहीं माना जा सकता। हाईकोर्ट ने आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट और अन्य फैसलों का हवाला देते हुए कहा था कि पति-पत्नी की निजी बातचीत को चोरी-छिपे रिकॉर्ड करना कानूनन गलत है। हमेशा पति-पत्नी के मामले में गवाह नहीं होता पति के वकील ने कहा कि निजता का अधिकार सीमित हैं और उसे अन्य संवैधानिक अधिकारों के साथ संतु. लित करना चाहिए। वैवाहिक विवादों में कई बार ऐसे मामले होते हैं, जो केवल पति-पत्नी के बीच घटते हैं और कोई गवाह नहीं होता। ऐसे में तकनीक की मदद से जुटाए गए सबूत जरूरी हो जाते हैं।

# बिहार में मताधिकार छीनने की साजिश कामयाब नहीं होने देंगे : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सोमवार को कहा कि बिहार में भारतीय जनता पार्टी चुनाव आयोग के साथ मिलकर जनता के मताधिकार छीनने साजिश कर रही है, लेकिन इसे कामयाब नहीं होने दिया जाएगा और बिहार की जनता इसका करारा जवाब देगी। कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने आज यहां कहा कि बिहार के आठ करोड़ मतदाताओं पर भाजपा की थोपी 'वोटबंदी' की मार, लो. कतंत्र पर 'तालाबंदी' के साथ ही घर-घर से 'अवैध वसूली' का जरिया है। मतदाता पुनरीक्षण की आड़ में चल रहा ये फर्जीवाड़ा, मताधिकार छीनने की साजिश और उगाही का धंधा बन गया है। उन्होंने कहा कि घर-घर वोटरों की जांच से लेकर दस्तावेजों की जानकारी तक और फार्म पहुंच. ाने से लेकर जमा दिखाए जा रहे भरे हुए फार्म की रिसीविंग तक सब फर्जी है। भाजपा के डबल इंजन में वोट देने का संवैधानिक अधिकार भी नीलाम हो रहा है लोगों के मताधिकार को भी उगाही के बदले बेचा जा रहा है। सुरजेवाला ने चुनाव आयोग को कठपुतली करार देते हुए कहा कि भाजपा की कठपुतली बने चुनाव आयोग के 14 दिन में ही बिहार के 80 प्रतिशत मतदाताओं यानी छह करोड़ से अधिक लोगों के घर तक फार्म पहुंचाने और भरे हुए फॉर्म जमा करा लेने के सारे दावे 'कागज़ी' हैं।

### गांधी के प्रपौत्र का अपमान भाजपा को महंगा पड़ेगा: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सोमवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस अब गांधीवादी विचारों की हत्या पर उतर आए हैं और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति के समक्ष सर झुकाने वाले भाजपा-आरएसएस ने बापू के प्रपौत्र का अपमान भी कर दिया है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने आज यहां एक बयान में कहा कि आरएसएस के इशारे पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार अब महात्मा गांधी के प्रपौत्र तुषार गांधी के अपमान पर उतर आई है। नीलहे किसानों के शोषण और दमन के खिलाफ़ गांधीजी के संघर्ष ने जिस चंपारण का नाम दुनिया के नक्शे पर ला दिया, उसी धरती पर तुषार गांधी को सामुदायिक भवन से निकाल दिया गया। उन्होंने कहा कि महात्मा की मूर्ति के सामने सिर झुकाने का ढोंग करने वाली भाजपा तथा जनता दल (यूनाइटेड) नेताओं को गांधीवादियों की बैठक तक मंजूर नहीं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना

# सावन के प्रथम सोमवार को किया शिव का जलाभिषेक

## चाकीखेड़ा स्थित शिव मंदिर पर देखने को मिली भारी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर व देहात में स्थित शिवालयों में सावन के पहले सोमवार को भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से शिवालय बम भोले के जयकारों से गूंजते रहे। चाकीखेड़ा स्थित प्राचीन शिव मंदिर में जलाभिषेक के लिए तड़के से ही भक्तों की लाइन लग गई। कांवड़ियों सहित स्थानीय श्रद्धालुओं ने इस मंदिर में पूजा अर्चना की। सुरक्षा के द्रष्टिगत मंदि. रों पर पुलिस की ड्यूटी रही।

**आस्था**

**बम भोले के जयकारों से गूंजे शिव मंदिर**

चाकीखेड़ा स्थित प्राचीन शिव मंदिर में भोर में महंत लवकुश गिरि ने गंगाजल, दूध, नारियल, बेल, शहद पंचामृत से विधि विधान से भगवान शिव का जलाभिषेक किया। जिसके बाद भक्तों ने पूजा अर्चना प्रारंभ की। पूरा मंदिर परिसर भगवान शिव के जयकारों से गूंज उठा। महंत लवकुश गिरि ने कहा कि श्रावण मास भगवान शिव का प्रिय महीना है, सावन के सोमवार को भगवान शिव का जलाभिषेक करने से विशेष लाभ प्राप्त होता है। यहां के अलावा ग्राम चौबारा में स्थित प्राचीन शिव मंदिर में भी भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। यहां के अलावा नगर के इंदिरा चौक स्थित श्री गंगा प्याऊ शिव मंदिर, अतरपुरा स्थित शिव मंदिर, बस्ती स्थित शिव मंदिर, बुधबाजार स्थित शिव मंदिर, नाईपुरा में स्थित शिव मंदिर में भी भक्तों ने विधि विधान के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक किया। सुरक्षा के द्रष्टिगत मंदिरों पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात रहा। सीओ अंजलि कटारिया व प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने भी प्रमुख मंदिरों का भ्रमण करके सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। नगर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित मंदिरों पर भी भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली।



गजरौला। चाकीखेड़ा स्थित प्राचीन शिव मंदिर में जलाभिषेक को लगी भक्तों की कतार।

# हिस्ट्रीशीटर ने मकान मालिक को दी हत्या की धमकी

## चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** मकान खाली करने का दबाव बनाने पर हिस्ट्रीशीटर ने मालिक को जान से मारने की धमकी दी। चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव असगरीपुर का है। यहां पर रऊफ का परिवार रहता है। उनकी पत्नी शहनाज का आरोप है कि बीती 6 जून को उन्होंने गांव की रहने वाली लबीना से 1.60 लाख रुपये में एक मकान खरीदा था। जिसमें लबीना का सामान रखा हुआ है। लिहाजा, मकान को खाली करने के लिए सात दिन की मोहलत मांगी थी। वक्त गुजरने के बाद शहनाज ने लबीना व उसके पति को कब्जा देने के लिए कहा तो उन्होंने धमकी देते हुए मकान खाली करने से इनकार कर दिया। 13 जुलाई की दोपहर शहनाज अपने पति रऊफ के साथ घर पर मौजूद थी। तभी गांव का ही रहने वाला एक हिस्ट्रीशीटर उनके घर के बाहर आया और गाली-गलौज करने लगा। मकान खाली कराने पर जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि मामले में लबीना और उसके पति के अलावा जुग्गन उर्फ विनीता तथा राशिद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है

# सावन के पहले सोमवार को मन्दिरों में उमड़ी भीड़



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** सावन के पहले सोमवार को मंदिरों में जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ पड़ी। मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा पूजा अर्चना की गई। सावन के पहले सोमवार को शिव भक्त कांवडियों द्वारा हरिद्वार एवं ब्रजघाट से गंगाजल लाने के बाद मंदिरों पर जलाभिषेक किया गया। शहर के झारखंड महादेव शिवाला मंदिर पर जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारे लगनी शुरू हो गई। नगर के अलावा रहरा गंगेश्वरी आदमपुर उझारी सैदनगली फूलपुर मनौटा करनपुर पतेई भूड़ डोमखेड़ा शेखु पुर झकड़ी चकोरी आदि गांवों में भी श्रद्धालुओं द्वारा जलाभिषेक किया गया। मंदिरों पर जलाभिषेक करने के लिए सुबह तड़के से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगनी शुरू हो गई थी। सुरक्षा के मद्देनजर मंदिरों पर पुलिस बल को तैनात किया गया था।

# आस्था के साथ किया भोलेनाथ का जलाभिषेक

## सावन के पहले सोमवार को उमड़ी भीड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** सावन के पहले सोमवार को भोले के भक्तों ने पूरी आस्था व श्रद्धा के साथ शिवालयों में जल चढ़ाया। वह नाचते गाते परिवार के साथ मंदिर पहुंचे। व्रत रखकर भगवान शंकर से परिवार की खुशहाली की कामना की। अधिकांश मंदिरों में भजन कीर्तन होता रहा।

सावन के पहले सोमवार को लेकर भक्तों में उत्साह साफ देखा गया। दिन निकलते ही वह साफ सफाई में जुट गये। स्नान कर खुद को पवित्र करने के बाद भक्त शिवालयों की और जलाभिषेक के लिये निकल पड़े। उन्होंने पूरी आस्था के साथ बम भोले के जयकारों के बीच जल चढ़ाया। नगर के प्रसिद्ध वासुदेव तीर्थ पर भक्तों की भीड़ देखी गई। मान्यता है कि जो भी श्रद्धालु सावन के सोमवार को भगवान शंकर व माता पार्वती की सच्चे मन से आराधना करता है उसका हर मुराद पूरी होती है। यही कारण है कि पहले सोमवार को भक्तों ने उपवास रखे तथा भोलेनाथ व माता से प्रार्थना की। नगर के अधिकांश मंदिरों में भजन कीर्तन होता रहा। महिलाओं ने धार्मिक भजनों पर भोले तथा माता का गुणगान कर चरणों में शीश झुकाया।

**एक नजर**

## दुर्घटना में घायल अधेड़ ने दम तोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** पांच महीने पहले अज्ञात वाहन की टक्कर में गंभीर रूप से घायल हुए अधेड़ की घर पर मौत हो गई। अधेड़ की मौत से परिजनों में कोर मचा है। कोतवाली क्षेत्र के गांव दीपपुर निवासी डालचंद पुत्र झंडू 50 वर्षीय की घर पर उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। पांच माह पूर्व मृतक नगर से बाइक पर सवार होकर अपने घर जा रहे थे। दुर्घटना शिव तेरस से एक दिन पहले शाम के समय हुई थी। जब डालचंद अपनी बाइक से डाक बंगले के निकट पहुंचे तो उन्हें एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। परिजनों के द्वारा तुरंत मेरठ में भर्ती कराया गया था। दो माह पहले ही उन्हें अस्पताल से घर भेज दिया गया था। जहां वे लगातार स्वास्थ्य लाभ ले रहे थे। लेकिन सोमवार को अचानक उनकी सांसें थम गईं। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। और मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

## बीच सड़क पर आपस में भिड़े दो सांड



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** दो सांडों की आपस में लड़ाई का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसने कांवड़ यात्रा के दौरान एक नए खतरे को उजागर किया है। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब कांवड़िए इस मार्ग से गुजर रहे हैं। जिससे उनकी सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा हो गई हैं। वायरल वीडियो में सांडों को सड़क पर भिड़ते हुए देखा जा सकता है। जिससे वहां से गुजर रहे लोगों और वाहनों को काफी परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रहरा में आवारा पशुओं का आतंक लगातार बढ़ रहा है और ये अक्सर सड़कों पर घूमते या लड़ते हुए देखे जाते हैं। इससे पहले भी कई बार ये आवारा पशु दुर्घटनाओं का कारण बन चुके हैं। कांवड़ यात्रा के दौरान इस तरह की घटनाएं बेहद खतरनाक साबित हो सकती हैं। सांडों की अचानक लड़ाई या सड़क पर उनके आने से कांवड़ियों को चोट लग सकती है या भगदड़ मच सकती है। स्थानीय प्रशासन से मांग की जा रही है कि वह जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करे। और आवारा पशुओं को सड़कों से हटाकर सुरक्षित स्थान पर भेजें। ताकि कांवड़ यात्रियों सहित आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# डीसीएम में भरा करोड़ों का कपड़ा पकड़ा

## सेल्सटैक्स विभाग ने की कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता नौगांवा सादात।** दो डीसीएम में भरा करोड़ो रूपये का जैकेट का कपड़ा सेल्स टैक्स विभाग ने पकड़ लिया। माल को पुलिस के हवाले कर दिया गया है। चर्चा है कि उक्त माल एक बड़े व्यापारी का है तथा जीएसटी चोरी से इसे यहां लाया गया था।

बस्ती में बड़े स्तर पर जैकेट बनाने का कारोबार है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में मिलाकर करीब 150 से अधिक इकाईयां संचालित हैं। सीजन में करोड़ों रुपये की जैकेट देश के अलग-अलग शहरों में सप्लाई होती है। ऑर्डर पूरा करने की तैयारियां कारखाना स्वामी गर्मी से ही शुरू कर देते हैं। वहीं, कारोबार में वर्चस्व को लेकर कारोबारियों के बीच आपसी कलह भी सामने आती रहती है। इसी कड़ी में रविवार रात करीब साढ़े नौ बजे मुखबिर की सूचना पर पीछा करते हुए बस्ती पहुंची सेल्स टैक्स विभाग की दो गाड़ियों में सवार टीम ने बीलना पुल पर दो डीसीएम को घेर लिया। घिरने पर दोनों के चालक व परिचालक डीसीएम से कूदकर फरार हो गए। तलाशी में डीसीएम में भारी मात्रा में जैकेट बनाने में इस्तेमाल होने वाला कपड़ा भरा मिला। लिहाजा, कर अफसरों ने दोनों डीसीएम को थाने ले जाकर पुलिस की सुपुर्दगी में दे दिया। कार्रवाई का नेतृत्व सेल्स टैक्स विभाग के असिस्टेंट कमिश्नर एसपी तिवारी ने किया। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि देर रात दोनों डीसीएम को सुपुर्दगी में देकर टीम लौट गई थी। इसके बाद अभी तक किसी ने कोई संपर्क नहीं किया है। वहीं, चर्चा है कि कपड़ा स्थानीय एक जैकेट कारोबारी का है। जिसकी कीमत एक करोड़ रुपये के आसपास बताई जा रही है।

# टोल प्लाजा पर कर्मियों की दादागिरि

## कार सवार दोस्तों को दौड़ा दौड़ाकर पीटा, आधा दर्जन पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** टोल कर्मियों ने वीडियो बनाने पर कार सवार युवकों को दौड़ा दौड़ाकर पीटा। जिसमें एक युवक के कंधे की हड्डी फैक्चर हो गयी। आधा दर्जन से अधिक कर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। जबकि घायलों का इलाज निजी चिकित्सक से कराकर घर भेज दिया गया।



मुरादाबाद शहर के गलशहीद थाना क्षेत्र के मोहल्ला काला प्यादा संभली गेट के रहने वाले अब्दुल समद रविवार को अपने भाई मोहम्मद जैद और दोस्त जकी व मुजम्मिल के साथ दिल्ली से घर लौट रहे थे। उनकी कार जब जोया टोल प्लाजा से गुजर रही थी तो रिचार्ज खत्म होने के कारण फास्टैग के पैसे नहीं कटे। लिहाजा, बैरियर से अब्दुल समद ने कार को पीछे लेकर फास्टैग का ऑनलाइन रिचार्ज कर लिया। रिचार्ज करने के करीब दस मिनट बाद जब वह फिर से अपनी कार लेकर फिर बूथ के करीब पहुंचे तो किसी कारण से फिर फास्टैग स्कैन नहीं हुआ। आखिर में अब्दुल समद ने नकद पैसे देकर कार निकालने के लिए कहा तो टोल कर्मी ने बेवजह उनके साथ बहस शुरू कर दी। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में शुरू हुई कहासुनी बढ़ती चली गई। जिद बहस बढ़ने पर कार में बैठे अब्दुल समद का भाई मोहम्मद जैद ने अपने मोबाइल में वीडियो बनाने लगा। टोल कर्मी ने जिसका विरोध किया तो तभी 10 से 15 टोल कर्मी वहां आकर गाली-गलौज करने लगे। इतना ही नहीं विरोध करने पर अब्दुल समद, मोहम्मद जैद, जकी और मुजम्मिल को कार से बाहर खींचते हुए हमला कर दिया। हमले में अब्दुल समद के कंधे की हड्डी टूट गई जबकि मोहम्मद जैद, जकी और मुजम्मिल भी घायल हो गए। आरोप है कि हमला जान से मारने की नीयत से किया गया। थानाध्यक्ष कोमल तोमर ने बताया कि मामले में 10 से 15 अज्ञात टोल कर्मियों के खिलाफ हत्या के प्रयास व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटना के संबंध में पीड़ित ने एक वीडियो भी दिया है। इसके अलावा टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी खंगाली जा रही है। पहचान करने के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा। गौरतलब है कि जोया टोल प्लाजा पर मारपीट का ये कोई नया मामला नहीं है, इससे पूर्व भी कार सवार लोगों के साथ घटनाएं हो चुकी हैं।

# ट्रेन की चपेट में आकर छात्र की मौत

## जीआरपी ने शव पीएम को भेजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** ट्रेन की चपेट में आकर छात्र की मौत हो गयी। घटना से घर में को. हराम मच गया। मृतक बीते दिन से लापता था। जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



जानकारी के मुताबिक रविवार सुबह करीब 10:30 बजे ओवरब्रिज से करीब 100 मीटर दूर अप लाइन पर रन थ्रू ट्रेन की चपेट में आने से एक किशोर की मौत हो गई थी। मृतक की पहचान नहीं होने पर जीआरपी ने शव मोर्चरी भेज दिया था। मृतक का फोटो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ था। जिनके आधार पर सोमवार सुबह मृतक की पहचान शहर के मोहल्ला सद्दो निवासी पेशे से ड्राइवर मोहम्मद वसीम के 16 वर्षीय बेटे अब्दुल हन्नान के रूप में हुई। एकेके इंटर कॉलेज में कक्षा नौ का छात्र अब्दुल हन्नान रविवार सुबह अचानक घर से लापता हो गया था। परिजन तभी से उसे तलाश कर रहे थे। शहर के सभी व्हाट्ऐप ग्रुप में फोटो के साथ उसकी गुमशुदगी का मैसेज शेयर किया गया था। तलाश के बीच देर शाम परिजनों को सूचना मिली कि रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से कटकर एक किशोर की मौत हुई है जिसका हुलिया हुबहू अब्दुल हन्नान जैसा है। रन थ्रू ट्रेन की चपेट में आने के कारण शरीर बुरी तरह क्षत-विक्षत हो चुका था हालांकि कपड़ों के आधार पर शव अब्दुल हन्नान निकला। जीआरपी चौकी प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि पोस्टर्माटम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। मृतक अब्दुल हन्नान परिवार के इकलौता बेटा था। मोहम्मद वसीम के परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटियां हैं। अब्दुल हन्नान वहां कैसे व क्यों पहुंचा, इसे लेकर परिजन भी परेशान हैं। वहीं, इकलौते बेटे की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है।

# जीएसटी टीम को व्यापारियों ने घेरा

## व्यापारी से दस लाख रुपये मांग रही थी टीम



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** जीएसटी अधिकारियों व व्यापारियों के बीच हुई धक्का-मुक्की का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। दुकान पहुं. चने पर व्यापारियों और अधिकारियों के बीच तीखी बहस और झड़प हो गई। सूचना मिलने पर उद्योग व्यापार मंडल और व्यापारी सुरक्षा फोरम के पदाधिकारी भी मौके पर पहुंच गये।

व्यापारी सुरक्षा फोरम के प्रदेश महामंत्री मुक. ेश गुप्ता ने बताया कि जीएसटी अधिकारियों ने दुकानदारों द्वारा आईडी कार्ड मांगे जाने पर उन्हें दिखाने से इंकार कर दिया। उनका कहना था कि अधिकारियों ने कथित तौर पर व्यापारियों से 10 लाख रुपये की मांग की और पैसे न देने पर उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत फंसाने की धमकी भी दी। घटना की गंभीरता को देखते हुए, तत्काल 112 डायल कर पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। पुलिस अधिकारियों ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामले को शांत कर कराया।फिलहाल इस मामले में कोई कानूनी कार्यवाही नहीं की गई है। यह घटना हसनपुर के व्यापारियों के बीच आक्रोश का विषय बन गई है। जो जीएसटी अधिकारियों के इस तरह के व्यवहार की निंदा कर रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि व कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करने के लिए तैयार हैं। लेकिन अधिकारियों द्वारा धमकी और अवैध वसूली की कोशिशें बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इस घटना ने व्यापारियों की सुरक्षा और जीएसटी अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिये हैं।

# हाइवे पर कार की टक्कर से मजदूर की मौत

## सड़क किनारे कर रहा था वाहन का इतंजार

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** हाइवे पर वाहन का इंतेजार कर रहे मजदूर को कार ने टक्कर मार दी। जिससे मजदूर उछलकर दूर जा रहा। सीएचसी में उसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

कस्बा डिडौली निवासी 42 वर्षीय नौबहार पेशे से मजदूर था। परिवार में पत्नी शशि के अलावा दो बेटे और दो बेटियां हैं। परिजनों के मुताबिक सोमवार दोपहर नौबहार को किसी काम से जोया जाना था। दोपहर करीब 12:30 बजे वह हाईवे पार कर मुरादाबाद से दिल्ली लेन पर सवारी का इंतजार कर रहा था। उसी दौरान गजरौला की तरफ से आ रही उत्तराखंड नंबर की कार ने टक्कर मार दी। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि नौबहार हवा में उछलकर दूर जाकर गिरा। वहीं, हादसा अंजाम देने वाला आरोपी चालक कार लेकर मौके से भाग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से नौबहार को जोया सीएचसी में भर्ती कराया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि मामले में उत्तराखंड नंबर की कार के अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली जा रही हैं।आरोपी चालक को जल्द ही गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

# गैंगस्टर में दो लोगों को चार-चार साल की सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में अदालत ने दो लोगों को चार-चार साल जेल की सजा सुनाई। दोषियों पर 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। साल 2009 में सैदनगली थाने के तत्कालीन थानाध्यक्ष ने संभल जिले के असमोली थाना क्षेत्र के गांव मनौटा के रहने वाले नन्हे व सोनू के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। बाद में आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। इस मुकदमे में फिलहाल दोनों जमानत पर चल रहे। स्थानीय एक अदालत में विच. ाराधीन इस मुकदमे में सोमवार को आखिरी सुनवाई की गई। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर अदालत ने नन्हे व सोनू को दोषी करार दिया। चार-चार साल जेल की सजा सुनाई तथा दस-दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया

# संविधान की धज्जियां उड़ा रही योगी सरकार

## कांग्रेसियों पर दर्ज मुकदमें वापस लिए जाए

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय समेत 10 पार्टी कार्यर्ताओं पर प्रयागराज में दर्ज मुक. दमें वापस लेने की मांग की। उन्होंने योगी सरकार पर आरोप लगाया कि भाजपा अपने खिलाफ उठने वाली हर आवाज को डंडे के जोर पर दबाने का प्रयास कर रही है।

जिलाध्यक्ष ओमकार कटरिया के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता कलक्ट्रेट पहुंचे तथा राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। उनका कहना था कि पीएम नरेन्द्र मोदी के सांसदीय क्षेत्र में जर्जर सड़क को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय समेत दस कार्यकर्ताओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। यह सभी कांवड़ियों के जर्जर मार्ग को सही कराने की मांग कर रहे थे। उन्होंने कहा कि योगी सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। अपने खिलाफ उठने वाली हर आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है। जिसे किसी भी हाल में सहन नहीं किया जायेगा। ज्ञापन सौंपने वालो में चौ. सुखराज सिंह, फैज आलम राईनी, खुर्शीद अनवर, राजकुमार अरूण, शाहिद सि्दीकी, मेराजुल जफर, मनोज, नाजिम अली शामिल थे।



# हाइवे पर भिड़ी फॉर्च्यूनर व अर्टिगा, एक की मौत

## दोनों कारों में सवार आधा दर्जन घायल, कारोबारी गंभीर हालत में रैफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर रविवार रात डिडौली क्षेत्र में फॉर्च्यूनर और अर्टिगा कार की जबरदस्त भिड़ंत में एक युवक को मौत हो गई जबकि दोनों कारों में सवार छह लोग गंभीर घायल हो गए। हादसा कांवड़ यात्रा के चलते लागू रूट डायवर्जन में ट्रैफिक के लिए आरक्षित लेन पर हुआ। रफ्तार तेज होने के कारण टक्कर इतनी भीषण थी दोनों कारों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने घायलों को पाकबड़ा के निजी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। वहीं, हादसे के बाद दोनों कारों के सड़क के बीचोबीच खड़े होने के कारण मुरादाबाद-दिल्ली लेन पर जाम के हालात बन गए। क्रेन से दोनों कारों को हटवाकर पुलिस ने यातायात सुचारु कराया। फॉर्च्यूनर में सवार गाजियाबाद के कारोबारी को परिजन बेहतर उपचार के लिए दिल्ली ले गए हैं।

रविवार रात करीब साढ़े नौ बजे हादसा श्योनली की ज्यारत के पास हुआ। कांवड़ यात्रा के कारण रूट डायवर्जन के चलते हाईवे की दिल्ली से मुरादाबाद लेन को कांवड़ियों के लिए पूरी तरह से आरक्षित रखा गया था जबकि वन-वे ट्रैफिक प्लान के तहत मुरादाबाद-दिल्ली लेन पर दोनों तरफ



का ट्रैफिक गुजारा जा रहा था। पुलिस के मुताबिक उसी दौरान दिल्ली की तरफ से रही अर्टिगा और मुरादाबाद की तरफ से जा रही फॉर्च्यूनर में जबरदस्त टक्कर हो गई। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि दोनों कारों का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में फॉर्च्यूनर में सवार गाजियाबाद की गांधी नगर कॉलोनी निवासी कारोबारी दुर्गेश, उनका चालक सुशील (मधुबनी बिहार) तथा तरुण के अलावा अर्टिगा में सवार 29 वर्षीय रमन निवासी कस्बा डिडौली के अलावा विकास व आकाश निवासी गांव अटोरगढ़ी थाना हजरतनगर गढ़ी जिला संभल गंभीर घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों को भीड़ जमा हो गई। कांवड़ियों की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था में मुस्तैद पुलिस मौके पर पहुंच गई। दोनों कार में फंसे घायलों को बाहर निकाल कर उन्हें पाकबड़ा के निजी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि घायल फॉर्च्यूनर मालिक दुर्गेश को परिजन बेहतर उपचार के लिए दिल्ली ले गए हैं, जबकि अर्टिका में सवार रमन की मुरादाबाद के अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई है। हादसे के बाद दोनों कारों के सड़क के बीचोबीच खड़े होने के कारण थोड़ी देर के लिए हाईवे की जाम की स्थिति बनी थी। क्रेन मंगाकर दोनों वाहनों को सड़क किनारे कराया गया। मामले में तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, मृतक रमन के परिवार में पत्नी के निर्कता के अलावा एक बेटी है। करीब चार साल पहले उसकी शादी हुई थी। जवान बेटे की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है।

# अलका व अंजू के नृत्य पर सभी हुए मंत्रमुग्ध

## संजना माहेश्वरी बनी तीज क्वीन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सावन के गीतों पर अलका व अंजू ने मनमोहक प्रस्तुति देकर पहला स्थान हासिल किया। जबकि संजना माहेश्वरी को तीज क्वीन चुना गया।

नगर के एक होटल में इनर व्हील क्लब द्वारा तीज महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई गयी। सावन के गीतों पर नृत्य प्रतियोगिता में अलका व अंजू ने बाजी मारी। शिवानी व निधि दूसरे स्थान पर रही। साड़ी स्मार्ट लुक में पारू माहेश्वरी ने पहला स्थान प्राप्त किया। प्रीति लोचन को दूसरा स्थान मिला। संजना माहेश्वरी को तीज क्वीन चुना गया। कार्यक्रम में तंबोला, सरप्राइज गेम भी हुए। क्लब की अध्यक्ष शिल्पा गेरा ने नये सदस्यों को पिन लगाकर सरगम परिवार



में उनका स्वागत किया। इस मौके पर शालिनी कपूर, कंचन गुप्ता, कंचन टंडन, मनीषा टंडन, निधि जिंदल, रितु अग्रवाल, सनी सलूजा, पलक कौर, शिवानी गोयल, वीनू राघव, अंकिता कालरा, भारती पिपलानी, आदि मौजूद रहीं। शुभारंभ अध्यक्ष शिल्पा गेरा ने दीप जलाकर किया।

# तहसील में लेखपाल संघ का जोरदार प्रदर्शन

## लेखपाल की मौत पर फूटा गुस्सा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** जनपद हापुड़ में लेखपाल सुभाष मीणा की दिल दहला देने वाली आत्महत्या से उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ में जबरदस्त आक्रोश है। तहसील में सोमवार को लेखपालों ने कामकाज ठप कर विरोध प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित चार सूत्रीय मांगों वाला ज्ञापन तहसीलदार मूसाराम थारू को सौंपा।

लेखपालो का आरोप था कि जनपद हापुड़ में अधिकारियों द्वारा लेखपाल सुभाष मीणा के प्रति किए गए कथित अपमानजनक व्यवहार, बेबुनियाद जांच और निलंबन की धमकी से आहत होकर उन्होंने आत्महत्या कर ली। यह घटना पूरे



प्रदेश के लेखपालों के आत्मसम्मान पर हमला है। संघ के अध्यक्ष विकास यादव बोले आज अधिकारी पद की गरिमा की आड़ में कर्मचारियों का मानसिक शोषण कर रहे हैं। हमारे साथी की जान चली गई, लेकिन जिम्मेदारों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब लेखपाल चुप नहीं बैठेंगे। यदि शासन इस मामले को गंभीरता से नहीं लेता, तो पूरे प्रदेश में आंदोलन छेड़ा जाएगा।मृतक लेखपाल के आश्रितों को आर्थिक सहायता दी जाए। योग्यता अनुसार परिजनों को सरकारी नौकरी में तत्काल नियुक्त किया जाए। घटना की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो। सभी अधिकारियों को मानवीय एवं सम्मानजनक व्यवहार का पालन करने का निर्देश जारी हो। संघ ने कहा की बैठकों, तहसील दिवसों व निरीक्षणों के दौरान लेखपालों को खुलेआम अपमानित करने और दंडित करने की प्रवृत्ति बढ़ रही है, जिससे कर्मचारियों में मानसिक तनाव, पारिवारिक अवसाद व नौकरी छोड़ने का डर बढ़ गया है। इस दौरान अनुज सैनी, विमल शर्मा, विशाल सागर, अमित वर्मा, मुजम्मिल खान, आदर्श मंगट, योगेश आदि मौजूद रहे।

# कम्प्यूटर संचालक ने युवती से किया दुष्कर्म

## शादी का झांसा देकर बनाए संबंध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कंप्यूटर सेंटर संचालक के खिलाफ 22 वर्षीय युवती से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का गंभीर आरोप लगा है। पुलिस ने आरोपी संचालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

नगर के मोहल्ले में एक युवती फारूख के कंप्यूटर सेंटर पर कोचिंग लेने आती थी। आरोप है कि इसी दौरान फारूख ने युवती को शादी का झांसा दिया और उसके साथ 3 वर्ष तक दुष्कर्म करता रहा। युवती को जब फारूख की नीयत पर शक हुआ और उसने शादी के लिए दबाव बनाया तो फारूख ने टालमटोल शुरू कर दी। इसके बाद युवती ने हिम्मत करके पूरी घटना अपने परिजनों को बताई। परिजनों के साथ युवती ने तत्काल पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर कंप्यूटर सेंटर संचालक फारूख के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की आगे की जांच शुरू कर दी है।

# जोया रोड पर बिखरेगी हरियाली की छटा



## डीएम ने कनेर का पेड़ लगाकर किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** डीएम निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण को रोकने का उपाय पौधारोपण है। हम सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाकर इसमें सहयोग करना चाहिये।

जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कलक्ट्रेट पार्क के आगे कनेर का पेड़ लगाकर जोया रोड पर वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि वृक्षों के बिना मानव जीवन का कोई अस्तित्व नहीं है। हमें बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिये हरियाली पर ध्यान देना होगा। इसका एकमात्र उपाय अधिक से अधिक पौधे लगाना है। उन्होंने लोगों का आह्वान करते कहा कि वह पौधे लगाकर इनकी देखभाल भी करें। चेमरमैन शशि जैन ने कहा कि आज तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। बैमौसम बारिश हो रही है। जबकि सर्दी में भी गर्मी का अहसास होता है। ग्लोबल वार्मिंग का असर साफ देखा जा रहा है। ईओ डा. ब्रजेश कुमार ने बताया कि इस मार्ग पर दोनों और 1300 से अधिक लाल व पीले कनेर के पौधे लगाये जायेंगे। जिससे दूर-दूर तक सुंदरता की छटा बिखेगी। बाहर से आने वाले लोगों को भी हरियाली का अहसास होगा। उन्होंने बताया कि इन पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी नगर पालिका द्वारा निभाई जायेगी।

## जेएस कालेज में प्लेसमेंट कार्यक्रम आयोजित




**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** जेएस हिन्दू पीजी कालेज में बीसीए विभाग की ओर से प्लेसमेंट और इंटर्नशिप ड्राइव का आयोजन किया गया। एक्सट्रामार्क प्राइवेट कम्पनी के एजीएम चिराग शर्मा ने छात्र छात्रओं के इन्टरव्यू लिये। इस कार्यक्रम में बीबीए, बीसीए व बीकाम के छात्र सम्मलित हुए। प्राचार्य वीर विरेन्द्र नेछात्राओं को बधाई देते उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बीसीए के विभागाध्यक्ष अमित भटनागर ने कहा कि ऐसे आयोजन शिक्षा विभाग के बीच की खाई को पाटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। गौतम अरोड़ा ने संचालन किया। इस अवसर पर डा. हिमांशू शर्मा, डा सईदुल हसन, डा. विकास मोहन, डा. सलमान अख्तर, मंजुला शर्मा, डा. निधि अग्रवाल मौजूद रहीं।

# उच्च शक्ति तार का जर्जर खंबा गिरा, खलबली मची

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने जर्जरावस्था में खड़ा उच्च शक्ति विद्युत लाइन का खंबा सड़क के बीचोबीच गिर गया, गनीमत रही कि करंट की चपेट में कोई नहीं आया। आसपास के दुकानदारों ने तुरंत बिजली विभाग को फोन करके बिजली बंद कराई। सूचना मिलने पर पहुंचे बिजली कर्मचारियों ने दूसरा पोल गड़वाकर व्यवस्था दुरूस्त कराई।

बता दें कि नगर के सीएचसी के सामने खड़ा यह खंबा पिछले काफी समय से जर्जर था, लेकिन बिजली

### सीएचसी के सामने सड़क के बीचोबीच गिरा खंबा

विभाग ने उसे समय से नहीं बदलवाया, सोमवार की सुबह यह जर्जर खंबा अचानक गिर गया। हादसे के समय लाइट भी आ रही थी लेकिन गनीमत रही कि करंट की चपेट में कोई व्यक्ति नहीं आया। वहीं आसपास के दुकानदार भी खंबा गिरने के बाद अपनी दुकानों से पीछे हट गए और तुरंत बिजली विभाग को फोन करके बिजली बंद कराई। सूचना मिलने पर पहुंचे बिजली विभाग



के कर्मचारियों ने दूसरा खंबा गड़वाकर व्यवस्था दुरूस्त कराई। इस दौरान बिजली अधिकारियों ने भी मौके पर पहुंचकर काम का जायजा लिया। कार्य के दौरान आपूर्ति भी बाधित रही।

# बढ़ती जनसंख्या विकास में सबसे बड़ी बाधा

## फाउंडेशन ने की कानून बनाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** देश में लगातार बढ़ती जनसंख्या को राष्ट्रीय आपदा करार देते हुए जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने सोमवार को एसडीएम विभा श्रीवास्तव के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन सौंपा। संगठन ने साफ तौर पर चेताया कि यदि केंद्र और राज्य सरकारें शीघ्र जनसंख्या नियंत्रण कानून नहीं लातीं, तो देश सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय संकटों से पूरी तरह घिर जाएगा। अनिल जैन ने कहा देश की जनसंख्या वृद्धि पर रोक लगना बेहद जरूरी है। संसाधनों की कमी और जनसंख्या विस्फोट के कारण गरीबी, बेरोजगारी, जल संकट, शिक्षा-अभाव और बढ़ती महंगाई जैसी समस्याएं दिन-ब-दिन विकराल होती जा रही हैं। हर सड़क, हर गली में भीड़ ही भीड़ है। यदि अब भी सरकारें नहीं चेतीं, तो जनसंख्या ही विकास को निगल जाएगी। विवेक अग्रवाल ने कहा हम भारत को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना चाहते हैं, लेकिन यह तभी संभव है जब देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून बने। चीन ने दो बच्चों की नीति अपनाई और अब वह वैश्विक महाशक्ति बन गया। हमें भी दृढ़ नीतियों की जरूरत है। जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ने कहाअगर अब भी सख्त कानून नहीं बना, तो आने वाली पीढ़ियों को रोटी, पानी और हवा तक के



लिए संघर्ष करना पड़ेगा। जनसंख्या नियंत्रण का कानून सिर्फ जरूरत नहीं, राष्ट्रीय आपातकालीन समाधान है।ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने सरकार को यह स्पष्ट संकेत दिया है कि यदि जनसंख्या नियंत्रण कानून शीघ्र नहीं लाया गया, तो देशव्यापी जनजागरूकता अभियान और विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे

# पहले सोमवार के बाद रूट डायवर्जन हुआ समाप्त, वाहन दौड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** सावन माह के पहले सोमवार को जलाभिषेक के बाद कांवड़ियों की सुरक्षा के द्रष्टिगत हाइवे पर लागू रूट डायवर्जन हटाया गया। अब दूसरे सोमवार से पहले शुक्रवार को फिर से रूट डायवर्जन लगाया जाएगा। सोमवार को दोपहर बाद रूट डायवर्जन की व्यवस्था समाप्त होने के बाद हाइवे की दोनों लेनों पर बड़े छाटे सभी तरह के वाहनों ने रफ्तार पकड़ी। बता दें कि सावन माह में कांवड़ियों की सुरक्षा के द्रष्टिगत पुलिस प्रशासन द्वारा प्रत्येक शुक्रवार से सोमवार

### अब दूसरे सोमवार के लिये शुक्रवार को होगा डायवर्जन

तक रूट डायवर्जन की व्यवस्था निर्धारित की गई है। इस बार भी शनिवार से हाइवे से होकर गुजरने वाले भारी वाहनों का रूट डायवर्जन करते हुए हाईवे की एक लेन पर छोटे वाहनों को तो वहीं दूसरी लेन पर कांवड़ियों के आवागमन हेतु रिजर्व किया गया था। आज सोमवार को जलाभिषेक के बाद दोपहर बाद रूट डायवर्जन हट गया। अब शुक्रवार को फिर से रूट डायवर्जन की व्यवस्था लागू होगी



जो कि दूसरे सोमवार के बाद फिर से हट जाएगी, इसी तरह तीसरे व चौथे सोमवार और बीच में शिव. रात्रि को लेकर रूट डायवर्जन का प्लॉन अमल में लाया जाएगा। शिवरात्रि पर ब्रजघाट के साथ साथ हरिद्वार से भी शिव भक्त कांवड़ लेकर आते हैं।

# अमरोहा की अजादारी की अलग पहचान



## अंजुमने रजा कराने हुसैनी का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** मोहर्रम के जुलूस का कुशल संचालन करने के लिए अंजुमन रजाकराने हुसैनी की स्वागत व सम्मान समारोह शहर के शफातपोता के शिक्षाविद शहबाज नकवी रस्सन की ओर से किया गया।

शिया इमाम डा. सियादत नकवी की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम हुआ। शहबाज नकवी ने कहा कि मोहर्रम में अमरोहा में जिस शानो शौकत के साथ जुलूस आजा निकलते हैं उसमें अंजुमन रजा कराने हुसैनी के कार्य काबिले ऐतराम हैं। प्रोफेसर सियादत नकवी ने अमरोहा की अजादारी इतिहास पर रोशनी डालते कहा कि यहां की अजादारी पूरी दुनिया में अपनी एक अलग पहचान रखती है। आने वाली नस्ल को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए इस पहचान को बनाये रखना है। इस मौके पर खुर्शीद हैदर जैदी इकबाल खां, शाने मुज्तबा, इमदाद आब्दी ने विचार रखे। जबकि सैयद तकी खां, सैयद जहीर हैदर, डा. जफर रजा, डा. नवाजिश, मुर्तजा अली, शाने मेंहदी, नजीर हैदर, वसीम जैदी कमाल नकवी, कमर रजा आदि मौजूद रहे। संचालन डा. चंदन नकवी ने किया।

# गंगा के जलस्तर में बीस सेमी की कमी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** तिगरी गंगा में सोमवार को जलस्तर में 20 सेमी की कमी मापी गई, अब जलस्तर घटकर 199.90 मीटर गेज पर पहुंच गया है। हालांकि अभी गंगा किनारे खेतों में भरे पानी बाढ़ के पानी की स्थिति ज्यों की त्यों ही है। बाढ़ खंड से प्राप्त आंकड़ो के अनुसार सोमवार को बिजनौर स्थित बैराज से 36231 क्युसेक पानी छोड़ा गया। रविवार को गंगा का जलस्तर 200.10 मीटर पर था, लेकिन सोमवार को इसमें बीस सेमी की कमी मापी गई।

### 199.90 मीटर पर पहुंचा गेज, बैराज से छूटा 36231 क्युसेक पानी

भले ही जलस्तर में कमी हुई हो लेकिन गंगा किनारे गांवो के खेतों में भरे पानी की स्थिति अभी ज्यों की त्यों है, क्योंकि कई दिनों से बाढ़ का पानी भरा है जिसे उतरने में समय लगेगा। वहीं बाढ़ के पानी से फसलों के खराब होने का खतरा भी किसानों के सामने बना हुआ है। बाढ़ खंड विभाग के जेई सुभाष कुमार ने बताया कि सोमवार को बीस सेमी की कमी के बाद गेज 199.90 मी. पर रहा।

## तीन आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** एसपी अमित कुमार आनन्द द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, एएसपी अखिलेश भदौरिया के मार्गदर्शन में एवं सीओ धनौरा अंजली कटारिया के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक गजरौला अखिलेश प्रधान के कुशल नेतृत्व में थाना पुलिस द्वारा तीन आरोपी आशिफ व रियासत निवासीगण ग्राम सलानगला थाना धनौरा व प्रीतम निवासी कांकाठेर थाना गजरौला को धारा 170/126/135 बीएनएसएस में गिरफ्तार कर कोर्ट के सामने प्रस्तुत किया गया।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद अमरोहा (जिला अमरोहा)

क्रमांक: 651/ओ.एस/2025 दिनांक: 14.07.2025

### ई-निविदा सूचना

शायकीय व्यवस्था के अन्तर्गत स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्म को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, अमरोहा 15वां वित्त आयोग/ राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से विभिन्न सड़क आदि निर्माण कार्यो हेतु ऑनलाइन निविदाएं उत्तर प्रदेश के ई प्राक्योरमेंट पोर्टल https://etender.up.nic.in पर आमंत्रित करती है। इच्छुक ठेकेदार अपनी-अपनी निविदाएं नियमानुसार https://etender.up.nic.in पर अपलोड कर सकते हैं। निविदा स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अमरोहा में निहित है।

| | |
|---|---|
| E-bid reference No. | 651/OS/2025 |
| Publish date and time work No. | 16.07.2025 15:00 Hrs |
| Period of Download/submission of E-bids of work | 16.07.2025 15:00 Hrs to 06.08.2025 18:00 Hrs |
| date and time of opening of Technical E-bids of work | 07.08.2025 14:00 Hrs |
| Date and time of opening Financial E-Bids | Will be intimated after Technical Bid Evaluation |
| Place of opening of E-bids | E.O. Office Nagar Palika Parishad Amroha |

ई-निविदि से सम्बन्धित नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न है जोकि वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद अमरोहा

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद अमरोहा

# लेखपाल संघ ने धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

**आतिफ निसार जैनू, शाह टाइम्स**



**सहसवान।** हापुड़ डीएम के दमनात्मक व्यवहार एवं उत्पीड़नात्मक कार्रवाई से तनाव ग्रस्त लेखपाल की हृदय विदारक मृत्यु की घटना में प्रभावी कार्रवाई करने को लेकर उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ द्वारा तहसील कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम सहसवान को सोपा गया ज्ञापन में कहा गया कि हापुड़ में जिलाधिकारी का अधीनस्थ के प्रति अपमानजनक दमनात्मक व्यवहार एवं बिना जांच के ही झूठी शिकायत पर उत्पीड़नात्मक कार्रवाई से तनाव ग्रस्त लेखपाल सुभाष मीना की मृत्यु हो गई इस ह्रदय विदारक घटना से प्रदेश के समस्त लेखपाल आहत हैं आजकल कुछ अधिकारियों में सोशल मीडिया प्रिंट मीडिया एवं जनता के मध्य पब्लिसिटी अपने की इच्छा के कारण बैठक तहसील दिवस समाधान दिवस ग्राम चौपाल के दौरान अधीनस्थ को सार्वजनिक रूप से अपमानित करने एवं दंणडित करने की घटना बढ़ जा रही है जिससे कर्मचारी तनाव डिप्रेशन के मध्य नौकरी कर रहे हैं नौकरी में बढ़ते कार्य के दबाव के साथ अधिकारियों के व्यवहार के कारण जहां कर्मचारी का स्वास्थ्य एवं पारिवारिक जीवन बिगाड़ रहा है वहीं शासकीय कार्य संपादन में भी श्रम के सापेक्ष आउटपुट इच्छा प्राप्त नहीं होती है मुख्य सचिव के निर्देशों का अनुपालन नहीं किया जा रहा है जिनके अनुसार कर्मचारी समस्याओं के संबंध में संगठन पदाधिकारी के साथ प्रतिमाह बैठक किए जाने का प्रवधान है संवाद हीनता नहीं संवेदन हीनता के कारण ऐसी घटनाएं घटित होती हैं हापुड़ की घटना का त्वरित संज्ञान लेते हुए उच्च स्तरीय जांच के निर्देश दिए गए हैं जिससे कर्मचारियों में न्याय की आशा बड़ी है मृतक आश्रित को आर्थिक सहायता प्रदान की जाए मृतक आश्रित को योग्यता अनुसार सरकारी सेवा में नियुक्त तत्काल किया जाए जांच रिपोर्ट शीघ्र प्राप्त कर दोषियों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही की जाए समस्त अधिकारियों को अधीनस्थ के साथ सम्मानजनक व्यवहार करने के निर्देश निर्गत किए गए अधिकारियों को प्रतिमाह कर्मचारी संगठन के पद अधिकारियों के साथ बैठक कर समस्या को सुनने एवं समाधान करने के निर्देश निर्गत किए गए हैं।

हमारी मांगो पर संज्ञान लिया जाये लेखपाल दरी डाल कर अनशन पर बैठे इस मौके पर अध्यक्ष ज्ञानेंद्र कुमार मंत्री सत्यपाल ,कानूनगो चरन सिंह, लेखपाल ठा जीतेन्द्र सिंह,ठा सुमित सिंह, कौशल यादव, आदित्य कुमार,राकेश कुमार, प्रेम सिंह, पुष्पेंद्र सिंह,मनोहर सिंह,मोर सिंह, रामपाल,अंकित सक्सेना, अबधेश कुमार,कुमारी अन्नू, मंगलेश आदि लेखपाल मौजूद रहे।

# प्रभु सेवा, यज्ञ एवं शुभ कर्मों से ही धर्म की रक्षा संभव है: राधेश्याम महाराज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** आदि माता काली शक्ति पीठ, शिव मंदिर प्रांगण में चल रहे पंचकुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के पंचम दिवस पर वातावरण पूर्णत:भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक भावों से ओतप्रोत रहा। संत कुंज आश्रम, सतना (म.प्र.) से पधारे पूज्य श्री श्री 1008 राधेश्याम महाराज जी के सान्निध्य में वेद मंत्रों की दिव्यता से यज्ञशाला गुंजायमान हो उठी। पूज्य आचार्य राधेश्याम शास्त्री जी ने श्रद्धालुओं को सनातन धर्म की महत्ता बताते हुए। कहा कि प्रभु सेवा, यज्ञ एवं शुभ कर्मों से ही धर्म की रक्षा संभव है। मंत्रोच्चार, घृत आहुतियों की सुगंध और जय श्रीराम के घोष से संपूर्ण परिसर भक्तिरस में डूब गया।ढसैकड़ों श्रद्धालुओं ने यज्ञपुरुष की परिक्रमा कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। प्रमुख यजमान वीरेंद्र बाबूजी, अमित अग्रवाल, हरपाल, रजनीश पाठक, गजेंद्र यादव जिला पंचायत सदस्य, महेंद्र प्रताप जि.प.स.मनोज यादव, मुकेश शंखधार,मनु यादव, राजा यादव, संदीप, संजीव, हरपाल एवं अन्य श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

# सावन के पहले सोमवार पर शिव भक्तों की भारी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उघैती।** सावन के पहले सोमवार को सभी शिवालय हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठे।

श्रद्धालुओं ने पूरी श्रद्धा व भक्तिभाव से जलाभिषेक कर आस्था के सागर में डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। सुबह से ही सभी शिव मंदिरों में लंबी कतार लग गई।इनमे कांवड़िए भी शामिल रहे। कस्बा सहित क्षेत्र के सिद्ध बरौलिया , रियोनई,खितौरा, खंडुआ, लोथर, करियामई में श्रद्धालु धूप और गर्मी के बीच भक्ति भाव से ओतप्रोत हर-हर, बम-बम का जयकारा करते रहे।श्रद्धालुओं ने बेल पत्र, भांग धतूर, भांग, फूल व अन्य पूजन सामग्री से भूत भावन भगवान भोलेनाथ का पूजन अर्चन करते हुए मन्नतें मांगी। शिव पुराण के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए कठोर साधना इसी श्रावण मास में की थी।भगवान शिव ने मनोकामना पूर्ण करते हुए उनसे विवाह किया। इसी कारण भगवान शिव को श्रावण मास ही अतिप्रिय है। मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चौकसी रहे।

# सीएमओ ने किया औचक निरीक्षण खामियां मिलने पर बख्शा नहीं जाएगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** बीते दिन सोमवार को बदायूं मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आकस्मिक निरीक्षण किया ।



इस दौरान आला अधिकारी ने दवा वितरण कक्ष , इमरजेंसी वार्ड व प्रसव कक्ष में पहुंचकर बारीकी से आवश्यक अभिलेखों का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान प्रसव कक्ष में आवश्यक रजिस्टरों में आंशिक खामियां मिलने पर आलाधिकारी ने संबंधित स्वास्थ्य कर्मियों को कड़े निर्देश देते हुए सख्त नाराजगी जताई।

निरीक्षण के दौरान स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर हिमांशु कुमार , डॉक्टर ईशान चौधरी , समद अली , डॉक्टर विशाल भारती , ज्योति जेम्स , जहीन मिर्जा , आशुतोष शर्मा , डॉक्टर सत्यपाल सिंह , वार्ड वाय पुष्पेंद्र व स्वीपर संजीव कुमार आदि मौजूद रहे ।

# हिंदू धर्म, हिंदू समाज और हिंदू संस्कृति रक्षा करना हमारा है कर्तव्य

**कैलाश भारती ,शाह टाइम्स**

**इस्लामनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा गुरु दक्षिणा कार्यक्रम के अंतर्गत नगर के बौद्धिक प्रमुख कैलाश भारती ने अपने बौद्धिक संबोधन मे कहा कि संघ व्यक्तित्व का निर्माण करता है। अनुशासन, लग्न, परिश्रम, एकात्मकता एवं सद्भाव को धारण करता है।

तथा विश्व कल्याण की भावना मन में जागृत करता है। जब व्यक्ति स्वयं अनुशासित एवं चरित्रवान होगा तभी समाज का कल्याण होगा। सत्यम शिवम सुंदरम हमारी संस्कृति की पहचान है। इसीलिए प्रत्येक हिंदू को अपने धर्म, समाज और हिंदू संस्कृति की रक्षा हर तरह से करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि देश की एकजुटता के लिए आपसी मतभेद भूलना अत्यंत जरूरी है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का गुरु दक्षिणा कार्यक्रम न्यू ईरा पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ।

नगर खंड कार्यवाह भगवान सिंह जी नगर कार्यवाह राकेश गुप्ता जी सहित संघ के तमाम अधिकारी एवं सम्मानित स्वयंसेवको ने गुरु दक्षिणा की। और परम पवित्र भगवा ध्वज को गुरु रूप में प्रणाम किया। गुरु दक्षिणा कार्यक्रम में पूर्व विधायक दया सिंधु शंखधार, कुलदीप गुप्ता, सागर शर्मा, हेमंत गुप्ता, अर्जुन दास, सनातन मिश्रा सहित सैकड़ों स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

# विजेता टीम को कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने दी ट्रॉफी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बिल्सी।** तहसील क्षेत्र के गांव पिंडोल में सोमवार को एक दिवसीय जूनियर क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें कुल आठ टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसका फाइनल मुक.ाबला गुधनी और बिल्सी की टीम के बीच खेला गया। जिसमें गुधनी टींम के कप्तान अनस खान ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। उनकी टीम ने आठ ओवर में धुआधांर पारी खेलते हुए 96 रनों का स्कोर खड़ा किया। जिसमें कप्तान अनस खान ने 16, विनय ने 12, हिमांशु ने 29 रन बनाए। बिल्सी टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए कृष्णा ने तीन विकेट लिए। इसके बाद 97 रनों का लक्ष्य लेकर उतरी बिल्सी टीम मात्र 57 रनों के स्कोर पर ढेर हो गई। जिसमें कृष्णा ने सर्वाधिक 35 रनों का योगदान दिया। वहीं गुधनी की ओर से गेंदबाजी करते हुए विनय कुमार ने तीन विकेट लिए। इस प्रकार गुधनी की टीम को 39 रनों से विजयी घोषित किया गया। टीम की ओर से हिमांशु को मैन ऑफ द मैच से नवाजा गया। बाद में कोतवाल मनोज कुमार सिंह और खाद व्यापारी प्रदीप गुप्ता ने विजेता और उप विजेता टीम के खिलाड़ियों ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। कोतवाल ने कहा शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को खेलकूद प्रतियोगिताओं में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। क्योंकि खेल जगत में भी अच्छी पहचान बनाकर अपना करियर बनाया सकते है। इस मौके पर अजीम खान, आरके लक्ष्य, राजेश कुमार, श्लोक शाक्य, सोबरल सिंह आदि मौजूद रहे।

# ओ'लेवल एवं सी0सी0सी0 प्रशिक्षण हेतु करें ऑनलाइन आवेदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रणव कुमार ने जनपद के अन्य पिछड़ा वर्ग के शिक्षित बेरा.ेजगार युवक-युवतियों को सूचित करते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में जो एक वर्षीय ''ओ'' लेवल एवं तीन माह का सी0सी0सी0 कम्प्यूटर का नि:शुल्क कोर्स करने के इच्छुक हों ।

तथा विभिन्न योग्यता व शर्ते पूर्ण करते हों, वह कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के कक्ष सं0-118 विकास भवन, बदायूॅ में सम्पर्क करके विभाग की वेबसाईट backwardwel-fare-up-nic-पद एवं obc-computertraining-upsdc-gov-पद पर समय सारिणी के अनुसार ऑनलाईन आवे.दन की अन्तिम तिथि को 14 जुलाई 2025 से 21 जुलाई तक कर दिया गया है। आवेदक अपना ऑनलाइन आवेदन का प्रिन्ट आउट प्राप्त करके आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं हाईस्कूल तथा इण्टर की मार्कशीट की छायाप्रति लगाकर आवेदन पत्र दो प्रतियों में 21 जुलाई 2025 को सायं 5:00 बजे तक कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के कक्ष सं0-118 विकास भवन, बदायूॅ में जमा करा दें। उन्होंने इसके नियम व शर्तों के बारे में बताया कि इस योजना के अन्तर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र दोनों में समान रूप से आय सीमा अधिकतम रू0 100000.00 वार्षिक होनी चाहिए। ''ओ'' लेवल एवं सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए (10+2) इण्टरमीडिएट न्यूनतम् शैक्षिक अर्हता आवश्यक है। आवेदक की उम्र 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवेदक बेरा.ेजगार हो तथा किसी शिक्षण संस्था से छात्रवृत्ति न लेता हो। आवेदक पिछड़ा वर्ग से सम्बन्धित हो।

# सलारपुर मुख्यालय पर साक्षात्कार देने के लिए घंटों लाइन में लगी रही महिलाएं

बैठने की कोई सही व्यवस्था नहीं थक-हार कर जमीन बैठी दिखी महिलाये

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिलहरी।** ब्लॉक सलारपुर मुख्यालय के निकट उधोग केन्द्र मुख्यालय पर चल रही विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अन्तर्गत सिलाई प्रशिक्षण कोर के करीब 250 आवेदकों को सोमवार को बुलाया गया था ।

दूर दराज उझानी, दातागंज , बिसौली,बिनावर, अलापुर आदि स्थानों से आवेदन करने वाले आवे.दक साक्षात्कारक लिए लंबी-लंबी लाइने लग जाती है कई घंटे से लाइन में लगी आवेदक महिलाओं के मता.बिक दो सौ ढाई सौ आवेदकों को एक दिन एक बार में बुलवा लिया जाता है साक्षात्कार की तारीख निश्चित की जाती है यहां कुर्सी पर बैठे एक ही अधिकारी साक्षात्कार लेते हैं जिस कारण घंटों लइन में लगना पड़ता है घंटो खड़े-खड़े गर्मी में थक जाते है जिसके लिए बैठने और पानी पीने की व्यवस्था तक नहीं है इसके बावजूद साक्षात्कार में जो सारी



अनौपचारिकताएं पूर्ण कर देते हैं उनका नंबर नहीं आता है जो अनौपचारिकताएं पूर्ण नहीं कर पाते है उनका प्रशिक्षण के लिए नंबर आ जाता है गांव गांव आवेदन करवाने के एजेंट घूम रहे हैं इस बात की क्षेत्र में खासी चर्चा वनी हुई है। इस संबंध में उपयुक्त अशोक कुमारउपाध्याय ने वताया कि सोमवार को सिलाई ट्रेड का करीब ढाई सौआवेदकों का साक्षात्कार लिया गया था मंगलवार को अन्य ट्रेडों साक्षात्कार लिया जाएगा साक्षात्कार देने के लिए महिलाएं लगी निष्पक्ष साक्षात्कार दिया जा रहा है योजना के नियम अनुसार अनौपचारिकता पूर्ण होने पर ही प्रक्रिया पूर्ण की जा रही है।

# बिना साइलेंसर की बाइक दौड़ा कर दे रहे हैं हादसे को न्योता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** श्रावण मास कावड़ यात्रा के चलते इन दिनों इन दिनों हर साल की भांति इस साल भी नगर के युवाओं में एक नया शौक और ट्रेंड देखने को मिल रहा है नगर के युवाओं ने अपनी मोटरसाइकिलों के साइलेंसर या तो हटवा दिए हैं या पीछे से कटवा दिए और तेज आवाज में तेज स्पीड के साथ गलियों में और धूम मचाने की पूरी तैयारी है । क्या आपने कभी सोचा है कि जब आपका बेटा इस साइलेंसर हटिया कटी हुई मोटरसाइकिलों से जब दौड़ लगाता हुआ गलियों से गुजरता है तो लोग उसे आवाज को सुनने के बाद क्या कहते हैं ? जो शब्द मैंने सुनी हैं उन्हें दुआ नहीं कहा जा सकता । क्या हमारी जिम्मेदारी नहीं है कि उन्होंने बच्चों की मोटरसाइकिलों के साइलेंसर चेक करें क्या हमारी जिम्मेदारी नहीं है कि हम उसे अपने सामने स्टार्ट कर कर देखें क्या हमारी जिम्मेदारी नहीं है । क्या हम उन पर निगरानी रखें रखना पड़ेगी क्योंकि एक जरा सी चूक मोटरसाइकिलों के साइलेंसर की ही नहीं नौजवानों की भी आवास शांत कर सकती है पूरे परिवार की मुस्कुराते छीन सकती हैआई आज ही अपने बच्चों के मोटरसाइकिलों के साइलेंसर चेक करें और अपने नौजवान बच्चों को आसमय आने वाली आपदा से बचाएं।

# गंदा पानी रोकने को कांग्रेसियों और ग्राम वासियों का धरने का 23वां दिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उझानी।**14 जुलाई 2025 आज नियत कार्यक्रम के अनुसार उझानी का दूषित पानी रोकने को धरना स्थल पर क्रमिक अनशन के लिए प्रात: 10:00 बजे तिलक चंद, राजाराम जाटव, रामपाल जाटव भगवान दास जाटव और नेपाल सिंह सोलंकी आज आठवें दिन लगातार क्रमिक अनशन पर बैठे, सांय 5:00 बजे इन अनशनकारियों का क्रमिक अनशन जूस पिलाकर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष ओमक.ार सिंह , जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव मोरपाल पाल प्रजापति, जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव इगलास हुसैन एससी एसटी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मुनेंद्र कनौजिया ,नगर कांग्रेस कमेटी उझानी के पूर्व अध्यक्ष अरुण पाराशर, जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव मुजाहिद अली ने जूस पिलाकर आज का क्रमिक अनशन समाप्त कराया। क्रमिक अनशन के बाद हमेशा की तरह राष्ट्रगान का गायन हुआ। धरना स्थल पर उपस्थित ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्ष ओमकार सिंह ने कहा कि आज ग्राम वासियों और कांग्रेसियों का क्रमिक अनशन पर बैठे हुए 23वां दिन है परंतु कोई भी अनशनकारी हतोत्साहित नहीं है अभी तो अपने लक्ष्य को पाने के लिए और अपनी समस्या को दूर कराने के लिए और अधिक उत्साहित है और समस्या का हल जल्दी ही नहीं निक.ाला गया तो और बड़ा आंदोलन करने के लिए तैयार हैं। धरना स्थल पर जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव मोरपाल प्रजापति, जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव इगलास हुसैन, एससी एसटी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मुनेंद्र कनौजिया नगर कांग्रेस कमेटी उझानी के पूर्व अध्यक्ष अरुण पाराशर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव मुजाहिद खान ने कहा ताकि हम लोग किसी राजनीतिक मुद्दे के लिए यह आंदोलन और सत्याग्रह नहीं कर रहे हैं बल्कि इन ग्राम वासियों की समस्या अत्यंत गंभीर है प्रशासन को इसका संज्ञान लेकर जल्दी ही निदान कराना चाहिए और इनके संघर्ष में कांग्रेस इनके साथ मजबूती के साथ खड़ी है। धरना स्थल पर तेजेंद्रपाल कश्यप, कमल प्रताप सिंह योगेंद्र कुमार सोलंकी,शैलेंद्र कुमार सिंह उर्फ लालू राजपाल ,छोटे सिंह, कमलजीत, गौरव मुन्नालाल ,हरी बाबू, गुड्डू, चंद्रपाल गौतम, रविंद्र कुमार नरेश पाल, गोपाल कुमार सिंह, निर्दोष कुमार, श्याम पाल ,राजकुमार, आदि सैकड़ो ग्राम वासी उपस्थित रहे।

# 70 वर्ष से अधिक आयु के आयुष्मान कार्ड जल्द कराएं अपडेट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** नोडल अधिकारी डॉ0 वैभव गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना प्रधानमंत्री जी की महत्वाकंक्षी योजनाओं मे से एक है जिसके अन्तर्गत पात्र लाभार्थी द्वारा 05 लाख रूपये तक का मुफ्त उपचार इस योजना से सम्बद्ध राजकीय व निजी चिकित्सालयों में प्राप्त किया जा सकता है। वर्तमान में 70 वर्ष व उससे अधिक आयु के अधिक व्यक्तियों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिन लाभार्थियों की उम्र आधार कार्ड के अनुसार 70 वर्ष पूर्ण होने के उपरांत नवम्बर से पहले जिनका आयुष्मान कार्ड बन चुका है वे सभी अपना आयुष्मान कार्ड जल्द से जल्द अपडेट करा लें। जिससे उन्हें भविष्य में चिकित्सीय लाभ लेने में किसी भी प्रकार की समस्या का सामना ना करना पड़े। साथ ही 70 वर्ष व उससे अधिक आयु के जिन व्यक्तियों ने अब तक आयुष्मान कार्ड नहीं बनवाया है वे सभी भी अपना आयुष्मान कार्ड जल्द से जल्द बनवाएं। उन्होंने बताया कि आयुष्मान कार्ड जिला पुरूष व महिला चिकित्सालय में आयुष्मान मित्र के माध्यम से, कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी बदायूँ के कक्ष संख्या 10 में जाकर अपडेट करवा सकते हैं।

# त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की घोषणा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला मजिस्ट्रेट व जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) अवनीश राय ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद बदायूं में त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चरणबद्ध ढंग से निर्धारित किया गया है। 14 अगस्त से 22 सितम्बर तक ऑनलाइन आवेदन करने की अवधि, 06 से 12 दिसम्बर तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त कर 13 से 19 दिसम्बर तक निस्तारण होगा, 05 दिसम्बर 2025 को अनन्तिम मतदाता सूची का आलेख का प्रकाशन तथा 15 जनवरी 2026 को निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिए अन्तिम प्रकाशन होगा। उन्होंने पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रमुख तिथियों एवं गतिविधियों के बारे में जानक.ारी देते हुए बताया कि 18 जुलाई से 13 अगस्त 2025 को किसी ग्राम पंचायत के आंशिक भाग के किसी अन्य ग्राम पंचायत अथवा नगरीय निकाय में समाहित होने की स्थिति में विलोपन एवं मतदाता सूची के प्रिन्ट करने की कार्यवाही, बी0एल0ओ0 एवं पर्यवेक्षकों को उनके कार्य क्षेत्र का आवंटन, उन्हें प्रशिक्षण तथा स्टेशनरी आदि का वितरण। यह दोनों कार्यवाहियाँ पृथक-पृथक तथा समानान्तर चलेंगी। उन्होंने बताया कि 14 अगस्त से 29 सितम्बर 2025 तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना और सर्वेक्षण एवं हस्तलिखित पाण्डुलिपि तैयार करने की अवधि (01 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी अर्ह व्यक्तियों के नाम सम्मिलित किए जाएंगे), 14 अगस्त से 22 सितम्बर 2025 तक ऑनलाइन आवेदन करने की अवधि है। 23 से 29 सितम्बर 2025 तक ऑनलाइन प्राप्त आवेदन पत्रों की घर-घर जाकर जांच करने की अवधि है। 30 सितम्बर से 06 अक्टूवर 2025 तक निर्वाचक गणना पत्रक के आधार पर परिवर्धन, संशोधन एवं विलोपन की तैयार हस्तलिखित पाण्डुलिपि सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में जमा करने की अवधि है। उन्होंने बताया कि 07 अक्टूबर से 24 नवम्बर 2025 तक ड्राफ्ट नामावलियों की कम्प्यूटरीकृत पाण्डुलिपि तैयार करना है। 25 नवम्बर से 04 दिसम्बर 2025 तक निर्वाचक नामावलियों के कम्प्यूटरीकरण के उपरान्त मतदान केन्द्र/स्थलों का क्रमांक, मतदाता क्रमांक, मतदान स्थलों के वार्डों की मैपिंग, मतदाता की डाउनलोडिंग, फोटोकॉपी किया जाना है। 05 दिसम्बर 2025 को अनन्तिम मतदाता सूची के आलेख का प्रकाशन होगा, 06 से 12 दिसम्बर 2025 तक आलेख के रूप में प्रकाशित अनन्तिम मतदाता सूची का निरीक्षण होगा। उन्होंने बताया कि 06 से 12 दिसम्बर 2025 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करना (01 जनवरी, 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी निर्वाचकों के भी स्वीकार किए जाएंगे), 13 से 19 दिसम्बर 2025 तक दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण होगा, 20 से 23 दिसम्बर 2025 तक दावे व आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त हस्तलिखित पाण्डुलिपियाँ तैयार की जाएंगी, 24 दिसम्बर 2025 से 08 जनवरी 2026 तक दावे और आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त पूरक सूचियों की कम्प्यूटरीकरण की तैयारी तथा उन्हें मूल सूची में यथा स्थल समाहित करने की कार्यवाही की जाएगी, उन्होंने बताया कि 09 से 14 जनवरी 2026 तक पूरक सूचियों की कम्प्यूटरीकरण के उपरान्त मतदान केन्द्र व स्थलों का क्रमांकन, मतदाता क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डों की मैपिंग, मतदाता सूची की डाउनलोडिंग, फोटोप्रतियाँ कराने आदि है तथा 15 जनवरी 2026 को निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिए अन्तिम प्रकाशन होगा।

# प्राइवेट बस और ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर में युवक की मौत, दो घायल

**सवारी लेकर दिल्ली जा रही थी बस, शेरगढ़ थाना क्षेत्र में हुआ हादसा**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** शेरगढ़ थाना क्षेत्र में देर रात एक प्राइवेट बस और अज्ञात ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई, और दो अन्य घायल हो गए। हादसा रविवार देर रात शेरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम डेलपुर में हुआ। एक प्राइवेट बस जनपद पीलीभीत के अमरिया से सवारी लेकर दिल्ली जा रही थी।

हादसे में उवैश पुत्र फुरकान निवासी अमखेड़ा थाना जहानाबाद जनपद पीलीभीत, उम्र करीब 18 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दानिश पुत्र रिफाकत निवासी बाकरगंज थाना जहानाबाद जिला पीलीभीत, उम्र करीब 26 वर्ष और जुनेद पुत्र हनीफ खान निवासी उमरिया थाना अमरिया जनपद पीलीभीत, उम्र करीब 27 वर्ष घायल हो गए हैं।

इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, और घायलों को इलाज के लिए बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस अज्ञात ट्रैक्टर-ट्रॉली की तलाश कर रही है, और मामले की जांच कर रही है।

# बरेली के नाथ मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़



## त्रिवटीनाथ में उमड़ी भक्तों की भीड़

त्रिवटीनाथ मंदिर में महा आरती के बाद भक्तों ने जलाभिषेक किया। मंदिर को रंग बिरंगे फूलों लाइटों से सजाया गया। मंदिर में भक्तों की लाइन मंदिर के बाहर तक लगी रहीं। मंदिर में सुबह वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार ने जलाभिषेक किया। उन्होंने सभी शिव भक्तों को सावन के पहले सोमवार की शुभकामनाएं दीं।

## कमिश्नर और डीआईजी ने किया जलाभिषेक

वनमंत्री के बाद मंदिर में कमिश्नर सौम्या अग्रवाल, डीआईजी अजय कुमार साहनी ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। मंदिर में पहुंची प्रिया शुक्ला ने बताया कि वह सावन के हर सोमवार को मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए आती है, यहां सच्चे मन से मांगी गई मनोकामना पूरी होती है। दोपहर तक मंदिरों ने जलाभिषेक का दौर चलता रहा।

**वनमंत्री, कमिश्नर और डीआईजी ने भी किया जलाभिषेक**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** भगवान भोलेनाथ के प्रति आस्था का ज्वार लिए शिव भक्तों की लाइन सावन के पहले सोमवार को नाथ मंदिरों में लगी। भक्तों ने अपने आराध्य को नमन कर शिवलिंग पर बेलपत्र, पुष्प, चंदन, मिष्ठान, गंगाजल चढ़ाया और बाबा का आशीर्वाद लिया। प्राचीन त्रिवटीनाथ मंदिर में वनमंत्री, मंडलायुक्त, डीआईजी ने भी जलाभिषेक किया।

सावन के पहले सोमवार को शहर के अलखनाथ मंदिर में रविवार रात से ही जलाभिषेक की शुरुआत हो गई। मंदिर को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया। सोमवार तड़के से ही कांवड़ियों के साथ भक्तों की लाइन भी लगना शुरु हो गई। भक्तों ने शिव चालीसा के साथ आरती का पाठ किया। शहर के बाकी नाथ मंदिरों में भी भक्तों की भीड़ रही।

मीरगंज से कांवड़िये सूरज ने बताया कि उनका जत्था पांच वर्षों से सावन के पहले सोमवार को कछला से जल लाकर अलखनाथ मंदिर में चढ़ाते हैं। इसके बाद अपने गांव में जाकर शिवालय में जलाभिषेक करते हैं। कैंट में स्थित धोपेश्वर नाथ मंदिर में महाआरती के बाद भक्तों ने जलाभिषेक किया। मंदिर से शुरू हुई लाइन तालाब से होते हुए गेट तक पहुंच गई। भक्तों के जयकारों से शिवालय गूंज उठा। मंदिर में भक्तों की भीड़ को देखते हुए व्यवस्था की गई भी।

पीलीभीत रोड स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में भक्तों की भीड़ रही। नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर की तर्ज पर बने इस मंदिर में भक्तों ने जलाभिषेक किया। मंदिर में कछला व हरिद्वार से आए कांवड़ियों ने भी जलाभिषेक किया। सुभाषनगर के तपेश्वर नाथ मंदिर में भी भक्तों ने जलाभिषेक कर अपनी मनोकामना मांगी। शहर के मढ़ीनाथ मंदिर समेत अन्य शिवालायों ने भीड़ रही।

## एक नजर

# दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को मार पीटकर घर से निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** थाना क्षेत्र की एक महिला को ससुरालियों ने दहेज में तीन लाख रुपए नकद न लाने पर मारपीट कर घर से निकाल दिया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने पति सहित ससुराल पक्ष के सात लोगों पर विभिन्न धाराओं में मुकद्दमा दर्ज किया है।

ग्राम लखीमपुर निवासी महिला ऋतु पाठक ने बताया कि पांच वर्ष पूर्व उसका विवाह थाना शाही के गांव परचई निवासी सौरभ कुमार शर्मा पुत्र आंगनलाल शर्मा के साथ हुआ था। विवाह के बाद से ही पति सौरभ, सास भाग्यवती, ससुर आंगनाल, जेठ संजीव, जेठानी रानी, नन्द राजो, नंदोई अंकुर व देवर गौरव कम दहेज देने का ताने देकर प्रताड़ित करते हैं व मायके से तीन लाख रुपए नकद लाने का दबाव डालते हैं। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि उपरोक्त उनके साथ आए दिनारपीठ भी करते है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने उपरोक्त सभी के विरुद्ध दहेज सहित विभिन्न धाराओं में मुकद्दमा दर्ज किया है पुलिस मामलेवकी जांच कर रही है।

# सावन के प्रथम सोमवार को अलर्ट रहा पुलिस प्रशासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** सावन के प्रथम सोमवार को पुलिस प्रशासनअलर्ट रहा सुरक्षा के लिए शिव मंदिरों पर महिला पुलिस की भी तैनाती की गई सावन मास के प्रथम सोमवार को भोर से ही कस्बा व देहात क्षेत्र के शिव मंदिरों में श्रद्धांलुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।भक्तों ने गंगाजल, दूध, धतूरा, बेलपत्र, फल, फूल से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक कर हर हर महादेव का उद्घोष किया।मंदिरों के वाहर महिलाओ और पुरुष श्रद्धांलुओं की अलग अलग कतारे लगी हुई थी।श्रद्धांलुओं ने दिन भर उपवास रखकर शाम को शिव को भोग लगाकर उपवास खोला।क्षेत्र के कई मंदिरों में काबड़ियों ने हरिद्वार व कछला से काबड़ लाकर गाँव के शिव मंदिरों में गंगाजल से शिव का अभिषेक किया।हर ओर भक्ति भाव का नजारा दिखाई दिया प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ क्षेत्र में घूमते नजर आए।

# डीएम ने की जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल की समीक्षा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन (हर घर जल) की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि 395 ओवर हैड टैंक पूर्ण हैं, और 15 टैंक रैडी हैं, जिनकी थर्ड पार्टी के द्वारा गुणवत्ता की जाँच की जा रही है तभी आगे उनपर काम होगा।

डीएम ने निर्देश दिए कि जिन गांव में कार्य पूर्ण हो गया है उसकी सूची उपलब्ध करायें, अधिकारियों के द्वारा कार्य की जांच करायी जायेगी। उन्होंने कहा कि ओवर हैड टैंक और जलापूर्ति पर विशेष ध्यान दिया जाये। जिन ओवर हैड टैंकों का कार्य 90 प्रतिशत से ऊपर पूरा हो गया है, उनपर विशेष प्रयास करके कार्य पूर्ण कराया जाये, व कार्य की गुणवत्ता को निरन्तर चौक कराया जाये। लेबर बढ़ाते हुये कार्य में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए गए। जल सखी के बारे में डीएम ने जानकारी की, जिपर अवगत कराया गया कि हर ग्राम पंचायत में जल सखी रखी गयी हैं, जिसकी कुल संख्या 9390 है। डीएम ने इन जल सखी के मानदेय की क्या स्थिति के बारे में जनकारी ली, और निर्देश दिये कि सभी का भुगतान शत प्रतिशत किया जाये। इसके अतिरिक्त कार्यदायी संस्था द्वारा रखे गये आपरेटर की सूचि भी उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में जिला विकास अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता जल जीवन मिशन सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# विवादित बयान देने वाले अध्यापक पर मुकदमा दर्ज

**भाजपा नेता राहुल गुप्ता और महाकाल सेवा समिति की तहरीर पर हुआ मुकदमा दर्ज**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर में स्थित नामचीन एमजीएम इंटर कॉलेज के एक अध्यापक रजनीश गंगवार का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वे छात्रों को कांवड़ नहीं लाने की सलाह दे रहे हैं। यह बयान उस समय आया है, जब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर रहे हैं। पुलिस ने महाकाल सेवा समिति की तरफ से मुकदमा दर्ज कर लिया है।

भाजपा नेता राहुल गुप्ता और महाकाल सेवा समिति बहेड़ी के अध्यक्ष शक्ति गुप्ता ने प्रभारी निरीक्षक को शिकायती पत्र देकर विधिक कार्यवाही की मांग की। इस अवसर पर सभासद दिनकर गुप्ता, महंत धर्मेंद्र रस्तोगी, ठाकुर सुदेश सिंह, सचिन प्रजापति, मुकेश पाल, अंकित रस्तोगी, अर्जुन गुप्ता, रजत गुप्ता और सत्यवीर गुर्जर समेत समस्त शिवभक्त उपस्थित रहे।

उन्होंने एक स्वर में कहा कि शिव भक्त कांवड़ियों की भावनाओं को आहत करने का अधिकार किसी को नहीं है। भाजपा नेता और महाकाल सेवा समिति के पदाधिकारियों ने प्रशासन से मांग की है कि अध्यापक रजनीश गंग. वार के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि इस तरह की आपत्तिजनक टिप्पणियों से शिव भक्तों की भावनाएं आहत होती हैं, और शहर का माहौल खराब हो सकता है। इसके बाद पुलिस ने महाकाल सेवा समिति के अध्यक्ष शक्ति गुप्ता की तरफ से रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने पिता-पुत्र के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे की आदर्श नगर बस्ती के रहने वाले अधिवक्ता महेन्द्र सिंह राठौर की पत्नी कविता देवी द्वारा मुंसिफ कोर्ट में धारा 173(4) वीएनएसएस के तहत दायर की गई याचिका में बस्ती के अंकित और उसके पिता गोविन्द राम पर गुजरी 14 मई को घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाया है।

अधिवक्ता की पत्नी कविता देवी के मुताबिक 14 मई की शाम वह अपने घर पर अकेली थी, बच्चे बाजार गए हुए थे, तभी बस्ती का अंकित जो आवारा किस्म का है, घर में घुस आया, जब उसने इसकी शिकायत की तो अंकित और उसके पिता गोविन्द राम ने अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ मिलकर उसके घर में घुसकर मारपीट और गाली गलौज की। घटना की तहरीर पुलिस को दिए जाने के बाद जब पुलिस ने उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की तो उसने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने पिता-पुत्र और तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# बरेली जंक्शन के पास कार शोरूम के पेंट हाउस में भड़की आग, मची अफरा-तफरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बरेली जंक्शन के पास सोमवार शाम करीब साढ़े छह बजे कोरल मोटर्स के पेंट हाउस में भीषण आग लग गई, जिससे वहां अफरातफरी मच गई। शोरूम से उठता धुएं का गुबार करीब एक किमी दूर से देखा गया। सूचना पर फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद एक घंटा में आग पर काबू पा लिया गया।

बताया जा रहा है कि घटना उस वक्त हुई, जब कर्मचारी कार में पेंट कर रहे थे। आग लगते ही स्टाफ बाहर भाग खड़ा हुआ। पेंट और केमिकल के कारण आग बहुत तेजी से भड़की। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन आग से लाखों रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। पुलिस जांच कर रही है।

# हापुड़ की घटना से नाराज लेखपालों ने की हड़ताल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** हापुड़ में अधिकारी के शोषण के बाद दंडात्मक कार्रवाई करने से परेशान लेखपाल की हार्ट अटैक से मौत हो जाने के बाद लेखपाल संघ ने हड़ताल शुरू कर दी है। तहसील परिसर में लेखपाल संघ के आवाहन पर लेखपालों ने हड़ताल की। तहसील परिसर के कामकाज बंद कर लेखपाल दिन भर हड़ताल पर बैठे रहे। लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष हिमांशु गौड़ ने कहा कि हापुड़ में अपमानजनक तथा दंडात्मक कार्रवाई से परेशान एक लेखपाल की हार्ट अटैक से मौत हो गई। रात दिन एक करके तहसील के कामकाज को करने वाले लेखपालों के साथ इस तरह का व्यवहार ठीक नहीं। जिला मंत्री संद. ेश सिंह ने कहा कि इसको लेकर आंदोलन जारी रहेगा। आंदोलन का रूप और बड़ा किया जाएगा। इस मामले में विस्तृत जांच होनी चाहिए। उसके बाद लेखपालों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को दिया। हड़ताल में बैठने वाले लेखपालों में राहुल राठौर, अंकित सक्सेना, योगेश कुमार, अवनीश कुमार, विशंभर नाथ, माशूक अहमद आदि मौजूद रहे।

# जरा सी बारिश और बिजली गुल, यह है नवाबगंज की बिजली आपूर्ति का हाल

**बिजली आपूर्ति में बड़े पैमाने पर हो रही कटौती से जनता हुई परेशान, अधिकारी मौन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे के साथ ही क्षेत्र की बिजली आपूर्ति पूरी तरह से डगमगाई चल रही है, जरा सी भी बारिश या हवा आ जाए तो समझो सारे दिन और सारी रात विजली गुल। रविवार को भी ऐसा ही हुआ, थोड़ी सी बरसात हुई कि पूरी रात उपभोक्ता भीषण गर्मी में करवटें बदलते रहे, और विभाग के साथ ही जनप्रतिनिधियों को कोसते रहे।

जैसे जैसे गर्मी बढ़ती जा रही है, वैसे वैसे बिजली आपूर्ति में बड़े पैमाने पर कटौती की जा रही है। हाल यह है कि कब लाइट आएगी और कब जाएगी, किसी को भी पता नहीं रहता है। इसके साथ ही अगर कहीं थोड़ी बारिश हो जाए या फिर हल्की हवा चल जाए तो समझो पूरे पूरे दिन और पूरी पूरी रात बिजली गुल हो जाती है। उपभोक्ताओं को इस भीषण गर्मी में ऐसे ही करवटें बदल बदल कर रात गुजारनी पड़ती है।

रविवार की रात भी ऐसा ही हुआ कि मामूली सी बारिश क्या हुई कि बिजली गुल, आधी रात तक उपभोक्ता एक दूसरे से लाइट के आने की जानकारी लेते रहे, जब कहीं से कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो थक हारकर सो गए। सबसे खास बात यह है कि विभाग ने जागरूक उपभोक्ताओं का एक ग्रुप बनाया हुआ है, जिस पर मात्र सूचना दी जाती है, ग्रुप केवल एडमिन कर रखा है जिसके चलते उपभोक्ता अपनी समस्या कैसे शेयर करें। इसके साथ ही एसडीओ का फोन नहीं उठ पाता है, जेई साहब से बात करो तो कहते हैं लगा हुआ हूं।

सबसे दिलचस्प बात यह है कि कस्बे के साथ ही क्षेत्र की लड़खड़ाई इस बिजली व्यवस्था को लेकर जनप्रतिनिधि भी खामोश हैं, जिसके चलते अधिकारी जमकर उपभोक्ताओं का शोषण करने में लगे हैं।

दो दिन पहले व्यापार मंडल के अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता उर्फ लल्लू, सभासदों सोनू राठौर, रामप्रकाश गंगवार, राजीव कुमार सहित कई लोगों ने एसडीओ का गंगाशील कॉलेज पर जाकर घेराव कर उन्हें जमकर हड़काया, जिसपर उन्होंने तबादला कराए जाने की बात कह डाली। कहा स्टाफ उनकी नहीं सुनता है। यह हाल है अधिकारियों का, अब ऐसे में नगर और क्षेत्र की बिजली व्यवस्था कैसे सुचारू रह सकती है।

# सावन के पहले सोमवार को शिवमयी हुई नगरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** सावन के पहले सोमवार को नाथ नगरी शिवमयी हो गई। सभी शिवालयों में जलाभिषेक की होड़ भक्तों में दिखी। पावन घाटों से जल लेकर आये शिव भक्त बम-बम भोले के जयकारे लगाते रहे। कछला, ऊं कारोश्वर, महाकालेश्वर, हरिद्वार आदि पवित्र स्थानों से जल लेकर पहुंचे कांवड़ियों ने महादेव पर जल चढ़ा कर अपना संकल्प पूरा किया। शहर के सात नाथ मंदिरों अलखनाथ, त्रिवटीनाथ, तपेश्वरनाथ, मढ़िनाथ, धोपेश्वर नाथ, पशुपतिनाथ, वनखंडिनाथ मंदिर के अलावा छोटे-बड़े शिव मंदिरों में भी भक्त भगवान शिव के दर्शन को पहुंचे। मंदिरों में भगवान शिव का विशेष श्रृंगार किया गया। अलखनाथ, त्रिवटीनाथ मंदिर, पशुपतिनाथ मंदिर में महाआरती का आयोजन हुआ। हर-हर महादेव के जयकारों के साथ सुबह छह बजे से ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगनी शुरू हो गयी।

# सावन के पहले सोमवार को शिव भक्तों के जयकारों से गूंजे शिवालय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** सावन माह के पहले सोमवार को आज क्षेत्र के प्राचीन शिव मंदिर सेमीखेड़ा पर शिव भक्तों द्वारा जय भोले के जयकारों के साथ जलाभिषेक किया गया।



कोतवाली क्षेत्र के सेमीखेड़ा शिव मंदिर पर सुबह से ही कछला आदि जगहों से गंगाजल लेकर सैकड़ों की संख्या में आये शिव भक्त कांवड़ियों तथा क्षेत्रीय लोगों ने जलाभिषेक किया। एक दिन पहले शाम से ही थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी मय फोर्स के साथ कांवड़ियों की देखरेख एवं व्यवस्था में मुस्तैद रहे।

# अब शेरगढ़ में देखा गया तेंदुआ खेतों में मिले पगचिन्ह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जिले में तेंदुए की दहशत खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। हाफिजगंज के बाद अब शेरगढ़ में तेंदुआ देखे जाने का दावा किया गया है। खेतों में जंगली जानवर के पगचिह्न भी मिले हैं।

हाफिजगंज के बाद अब शेरगढ़ क्षेत्र में ढोडा नदी के किनारे जंगल में तेंदुआ देखा गया, जिसे देखकर खेतों में काम कर रहे किसान भाग खड़े हुए। सूचना पर वन विभाग की टीम ने पहुंचकर कॉम्बिंग की। ग्रामीणों के मुताबिक खेतों में तेंदुए के पगचिह्न मिले हैं। हालांकि वन विभाग की टीम ने पगचिह्न भेड़िया के बताए हैं। टीम ने ग्रामीणों से सतर्कता बरतने के लिए कहा है। जानकारी के अनुसार शेरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव न्याजनगर गौंटिया के समीप सोमवार सुबह करीब नौ बजे किसान ढोडा नदी के किनारे खेतों में काम कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें कुछ दूरी पर तेंदुआ दिखाई दिया, जिससे वह भाग खड़े हुए। मामले की सूचना उन्होंने ग्राम प्रधान रियाजउद्दीन अंसारी को दी। प्रधान ने वन विभाग व थाना अध्यक्ष को सूचना दी। कुछ देर बाद वन विभाग मीरगंज-बहेड़ी की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। टीम ने ग्रामीणों के साथ मिलकर खेतों में पहुंचकर जांच पड़ताल की। इस दौरान धान के खेतों में कई स्थानों पर पगचिह्न मिले, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया। खेतों में काम कर रहे लोग अपने-अपने घरों को लौट गए। जिसके बाद वन विभाग की टीम ने जंगल में काफी दूर तक कॉम्बिंग की, लेकिन कहीं कुछ नजर नहीं आया। वन दरोगा रमेश कुमार शुक्ला ने बताया कि खेत में मिले पगचिह्न तेंदुए के नहीं है। स्पष्ट कराने के लिए जांच चल रही है। देखने से भेड़िया के प्रतीत हो रहे हैं। जंगली जानवर को खोजने का प्रयास किया जा रहा है।

# हापुड़ की घटना से तहसील के लेखपालों में गुस्सा, धरना प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** जनपद हापुड़ की तहसील धौलाना के लेखपाल के खिलाफ खिलाफ झूठी शिकायत पर दमनात्मक एवं दंडात्मक कार्यवाही किए जाने से तनाव में आए लेखपाल सुभाष मीणा द्वारा जहरीला पदार्थ खा लिया गया था, जिससे उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई थी। इस घटना से तहसील के लेखपालों में भारी गुस्सा है।

घटना से आक्रोशित लेखपालों ने सोमवार को तहसील में धरना प्रदर्शन किया, और उसके बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित पत्र एसडीएम उदित पवार को सौंपा। जिसमें घटना के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराते हुए सरकार से मृतक के आश्रितों के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने, मृतक आश्रित को योग्यता के अनुसार सरकारी सेवा में नियुक्त दिए जाने जांच रिपोर्ट के बाद दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही किए जाने के साथ ही अधीनस्थों के साथ मानवीय एवं सम्मानजनक व्यवहार किए जाने के आदेश जारी किए जाने की मांग की गई है।

इसमें लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष राजेश कुमार, मंत्री मो० तौसीफ, गौरव कुमार, उर्वशी, राक. ेश बाबू सागर, करन सिंह, रामचन्द्र सहित बड़ी संख्या में लेखपाल शामिल रहे। धरना प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री को संबोधित पत्र एसडीएम को सौंपा गया।

# पुलिस अफसर बन किया डिजिटल अरेस्ट

**रिटायर्ड प्रोफेसर की पत्नी के सूझबूझ से बची साइबर ठगी**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** साइबर ठग पुलिस व सीबीआई अफसर बनकर लोगों को अपने जाल में फंसा रहे हैं। बरेली में रिटायर्ड प्रोफेसर को डिजिटल अरेस्ट कर ठगी करने की कोशिश की गई। शातिरों ने उन्हें एक घंटा तक डिजिटल अरेस्ट कर धमकाया। पत्नी की सतर्कता से रिटायर्ड प्रोफेसर से ठगी होने से बच गई।

बरेली कॉलेज के कॉमर्स विभाग से रिटायर्ड विभागध्यक्ष प्रोफेसर राजीव मेहरोत्रा को साइबर ठगों ने डिजिटल अरेस्ट कर ठगी करने की कोशिश की। सोमवार को सुबह साढ़े दस बजे जब प्रोफेसर अपने राजेंद्र नगर स्थित घर में थे तो उनके नंबर पर कॉल आई। कॉल रिसीव करने के बाद कॉलर ट्यून बजी कि ट्राई आपका नंबर दो घंटे में ब्लॉक कर देगी। फिर एक महिला बात करने लगी।

महिला ने बताया कि चार अक्टूबर को आपके आधार नंबर से एक सिम जारी हुआ है, जिससे गैर कानूनी काम हो रहे हैं। उसने कॉल अजय नाम के सीनियर मैनेजर को कॉल ट्रांसफर की। उसने महाराष्ट्र के कोलाबा पुलिस स्टेशन का नंबर बताकर इंस्पेक्टर से बात करने को कहा। करीब एक घंटे तक प्रोफेसर को धमकाने का दौर जारी रहा। कॉलर ने उन्हें धमकी दी कि आपके घर आधा घंटे में पुलिस आ जाएगी। इससे प्रोफेसर घबरा गए।

उनके व्हाट्सएप नंबर पर सीबीआई का लोगो बना लेटर भेजा गया, जिसमें मनी लॉन्ड्रिंग और फ्रॉड केस का जिक्र था। इस घटनाक्रम के दौरान प्रोफेसर की पत्नी भी घर में मौजूद थीं। उन्हें शक हुआ तो पति को इशारा करके कॉल कट करवा दी। गनीमत रही कि पत्नी की सतर्कता से प्रोफेसर ठगी से बच गए। उन्होंने साइबर थाने में मामले की शिकायत की है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

## हमें बताएं अपने इलाके की समस्या

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# पीडीए पंचायत केंद्र और प्रदेश सरकार पर बोला हमला

**पूरनपुर।** समाजवादी पार्टी द्वारा विधानसभा क्षेत्र पूरनपुर के ग्राम जरा बुजुर्ग में आयोजित पीडीए पंचायत कार्यक्रम में कई सपा नेता सम्मिलित हुए।

इस मौके पर जरा बुजुर्ग में आयोजित पीडीए पंचायत की अध्यक्षता करते सयुस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सपा नेता राजकुमार "राजू" ने कहा कि "आज जिस पीडीए पंचायत की बात या चर्चा का आवहन राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने किया और हम लोग उसे लेकर प्रदेश भर मे गाँव-गाँव तक को पहुँचाने का काम कर रहे है। लेकिन सवाल यह भी है कि आज इस पीडीए पंचायत की जरुरत क्या है तो मैं बताना चाहता हूँ आज जो सरकारे केंद्र और राज्यों में है वह आपको और हमें धर्म और जातियों के नाम पर लड़ाना और बांटने का काम कर रही है। आज समाज के अंदर जो सुविधाएं हमें और आपको मिलनी थी

जो किसी वजह से नहीं मिल पाई तो वह बाबा साहब द्वारा बनाये गए संविधान की ताकत को दर्शाने के लिए आज हम इस पीडीए पंचायत का आयोजन कर रहे है। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अरशद खा ने कहा की "आज रोज़गार के लिए युवा दर-दर भटक रहा है सरकारी संस्थाओ को निजी हाथो मे देकर वह आपका आरक्षण को खत्म करने का काम कर रहे है राज्य की भाजपा सरकार ने जो बजट किया है, वह आम जनता को राहत देने के बजाय उनकी मुसीबत को ही बढ़ाने वाला था। विशिष्ठ अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर यादव ने कहा "किसानो, नौजवानों, महिलाएँ, छात्र एवं युवा हर वर्ग दुखी है आवारा पशुओ से परेशान है, नौजवान व छात्र बेरोजगारी से परेशान है आये दिन महिलाओं के साथ दुष्कर्म जैसे घटनाए बढ़ती जा रही है देश और प्रदेश में अराजकता का मौहाल है। कार्यक्रम का संचालन विधान सभा क्षेत्र उपाध्यक्ष सतीश वर्मा ने किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से राजेश कुशवाहा, शिवम यादव, छ्वीनाथ वर्मा, आशीष कुशवाहा, राजेश कुशवह, रमेश पासवान, आशीष कुशवाहा, राजू वर्मा, मुकेश शर्मा, राजेंद्र मौर्या आदि बड़ी संख्या सपाई मौजूद रहे।

# डीएम ने की राजस्व, कर-करेत्तर की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** सोमवार को डीएम श्रुति की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर करेतर, राजस्व कार्यों एवं बायोमैट्रिक उपस्थिति तथा ई-ऑफिस की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन, व्यापार कर, आबकारी, परिवहन, विद्युत, मंडी सहित संबंधित विभागों की मासिक प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि मासिक लक्ष्य के अनुरूप प्रगति की जाए।



बैठक में राजस्व कार्यों की तहसीलवार विस्तार से समीक्षा की गई। सभी तहसीलदार को निर्देशित किया कि राजस्व वसूली को शत प्रतिशत रूप से लक्ष्य के अनुरूप प्राप्त किया जाए। वसूली के कार्य की नियमित समीक्षा करते हुए वसूली कराए। उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार न्यायालय में दायर वादों के समयबद्ध रूप से मैरिट के आधार पर निस्तारण किए जाने की भी समीक्षा की गई। निर्देशित किया कि 3 वर्ष से पुराने वाद लंबित नहीं रहने चाहिए। मैरिट के आधार पर वादों का निस्तारण किया जाए। साथ ही वाद निस्तारण के उपरांत उसे संबंधित पोर्टल पर भी अपलोड किया जाए। ऑडिट आपत्ति जो भी लंबित है उन्हें जल्द से जल्द निस्तारित करें। किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री बनवाए जाने के लिए किसानों से आवश्यक प्रपत्र लेकर फॉर्मर रजिस्ट्री बनवाए। जिन किसानों की आईडी बनने में परेशानी आ रही है उनकी सूची बनाकर भेजी जाए जिससे उनका निस्तारण कराकर जनपद में शत प्रतिशत फॉर्मर रजिस्ट्री बनवाई जा सके। तहसील के अंतर्गत गांव में पशुचर की भूमि को चिह्नित कराकर उन्हें कब्जा मुक्त कराया जाए। डीएम ने कहा किसी भी दशा में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा नहीं होना चाहिए। भूमाफियाओं के विरुद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लाएं। तहसीलवार मुख्यालय पर रिकॉर्ड रूम में जो फाइल दाखिल दफ्तर करानी है उनकी सूची तैयार कर उन्हे रिकॉर्ड रूम में जमा कराए। जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों के गुणवत्ता के साथ निस्तारण किए जाने की भी समीक्षा की गई। समस्त अधिकारी व समस्त उप जिलाधिकारियो को निर्देश दिए गए कि शिकायत का निस्तारण करते समय मौके पर शिकायतकर्ता को निस्तारण से संतुष्ट किया जाए। साथ ही निस्तारित की गई शिकायतों पर शिकायतकर्ताओं से फीडबैक भी लिया जाए। यदि किसी शिकायत कर गलत निस्तारण किया गया है तो संबंधित कर्मचारी की जिम्मेदारी तय कर कार्यवाही करें। जनसुनवाई पोर्टल पर निर्धारित प्रारूप पर ही शिकायत का निस्तारण अपलोड किया जाए। डिफॉल्टर होने वाली शिकायतों को समय से निस्तारित करें। कार्यालय में फाइलों का कार्य ई-ऑफिस के माध्यम से किया जाए। कर्मचारियों की उपस्थिति पोर्टल पर प10 बजे के बाद दर्ज न हो यह सुनिश्चित किया जाए। पूर्वाहन 10 बजे के उपरान्त व पोर्टल पर उपस्थिति न लगाने वाले कर्मचारी से स्पष्टीकरण तलब कर कार्यवाही की जाए।

## जिला अस्पताल में एआरएस खत्म, मरीज रैफर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** जिला अस्पताल में एआरएस (एंटी रेबीज सीरम) फिर खत्म हो गई है। पिछले पांच महीने में यह तीसरी बार खत्म हुई हैं। अब वायल्स खत्म होने के बाद मरीजों को दिल्ली रैफर किया जा रहा है। सोमवार को कुत्ते-बंदर काटे घायलों को एआरएस लगवाने वाले दिल्ली रैफर करना पड़ा। जिससे मरीजों को परेशानी झेलनी पड़ी। जिला अस्पताल में मार्च माह में एआरएस लगाने की सुविधा शुरू हुई थी। जिसके बाद मरीजों को दिल्ली जाकर एआरएस लगवाने की भागदौड़ से राहत मिली, लेकिन तब से अब तक तीन बार एआरएस खत्म हो चुकी है। कुत्ते-बंदर काटे मरीजों को एक बार फिर दिल्ली जाना पड़ रहा है। सोमवार को एआरएस लगवाने वाले पांच मरीज तीन सीएचसी से रैफर होकर जिला अस्पताल पहुंचे। यहां एआरएस न होने पर दिल्ली रैफर किया गया। जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ0 प्रदीप राणा ने बताया कि डिमांड पहले ही भेजी जा चुकी है।

# कांवड़ियों के लिए बुलंदशहर डिपो की बसें रिजर्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** जिले में सावन का पवित्र माह शुरू हो चुका है। इस मास के शुरू होते ही कांवड़ यात्रा भी शुरू हो गई है। दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले कांवड़ियों का जत्थे सड़कों पर बम-बम भोले के उद्घोष करते हुए निकल रहे हैं। जबकि स्थानीय कांवड़ियों के हरिद्वार जाने का क्रम अब तेज हो गया है। ऐसे में परिवहन निगम के अधिकारियों ने अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। बुलंदशहर डिपो की 25 बसों को कांवड़ियों के लिए रिजर्व रखा गया है। यदि रूट डायवर्जन की वजह से बस घूमती है तो यात्रियों को अधिक किराया देना होगा। फिलहाल किराये में किसी भी प्रकार की बढ़ोत्तरी नहीं की गई है। हरिद्वार के लिए शिवभक्तों का निकलने का सिलसिला अब धीरे-धीरे तेज होने लगा है। बुलंदशहर डिपो में रविवार को आठ बसों में सवार होकर शिवभक्त हरिद्वार के लिए रवाना हुए थे। शिवभक्तों की बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए सोमवार को 15 बस कांवड़ियों के लिए आरक्षित रखी गई। जिसमें देर रात तक सैकड़ों की संख्या में शिवभक्त हरिद्वार के लिए रवाना हुए। इसके अलावा परिवहन निगम के अधिकारियों ने कुल 25 बसों को कांवड़ियों के लिए रिजर्व रखा गया है। परिवहन निगम के अधिकारियों ने बताया कि सावन मास शुरू होते ही कांवड़ियों का हरिद्वार पहुंचने का क्रम तेज होने लगा है। कांवड़ियों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो, इसे ध्यान में रखते हुए 25 बसों को रिजर्व रखा गया है। बस अड्डे पर शिवभक्त जैसे ही आएंगे, उनके लिए बस को लगा दिया जाएगा। बुलंदशहर डिपो के एआरएम परमानंद ने बताया कि अभी हरिद्वार का कोई भी किराया नहीं बढ़ाया गया है। हालांकि यदि मार्ग पर रूट डायवर्जन की वजह से रोडवेज बस दूसरे रास्ते से निकलती है तो यात्रियों से बढ़ा हुआ किराया वसूल करने का निर्देश जारी कर दिया गया है।

## जन्म दिवस पर वितरित किए तुलसी के पौधें



**कोसी कलाँ** नगर के समाज सेवी ने अपने जन्म दिन के अवसर पर एक सस्था के साथ व्यापारियों को दुकानों पर तुलसी के पौधे वितरित किये एव सनातन धर्म के प्रति जागरूक किया नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी एव समाज सेवी कुश्ती संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष कमल किशोर वाष्णेय ने अपने 56 वे जन्मदिन पर गोशालाओं में हरा चारा दान कर पुण्य लाभ लिया वही नगर के व्यापारियों को दुकानों और पहुँच कर तुलसी के पौधा वितरित किये एव सनातन धर्म के अनुसार तुलसी घर मे लगाने का आवाहन किया श्री वाष्णेय ने कहा की सभी सनातनी अपने बच्चों का व अपना जन्म दिन पौधा लगा कर एव गो माताओ का भंडारा कर मनाए एव गरीबो का सहयोग करे श्री वाष्णेय को नगर की धार्मिक एव राजनीतिक लोगो ने उनके प्रतिष्ठान एव केम्प कार्यालय पर भाजपा युवा नेता दीपक बड़गुर्जर जिला उपाध्यक्ष सौरभ जैन पवन बंसल हरिओम शर्मा, जनार्दन पहलवान महामंत्री कुश्ती संघ एव एम एम बिल्डर्स परिवार ने पहुच कर बधाई दी एव धार्मिक देवी देवताओं के चित्रपट देकर शुभकामनाएं दी।

## प्रथम सोमवार को हर हर महादेव के जयकारों से गूंज उठे शिवालय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पवित्र सावन के पहले सोमवार पर भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए रविवार शाम से ही कांवडियों के जत्थे कछला और हरिद्वार से जल लेकर शहर आने लगे। ब्रह्म मुहुर्त से कांवडियों ने हर-हर महादेव जयघोष के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक किया। बाबा गौरी शंकर मंदिर में श्रद्वालुओं ने भोले बाबा का जलाभिषेक किया। मंदिर के महंत लल्ला महाराज ने बताया कि भक्तों की भीड़ को देखते हुये मंदिर में आने-जाने के लिए अलग अलग रास्ते बनाये गये है। सुबह से भी भक्तों की कतार लग गई। मंदिर परिसर बम-बम भोले, हर-हर महादेव के जयकारों से गुंजायमान हो गये। सावन माह के पहले सोमवार को जिले भर के सभी प्रमुख शिवालयों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ बाबा भोलेनाथ के दर्शन को पहुंचने लगे। शिवालयों की सजावट कर कार्य कई दिनों से चल रहा था, सुबह से लेकर रात तक शिवालयों में भक्तों का तांता लगा रहा। शहर के अर्धनारीश्वर मंदिर, दूधिया मंदिर, गांधी स्टेडियम रोड स्थित नर्मदेश्वर महाद. व मंदिरों में भक्तों की लंबी लंबी कतारें लगीं रहीं।

## खेत की रखवाली कर रहे किसान को बाघ ने बनाया निवाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** टाईगर रिजर्व की माला रेंज के गांव फुलहर में सोमवार सुबह बाघ ने खेत की रखवाली कर रहे किसान पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। घटना से गांव में को. हराम मच गया। लोगों में दहशत फैल गई है। बताया जा रहा है कि गांव फुलहर निवासी दया राम (50) पुत्र प्रेम राज फसलों की रखवाली के लिए खेत पर गए थे। खेत की दूरी घर से करीब 20 मीटर है। परिजनों और ग्रामीणों का कहना है कि सुबह के समय बाघ ने दयाराम पर हमला कर दिया। इसमें किसान की मौत हो गई। पता चला तो परिजन और ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। घटना से ग्रामीणों में कोहराम मचा है। लोगों में आक्रोश भी बढ़ रहा है। कुछ दिन पहले बाघ में माला रेंज के मेवात पुर निवासी किसान को हमला कर मार डाला था। सूचना मिलते ही पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई है बाघ की निगरानी के लिए टीम को लगाया गया है। टाइगर रिजर्व के प्रभागीय वना. धिकारी मनीष सिंह ने ग्रामीणों से जंगल के समीप ना जाने की अपील की है।

## श्रावण मास में पार्थिवलिग पूजा का महत्व



**कोसीकलां।** रामनगर स्थित भक्तमाल आश्रम काली मंदिर पर सावन मास के अवसर पर सातवीं पार्थिव शिवलिंग पूजा का आयोजन धूमधाम से हुआ, जिसमें सैकड़ों शिव भक्तों ने अभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित किया। सावन मास के प्रथम दिन प्रातः नौ बजे रामनगर स्थित काली मंदिर में सप्तम विशाल पार्थिव शिवलिंग पूजा का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के सैकडों शिवभक्त महिला-पुरुषों ने पूजा कर लाभ लिया।एव पुण्य कमाया इस दौरान नन्दबाबा की कोष स्थली शिवमय हो गयी। मंदिर परिसर में बम-बम भोले की जयजयकार हुई। आयोजक पंडित भरत कटारा ने बताया कि पार्थिव शिवलिंग पूजन करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और अंततः शिवलोक की प्राप्ति होती है। पूजा में नगर के समाजसेवी एव धार्मिक संगठनो ने सुख सम्रद्धि की कामना की आपको बता दे की नगर वासियो ने एक साथ 251 पार्थिवलिग कि पूजा कर सावन मास के महत्व को भी जाना पण्डित भरत कटारा ने अपने प्रवचन से सावन मास के चार सोमवारों का भी वर्डन किया पूजन में विष्णु शर्मा, ललिता, हेमलता, शकुंतला, हेमन्त अग्रवाल, जितेन्द्र गुप्ता, नितिन आदि रहे।

## बारिश के चलते बिजली सप्लाई प्रभावित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** जिले में बारिश के चलते बिजली सप्लाई पटरी पर नहीं लौट पा रही है। रोजाना कहीं फॉल्ट तो कहीं लाइनों में ब्रेकडाउन के चलते बिजली सप्लाई प्रभावित हो रही है। घंटों बिजली गुल रहने के कारण उपभोक्ताओं को पेयजल संकट समेत विभिन्न समस्याएं झेलनी पड़ रही हैं। सोमवार की सुबह करीब साढ़े आठ बारिश के चलते धरपा से आ रही 33 केवीए की लाइन में ब्रेकडाउन हो गया। पावर कॉरपोरेशन की टीम पेट्रोलिंग में जुटीं। जिसके बाद शहर के 15 मोहल्लों में करीब छह घंटे बिजली गुल रही। बाद में सप्लाई सुचारु हो सकी। शहर से देहात क्षेत्रों तक बिजली संकट बना हुआ है। सोमवार को बारिश के चलते धरपा ट्रांसमिशन से आ रही 33 केवीए की लाइन में सुबह करीब साढ़े आठ बजे ब्रेकडाउन हो गया। इसके चलते अनूपशहर अड्डा, टांडा बिजलीघर से जुड़े आवास-विकास द्वितीय, 40 फुटा रोड, फैसलाबाद, काशीराम कॉलोनी आदि क्षेत्रों में बिजली सप्लाई ठप हो गई। बारिश बंद होने के बाद पावर कॉरपोरेशन की टीम पेट्रोलिंग के लिए निकली। उपभोक्ताओं ने बिजलीघर पर फोन घनघनाने शुरु कर दिए। नौकरीपेशा और स्कूली बच्चों को परेशानी हुई। दोपहर को करीब ढाई बजे तक सप्लाई को सुचारु कराया गया। जिसके बाद उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली। जेई अभिषेक द्विवेदी ने बताया कि बारिश के चलते लाइन में ब्रेकडाउन हुआ था। सप्लाई को सुचारु करा दिया गया है। इसके अलावा बेहतर सप्लाई चल रही है।

## श्रद्धालुओं ने शिवालयों में किया जलाभिषेक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** सावन माह के पहले सोमवार को जिले के विभिन्न मंदिरों में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। सुबह से बम बम भोले के जयकारे से मंदिर प्रांगण गूंजने शुरू हो गए। सावन माह के पहले सोमवार को बुलंदशहर के श्री राजराजेश्वर मंदिर, भूतेश्वर मंदिर, अहार के अंबकेश्वर महादेव, खुर्जा के सिद्धेश्वर महादेव मंदिर सहित जिले के सभी शिव मंदिरों पर भक्तों की सुबह से ही कतारें लग गई। शिवभक्तों ने शिवालयों पर जलाभिषेक किया। सुरक्षा के लिहाज से मंदिर परिसर सहित अन्य स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहा। बुलंदशहर, खुर्जा, स्याना, अनूपशहर आदि पर रहा।

## कांवड़ लेने गया युवक लापता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** नगर कोतवाली क्षेत्र से कांवड़ लेने गया एक युवक लापता हो गया। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए नगर कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई है। नगर के मोहल्ला कृष्णानगर क्षेत्र निवासी सुखपाल सिंह का 40 वर्षीय पुत्र दीपक कश्यप फोटोग्राफर का काम करता है। 7 जुलाई को दीपक कश्यप अपने घर से कावड़ लेने के लिए निकला था। परिवार उसको भूड़ चौराहे पर छोड़कर आया था, ताकि बस से हरिद्वार जाकर गंगाजल ला सकें।

## वृक्षारोपण कर रोटरी क्लब ने किया ग्रीन पथ का निर्माण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** रोटरी क्लब पीलीभीत द्वारा स्थानीय गांधी स्टेडियम में रोटरी ग्रीन पथ का निर्माण अशोक के सुंदर पेड़ों द्वारा अपने वार्षिक वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया, रोटरी क्लब के अध्यक्ष डॉ अनिल सक्सेना ने बताया की जिला क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह की सलाह पर सुंदर अशोक के वृक्षों का रोटरी ग्रीन ग्रीन पद का निर्माण किया गया है। कार्यक्रम क्लब के मीडिया चेयर रो. देवेंद्र सिंह छावड़ा ने बताया कि लगभग 50 पेड़ 6 फुट की लंबाई के दिल्ली से हम लोगों ने मंगवाय और फॉरेस्ट अधिकारियों के निर्देशानुसार उचित गहराई और उचित दूरी पर पौधारोपण किया गया।। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह अपने संबोधन में सुंदर रोटरी ग्रीन पद की प्रशंसा की और फॉरेस्ट डिपार्टमेंट को निर्देशित किया की विभिन्न सड़कों के दोनों तरफ इसी प्रकार का निर्माण किया जाए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डीएफओ भरत कुमार ने अपने संबोधन में रोटरी क्लब के कार्य की प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन डॉ उपेंद्रनाथ मिश्रा ने किया, अध्यक्षता डॉ अनिल सक्सेना ने की तथा आभार सचिव कपिल अग्रवाल ने दिया। इस दौरान रोटरी के वरिष्ठ सदस्य डॉ परविंदर सिंह सेहमी, घनश्याम अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, डॉ मनोज गुप्ता, पंकज महातिया, रवि देव शर्मा, देवेश बंसल, रविंद्र कुमार अग्रवाल, तारा सिंह, विजय जायसवाल, कार्तिक भसीन, विनोद कुमार वैश्य एडवोकेट, सुमित अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# दो वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



**कोसीकलां।** पुलिस द्वारा सोमवार को मुखबिर की सूचना पर बीएनएस में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया विजय शंकर उम्र 37 वर्ष व रमाशंकर पुत्रगण लोरिकराम उम्र 32 वर्ष निवासीगण बडा कूंबा थाना मेहनाजपुर तहसील लालगंज जिला आजमगढ उ0प्र0 हाल निवास. ीगण एस.के.डी. स्कूल के पीछे, गोपाल बाग कोसीकलां को समय 10.25 बजे उनके घर एस.के.डी. स्कूल के पीछे, गोपाल बाग कोसीकलां से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण के विरूद्ध कार्यवाही कर जेल भेज दिया।

## टैंपो मैजिक की टक्कर में पांच घायल

**कोसी कलाँ।** श्रावण मास में नन्दगाँव स्थित महादेव मंदिर से भंडारा कर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरा मैजिक छोटा हाथी एक टेम्पो से टकरा गया जिसमें एक महिला सहित पांच लोग गम्भीर रूप से घायल हो जिन्हें उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया

बताया जा रहा है कि सोमवार को नन्दगाँव स्थित



अशेश्वर महादेव मन्दिर में मथुरा से भंडारा करने आये थे भंडारा कर लौट ते समय जाव के समीप कोसी की और से सवारियां लेकर आ रहे टेम्पो से टकरा गया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## चतुर्थ बाइक जलाभिषेक यात्रा का किया प्रचार प्रसार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** नगर में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा 21 जुलाई को निकलने वाली चतुर्थ भव्य जलाभिषेक कावड़ यात्रा में गांव गांव घूम कर श्रद्धालुओं से जलाभिषेक कावड़ यात्रा में चलने की अपील की। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल पूरनपुर पीलीभीत की टीम ने सोमवार को चतुर्थ बाइक जलाअभिषेक यात्रा के प्रचार प्रसार के लिए ग्राम खमरिया महादिया, चाट फिरोजपुर, टांडा छत्रपति, गोटिया, मोहम्मदपुर भगवंतपुर, गुलहड़ भवानीगंज, धर्मापुर सतवाईया, बाबा मंदिर, मुजफ्फरनगर दूधिया खुर्द, बंजरिया बिलहरी, हुसैनपुर जटपुरा, रूरिया मो. हनपुर, सबलपुर आदि गांव में घूमी और जोर-जोर से बाबा की जलाभिषेक यात्रा का प्रचार किया। राष्ट्रीय बजरंग दल एवं गौ सेवा जिला प्रमुख ठाकुर शिवम सिंह भदोरिया ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को जागरूक करने वी चतुर्थ विशाल बाइक यात्रा में साथ चलने के लिए निवेदन किया। प्रचार प्रसार में विशाल वर्मा, राहुल अवस्थी, अमित सिंह, प्रभाकर सिंह, त्रिभुवन शर्मा, दयाल विश्वास, सचिन मिश्रा, अभी राणा, वीरेंद्र वर्मा, अनीश वर्मा, गुरमीत सिंह लाली,

# सीडीओ की अध्यक्षता में जिला उर्वरक समिति की बैठक सम्पन्न



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल की अध्यक्षता में जिला उर्वरक समिति की बैठक विकास भवन स्थित उनके कार्यालय कक्ष में सम्पन्न हुई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त उर्वरक कम्पनी के प्रति. निधियों एवं उर्वरक थोक विक्रेताओं को उर्वरक की बिक्री निर्धारित दरों एवं टैगिंग रहित कराने के कड़े निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने जिला कृषि अधिकारी एवं सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक को जनपद में खरीफ फसलों के दृष्टिगत उर्वरकों की शत-प्रतिशत उपलब्धता बनाये रखने, उर्वरकों की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के निर्देश दिये।

मुख्य विकास अधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि टॉप-20 बायर्स की नियमानुसार जांच की जाये और उर्वरकों के बिक्री निर्धारित दरों से अधिक पर करने या टैगिंग करने वाले प्रतिष्ठानों/कम्पनी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करें।

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद में खरीफ फसलों के दृष्टिगत पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। यदि किसी विक्रेता द्वारा उर्वरकों की बिक्री निर्धारित दरों से अधिक पर की जाती है अथवा उर्वरक के साथ कोई अन्य कम प्रचलित उत्पाद जबरन दिया जाता है, कृषक इसकी शिकायत अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के कण्ट्रोल रूम नम्बर 9456884920,9258909256 एवं 9458846182 पर दर्ज करा सकते है। शिकायत का तत्काल संज्ञान लेते हुए दोषी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। बैठक में उप कृषि निदेशक राम किशन, जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक रामपुर डॉ. गणेश गुप्ता, अधीक्षक राजकीय उद्यान अजय कुमार, गन्ना पर्यवेक्षक, विभिन्न उर्वरक कंपनियों के जिला/क्षेत्रीय प्रतिनिधि एवं समस्त उर्वरक थोक विक्रेता उपस्थित रहे।

# इमरजेंसी गेट बना पार्किंग स्थल एंबुलेंस को निकलने में हो रही दिक्कत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** सरकारी अस्पताल के इमरजेंसी गेट के पास बेतरतीब ढंग से खड़ी बाइकों की वजह से आए दिन एंबुलेंस को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इमरजेंसी जैसे संवेदनशील क्षेत्र में भी लोग अपनी जिम्मेदारी नहीं समझ रहे हैं और लगातार बाइकें वहीं खड़ी कर दे रहे हैं, जिससे मरीजों की जान पर बन आती है।

स्थानीय लोगों और अस्पताल स्टाफ ने कई बार अपील की कि इमरजेंसी के रास्ते को खाली रखें, लेकिन इसके बावजूद लोग सुधरने को तैयार नहीं हैं।इमरजेंसी में गंभीर मरीज को लेकर आने वाली एंबुलेंस को भी इंतजार करना पड़ता हैं क्योंकि रास्ता दोपहिया वाहनों से पूरी तरह जाम होता है। अस्पताल प्रशासन ने जनता से अपील है कि इमरजेंसी सेवा का महत्व समझें और बाइक पार्किंग के लिए अन्य स्थान का ही उपयोग करें, इमरजेंसी वाले रास्ते को खाली रखे।

# पूर्व चेयरमैन का हाल-चाल जानने पहुंचे सांसद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर/शाहबाद।** रविवार को रामपुर के सांसद मोहिबुल्लाह नदवी पूर्व चेयरमैन पप्पू खां के रामपुर स्थित आवास पर पहुंचे और उनकी खैरियत ली, बताते चलें पूर्व चेयरमैन पप्पू खां ने अपने कान की सर्जरी कराई थी। जिसके चलते वह काफी समय से अपने घर पर ही रह रहे थे, नगर शाहबाद व रामपुर के लोग उनका हाल-चाल जानने उनके घर लगातार जा रहे थे।

पूर्व चेयरमैन पप्पू खां के स्वास्थ्य की जानकारी जब रामपुर के सांसद मोहिबुल्लाह नदवी को मिली तो वह रविवार को पूर्व चेयरमैन पप्पू खा के घर पहुंचे और उनके स्वास्थ्य लाभ की कामना की, उनके साथ राम बहादुर सागर, महबूब अली पाशा तथा अन्य लोग साथ रहे।

# कोर्ट के आदेश पर आत्महत्या के लिए उकसाने में महिला सहित तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/ रामपुर।** आत्म हत्या के लिए उकसाने मे महिला सहित तीन लोगो के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है कोतवाली क्षेत्र के ग्राम क्योरार निवासी बेनीराम ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया था। बेनीराम के प्रार्थना पत्र कोतवाली मिलक पर दिया जहां पर उनकी सुनवाई न होने पर बेनीराम ने कोर्ट की शरण ली कोर्ट के आदेश पर बृजेश कुमार पांडे ग्राम घारमपुर थाना शाहाबाद जनपद रामपुर बृजेश कुमार पांडे की पुत्री तथा पत्नी सहित आत्महत्या के लिए उकसाने और मृत्यु हो जाने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज हुई।

बेनीराम ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया जिसके आधार पर रिपोर्ट दर्ज हुई जिसमें लिखा है कि मेरा पुत्र हिमांशु पांडे उर्फ राजा की घारमपुर थाना शाहबाद जनपद रामपुर के बृजेश कुमार पांडे की पुत्री से फोन पर पिछले 4 वर्षों से बातचीत होती थी। जिस कारण दोनों की आपस में घनिष्टता बढ़ गई इस कारण से दोनों आपस में शादी करना चाहते थे लड़की के पिता बृजेश कुमार पांडे शादी के लिए तैयार नहीं थे। क्योंकि अभियुक्त गण ग्राम क्योरार में ही संपत्ति के लालच में अन्य युवक से शादी करना चाहते थे लेकिन घनिष्ठता का लाभ उठाकर धन हिमांशु से भी लेना चाहते थे और इसी कारण बृजेश कुमार पांडे की पुत्री भी संबंध एकदम समाप्त करने को तैयार नहीं थी। बेनीराम ने अपने पुत्र हिमांशु की शादी ग्राम गंगापुर थाना मिलक जनपद रामपुर में तय कर दी 10 जून 2025 को हिमांशु की सगाई होने की तारीख तय की गई थी।

इसकी जानकारी जब अभियुक्तों को लगी तो हिमांशु पांडे को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया और धमकी भी दी यदि गंगापुर से शादी की तो अश्लील वीडियो और फोटो तैयार कर वायरल कर दिए जाएंगे हिमांशु से ऐसा न करने की एवज पाचं लाख रुपए नगद की मांग की गई। जिस कारण बेनीराम का पुत्र हिमांशु पांडे अवसाद में आ गया इसको लेकर वेनीराम ने अपने पुत्र हिमांशु को काफी समझाया परंतु अभियुक्तों की धमकियों के कारण सब व्यर्थ रहा क्योंकि अभियुक्तगण यह भी धमकी दी की यह कहकर रिश्ता तुडवा देंगे की हिमांशु का पहला रिश्ता टूट चुका है। अभियुक्तों की धमकियां उत्पीड़न एवं अनुचित मांग से हिमांशु परेशान हो गया तथा उसे अपनी एवं परिवार की बेईज्जती एवं बदनामी का डर सताने लगा 7 जुलाई 2025 की सुबह है लगभग 7:30 बजे हिमांशु ने अपनी माता को बताया कि वह अभियुक्त गण की अवैध मांग पूरी न करने में असमर्थ है।

ऐसी बदनामी और बेज्जती से मरना अच्छा है इस कारण हिमांशु पांडे ने जहर का सेवन कर लिया और बरेली के मेडिसिटी अस्पताल में हिमांशु को भर्ती कराया गया जहां पर इलाज दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक हिमांशु पांडे के पिता बेनीराम ने अपने पुत्र की मृत्यु के लिए अभियुक्त गण संयुक्त रूप से दोषी हैं।

# नगर व गांवों में बदमाशों का आतंक जारी

## दिन ढलते ही गांव में शुरू हो जाती है फायरिंग

**मसवासी।** नगर समेत क्षेत्र के आसपास के गांव में बदमाशों का आतंक बरकरार रहने से लोगों की रात की नींद हराम हो गई है वहीं पुलिस ने भी बदमाशों की घेरा. बंदी के लिए रात्रि गश्त तेज कर दी है। उधर शिवनगर बब्बरपुरी में एक परिवार बदमाशों से मारपीट के बाद उत्तराखंड के टनकपुर को पलायन कर गया है। मसवासी कस्बा समेत बिजारखाता खोद कला खानपुर उत्तरी नानकार रानी मानपुर उत्तरी शिकारपुर मोतीपुरा समेत आसपास के गांव में बदमाशों का आतंक बना हुआ है रात्रि दस बजे के बाद इन गांव में शोर शराबा शुरू हो जाता है फायरिंग की घटनाओं से गांव दहल जाते हैं जिससे ग्रामीणों की रात की नींद हराम हो गई है। बदमाशों के आतंक के चलते ग्रामीण अपने मकान की छतों पर रात जाग कर गुजर रहे हैं। पुलिस और चौकीदार भी रात्रि गश्त कर रहे हैं लेकिन बदमाश थमने का नाम नहीं ले रहे है। रविवार की देर रात भी आसपास के गांव में बदमाशों के आने की सूचना पर ग्रामीणों ने फायरिंग कर दी फायरिंग से आसपास के गांव में दहशत व्याप्त हो गई लेकिन बदमाशों का कोई सुराग नहीं लगा। उधर शिवनगर बब्बरपुरी में बदमाश सद्दाम के घर घुस गए थे उसने बदमाश को पकड़ने का प्रयास किया तो अन्य बदमाशों ने उसके साथ मारपीट कर कपड़े फाड़ दिए थे सोमवार को बदमाशों की दहशत के चलते सद्दाम परिवार सहित उत्तराखंड के टनकपुर को पलायन कर गया है। उधर स्वर कोतवाल प्रदीप कुमार मलिक ने बताया की रात्रि गश्त तेज कर दी गई है और बदमाशों को पकड़ने का प्रयास जारी है।

# वाराणसी में हुए मुकदमे को लेकर कांग्रेस पार्टी ने सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** सोमवार को तहसील परिसर शाहबाद में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर सभी जिलों एवं तहसीलों में कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय जी एवं उनके साथ दस लोगों पर वाराणसी में हुए मुकदमे के विरोध में एक ज्ञापन राज्यपाल जी के नाम सौंपा गया ओर जल्द से जल्द इस मुकदमे को समाप्त करने की मांग की गई। इस दौरान नगर शाहाबाद में कांग्रेस पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष बाबू फौजी की नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों ने तहसील पहुंच कर एसडीएम ना होने पर नायब तहस. ीलदार हरीश जोशी को सौंपा ज्ञापन सौंपा।महंगाई ने आम इंसान की कमर तोड़ दी हे परन्तु यह सरकार महंगाई पर कुछ बोलने को तैयार नहीं है।

इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष बाबू फौजी ने कहा कि आने वाला दौर कांग्रेस पार्टी का आगामी विधानसभा इलेक्शन में कांग्रेस पार्टी अपनी सरकार बनाएगी। इस दौरान यूथ कांग्रेस के पूर्व नगर अध्यक्ष शाहजमान आर्यन ने कहा कि आज देश का युवा अपने हाथों में अपनी शिक्षा की डिग्रियां लेकर इधर उधर भटक रहा हे परंतु प्रदेश सरकार किसी भी तरह का रोजगार युवाओं को उपलब्ध ना कराने में सक्षम हे आने वाला दौर कांग्रेस पार्टी का हे देश के युवाओं समेत देश के बुजुर्गो की निगाह भी अब राहुल गांधी पर है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य एवं महासचिव कांग्रेस पार्टी नुसरत बैग सचिव शाहवेज खान ब्लॉक अध्यक्ष बाबू फौजी महासचिव शप्पू अंसारी, शाहजमान आर्यन, आसिफ सैफी मोहम्मद आलिम, इरशाद महमूद जाकिर हुसैन, सरफराज, मोहम्मद आसिफ, रिजवान दानिश नदीम मालिक समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# बिजली विभाग के खिलाफ व्यापार मंडल ने बैठक की



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** सोमवार उद्योग व्यापार प्रति. निधि मंडल की टीम ने नगर व तहसील अध्यक्ष अनवर अली की दुकान पर बैठक की जिसमें नगर व तहसील अध्यक्ष अनवर अली ने व्यापारियों को बताया कि स्वार के टाउन वाले बिजली घर का सरकारी फोन नंबर काफी दिनों से बंद पड़ा है जिससे स्वार नगर की जनता काफी परेशान हैं नगर में कहीं भी अगर कोई दिक्कत आती है जेसे किसी भी पोल में करंट उतरने लगता है या कहीं कोई तार टूट जाता है तो बिजली घर सूचना देने के लिए अगर फोन करना पड़े तो स्वार बिजली घर का फोन काफी टाइम से बंद पड़ा है कोई भी घटना अगर हो जाए इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा अगर बिजली घर के अधिकारियों ने अपना रवैया सही नहीं किया या फोन नंबर सही नहीं हुआ या समय पर फोन नहीं उठा तो उद्योग व्यापार प्रतिदिन मंडल एक बड़ा आंदोलन करेगा बिजली घर के अधिकारियों के खिलाफ। इस मौक पर मौजूद नगर व तहसील अध्यक्ष अनवर अली, हाशिम शान, अजीज मियां, गुड्डू हाफिज,गुड्डू अली, फुरकान अली, रेहान अली, सब्बू, मुशर्रफ अली, हामिद, भूरा, इरफान, इस्लाम, रईस, मतलूब, शकील सलमानी, फराज अहमद आदि मौजूद रहे।

## पत्रकार दंपति की स्कूटी कुत्ते से टकराई गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** टांडा बाजपुर मार्ग पर पत्रकार दंपति की स्कूटी कुत्ते से टकरा गई जिसमें दंपति समेत उनका बेटा भी गंभीर रूप से घायल हो गया घायल परिवार को केलाखेड़ा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना में घायल पत्रकार का मोबा. इल भी मददगार उठा कर ले गए इस मामले की सूचना मसवासी पुलिस को दी गई है।

जनपद उधम सिंह नगर के थाना केलाखेड़ा मोहल्ला आजाद नगर निवासी इमामी पुत्र पीर बख्श सोमवार की सुबह अपनी पत्नी हसीबा और पुत्र अरहान के साथ स्कूटी से एक रिश्तेदारी में टांडा को जा रहे थे की मसवासी पेट्रोल पंप के सामने टांडा मार्ग पर अचानक स्कूटी के सामने कुत्ता आ गया। जिससे टक्कर हो गई और पत्रकार दंपति टक्कर लगते ही मार्ग पर गिर गए और गंभीर रूप से चोटिल हो गए आसपास के राहगीरों ने उठकर नजदीकी एक अस्पताल में पहुंचाया। इसी दौरान मदद करने वाले लोगों ने ही उनका मोबाइल गायब कर दिया। होश आने पर उनका मोबाइल गायब था इस मामले की सूचना मसवासी पुलिस को दी गई है पुलिस मोबाइल की खोजबीन में जुटी हुई है।

# ईओ ने नगर में पॉलिथीन व अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए दुकानदारों को दिए निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** सोमवार को डिप्टी कलेक्टर/अधिशासी अधिकारी कुमार संजय द्वारा नगर पंचायत की टीम के साथ नगर में भ्रमण कर दुकानदारों को प्रति. बंधित पॉलिथीन का प्रयोग न करने एवं जिन दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों के आगे एवं नालों के ऊपर स्लिप आदि डालकर अवैध अतिक्रमण कर लिया है।

उनको तत्काल स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए जिससे कि नगर में कहीं भी जल भराव की समस्या उत्पन्न ना हो यदि कोई दुकानदार नालों पर अवैध अतिक्रमण किए हुए पाया जाता है एवं प्रतिबंधित पॉलीथीन बिक्री करते हुए पाया जाता है तो उसके विरुद्ध जुर्माना आरोपित कर अन्य विधिक करवाई अमल में लाई जाएगी जिसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

टीम में उनके साथ लिपिक वीर सिंह, लिपिक रिजवान खान प्रभारी स्वच्छ भारत मिशन मुजीब मियां, कंप्यूटर ऑपरेटर रेहान अहमद विकास कुमार माली एवं समस्त सफाई नायक उपस्थित रहे।

# हजारों श्रद्धालुओं ने सावन के प्रथम सोमवार को किया जलाभिषेक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** सावन माह शुरू होते ही सावन माह का पहला सोमवार भी आ गया मौसम सुहावना होने लगता है वहीं भोले भक्तों में भी जोश, जुनून और उत्साह भर जाता है। इस पवित्र महीने में लोग अपने नजदीकी शिवालय पर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक करते हैं और भगवान भोलेनाथ से अपनी मन्नतें पूरी करने का आशीर्वाद भी मांगते हैं। सावन में सोमवार के दिन का अधिक महत्व रहता है क्योंकि मान्यता है कि इस दिन जलाभिषेक करने से भगवान भोलेनाथ शीघ्र प्रसन्न होते हैं और अपने भक्तों सभी बुराइयों से बचाते हुए उनकी सभी मनोकामनाएं पूरी करते हैं। सावन के प्रथम सोमवार के दिन हजारों लोगों ने ग्राम परौता स्थित शिव मंदिर के साथ-साथ शाहबाद में चंदौसी रोड स्थित भगवान भोलेनाथ के मंदिर पहुंचकर शिव. लिंग पर जलाभिषेक किया। शिव भक्तों ने जलाभिषेक के साथ-साथ बेल पत्ती, धतूरा, दूध आदि से भी जलाभिषेक किया और भगवान भोलेनाथ से अपने परिवार के साथ-साथ देश और समाज में सुख, शांति और समृद्धि का वरदान भी मांगा। सुरक्षा की दृष्टि से कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पंकज पंत, उप निरीक्षक आदेश कुमार व अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

## सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मैंने अपने पुत्र नावेद अली को अभद्र व्यवहार तथा गलत आचरण के चलते अपनी चल व चल संपत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में मुझसे व मेरे परिवार से उसका कोई सम्बन्ध नहीं रहेगा। अपने कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**नक्शे अली पुत्र श्री नौशे अली निवासी ग्राम भगवन्त नगर तह.व थाना स्वार जिला रामपुर।**

## सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मैं और मेरे परिवार ने अपने पुत्र फहीम व पुत्रवधु फरहीना को गलत व्यवहार के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं। वे अपने सभी कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**शहजादे पुत्र जमील निवासी मोहल्ला मैगजीन चौकी टीन थाना सिविल लाइन तहसील सदर रामपुर।**

## सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मैनें अपने पुत्र गुरविन्दर सिंह को गलत आचरण और गलत संगत में पड़ जाने के कारण अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में मुझसे व मेरे परिवार वालो से कोई सम्बन्ध नही रहेगा। अपने कृत्य के वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**हरदेव सिंह पुत्र श्री सन्तोख सिंह निवासी ग्राम रम्पुरा बुजुर्ग थाना खजुरिया जिला रामपुर।**

# श्रावण के प्रथम सोमवार को शिवालयों पर शिवभक्तों ने किया जल अभिषेक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** नगर में श्रावण मास के प्रारंभ होते ही शिव भक्त हुए प्रसन्न श्रावण मास के प्रथम सोमवार को शिवभक्तों ने भगवान शिव को प्रसन्न करने हेतू उपवास रख शिवालयों में जाकर शिव. लिंग पर जल अभिषेक किया।

घंटा घड़ियालों द्वारा पूजा अर्चना कर मांगी मन्नतें शिवालय शिवभक्तों द्वारा बोले गए ॐ नमः शिवाय मंत्र से गुंजायमान हो उठे शिव मंदिर यह महीना केवल एक धार्मिक पर्व नहीं बल्कि आत्मशुद्धि, आत्मसमर्पण और शिवभक्ति की एक गहन अनुभूति है। माना जाता है कि श्रावण मास के हर सोमवार को उपवास रखने और शिव पूजा करने से विशेष पुण्य प्राप्त होता है शिव पार्वती विवाह कथा का श्रवण भी विशेष रूप से करना चाहिए इस माह में देवी पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठिन तप किया था इसलिए भी यह महीना पवित्र माना जाता है।

वहीं शिवभक्तों की सुरक्षा हेतू शिवालयों पर पुलिस बल मौजूद रहा।

# लेखपाल संघ ने दो मिनट का मौन रखकर साथी को दी श्रद्धांजली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** सोमवार को तहसील शाहबाद में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की प्रदेश कार्यकारिणी के आहवान पर चकबंदी लेखपाल सुभाष मीणा की मौत पर दो मिनट का मौन धारण कर मृतक की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और श्रद्धांजलि दी, जिसके बाद सीएम यूपी को संबोधित ज्ञापन द्वारा उपजिलाधिकारी शाहबाद के माध्यम से तहसील ने उपस्थित तहसीलदार अमित कुमार सिंह को सौंपा और अपना विरोध दर्ज कराया लेखपालों का आरोप है कि हापुड़ के जिलाधिकारी के दमनात्मक व्यवहार और बिना जांच के कार्रवाई से लेखपाल तनाव में थे, जिसके कारण उनकी मृत्यु हो गई।

लेखपाल संघ ने मृतक के परिवार के लिए आर्थिक सहायता और आश्रित को सरकारी नौकरी देने की मांग की है, साथ ही दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की है। इस दौरान लेखपाल संघ के पदाधिकारी रमन कुमार , तौकीर अहमद, मनोज यादव ,सुनीत कुमार, अनिल गंगवार ,राहुल कुमार, भूमित व्यास, सुरेंद्र बिश्नोई, राजवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# डीएम और एसपी ने कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत राष्ट्रीय राजमार्ग का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सोमवार को जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह और पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने मुरादाबाद-बरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर कांवड़ियों के लिए सुगम मार्ग एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत व्यवस्थाओं का स्थलीय जायजा लिया।

कावड़ यात्रा के दृष्टिगत राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के बेहतर इंतजाम किए गये हैं। जनपद के सभी महत्वपूर्ण मंदिरों व कांवड़ यात्रा मार्गों पर प्रशासनिक अधिकारियों एवं पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि श्रावण मास के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए।



विशेष रूप से कांवड़ मार्गों, शिवालयों, पूजा स्थल परिसरों और इसके आसपास साफ सफाई, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, चिकित्सा, ट्रैफिक प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित लगातार निर्देश दिये जा रहे हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से भ्रमण व निरीक्षण करते हुए कांवड़ मार्गों पर स्थित ढ़ाबों, रेस्टोरेंट व स्टालों पर स्टीकर आदि का प्रदर्शन सुनिश्चित कराया जा रहा है।

खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा सभी खाद्य पदार्थ दुकानदारों को सख्त निर्देशित किया गया है कि निर्धारित रेट सूची सहित ताजा व शुद्ध खाद्य पदार्थ ही बेचें।

किचन में भी पर्याप्त साफ सफाई व्यवस्था रखें और मिलावटी, अपमिश्रित खाद्य पदार्थ पाए जाने पर दुकानदार के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जायेगी।

जिलाधिकारी ने बताया कि श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर सभी भक्तों द्वारा मंदिरों पर शांतिपूर्वक पूजा अर्चना एवं जलाभिषेक किया जा रहा है। सभी मंदिरों पर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल तैनात हैं।

# समाजसेवी के प्रयास से बची मासूम की जिंदगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सोमवार को निवर्तमान जिला अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश बौद्ध ने एक जरूरतमंद व्यक्ति मनवीर सिंह की बेटी रानी जो कि गंभीर रूप से बीमार थी उनको अपनी गाड़ी से जिला अस्पताल में एडमिट करवाया तथा डॉक्टर दशरथ से मुलाकात करके बेटी के सही उपचार के लिए आग्रह किया। सख्त खून की आवश्यकता थी इस उपरांत जिला अस्पताल में अल असर एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी का एक ब्लड डोनेट कैंप चल रहा था जिसके प्रेसिडेंट साहब मियां हैं निवर्तमान जिला अध्यक्ष ने साहब मियां से बेटी को डोनेशन के माध्यम से ब्लड देने का आग्रह किया। निवर्तमान जिला अध्यक्ष के आग्रह पर साहब मियां ने ब्लड अरेंज करवाया और एक नई जिंदगी देने का कार्य किया। निवर्तमान जिलाध्यक्ष तथा बहुजन समाज पार्टी साहब मियां के इस नेक कार्य को नहीं भुलाया जा सकता तथा एक फूलों का बुके देकर उनका हृदय से आभार व्यक्त किया गया।




# कुपोषण रोकने के लिए 15 जुलाई से सम्भव अभियान प्रारम्भ

## जनपद की 100 आंगनबाड़ी केंद्रों पर होगा बच्चों के वजन व लम्बाई का परीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बच्चों में कुपोषण की रोकथाम के लिए संभव अभियान 5.0 की शुरुआत की जा रही है। जिसके तहत जनपद रामपुर के 100 ऐसे आंगनबाड़ी केंद्र जिन पर कुपोषित बच्चों की संख्या सर्वाधिक है, उन प्रत्येक केंद्र पर नोडल अधिकारी के रूप में अलग-अलग अधिकारियों की ड्यूटी जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह के निर्देश पर लगायी गयी है। इस अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए विकास भवन सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र जायसवाल ने बताया कि नामित



नोडल अधिकारी 15 जुलाई 2025 को अपने आवंटित आंगनबाड़ी केंद्र पर पहुंचकर 0-5 वर्ष के बच्चों का वजन, लंबाई अपने सामने लेकर पोषण ट्रैकर एप पर फीड करायेंगे, जिससे कि आंगनबाडी केन्द्र पर पंजीकृत बच्चों की पोषण श्रेणी के बारे में सही-सही जानकारी प्राप्त हो सके और इसके अनुरुप ही उन बच्चों का पोषण प्रबन्धन किया जा सके।

उन्होंने बताया कि इन 100 केन्द्रों पर मिशन मोड में यह कार्यवाही की जा रही है, इसमें नामित नोडल अधिकारी के साथ-साथ सह नोडल के रुप में एएनएम तथा मोबाइलजर के रुप में ग्राम पंचायत सहायक, टीचर, आशा, कोटेदार, उन ग्राम पंचायत की अन्य आँगनबाडी कार्यकत्री/सहायिकाओं को लगाया गया है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि माह जुलाई से सितम्बर तक बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग सयुक्त प्रयासों से सम्भव अभियान का संचालन किया जा रहा है, जिसमें कुपोषित बच्चे एवं एनीमिक गर्भवती मातायें लक्षित समूहों के रुप में हैं।

# चार योजनाओं से सत्ता में बने रहे सचिव, फिर भी नहीं हो रहा मोह भंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**एएसपीजी कॉलेज का है मामला, आखिर क्या है कालातीत कमेटी के सचिव का खेल**



**मवाना।** तहसील क्षेत्र के सबसे प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में से एक एएसपीजी कॉलेज इन दिनों शिक्षा की वजह से कम, प्रबंध समिति के राजनीतिक अखाड़े की वजह से खासा चर्चाओं में है। कालातीत हो चुकी प्रबंध समिति के सचिव का मोह कॉलेज से नहीं छूट पा रहा है। जबकि वह पिछली चार योजनाओं से इस पद पर विराजित रह चुके हैं। इसका प्रमाण सभी के सामने है कि निर्विरोध चुनी गई प्रबंध समिति के खिलाफ वह खुलकर मैदान में उतर चुके हैं और समिति बॉयलॉज के विरुद्ध जाकर अध्यक्ष पद का हनन करते हुए उन्हें कॉलेज के फर्जी लेटर पेड पर आम सभा बुला ली।

### शिक्षा के क्षेत्र में दूर-दूर तक है नाम

नगर के एएसपीजी कॉलेज का नाम क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि दूर दराज तक शिक्षा के क्षेत्र में प्रसिद्ध है। इस कॉलेज को एएस डिग्री कॉलेज एसोसियेशन नाम की समिति संचालित करती है। पिछले कई दशकों से कॉलेज का नाम अर्श पर है, लेकिन इन दिनों कॉलेज का नाम राजनीतिक अखाड़े के रूप में चर्चाओं में है।

### चार योजनाओं से हैं सचिव

एएस डिग्री कॉलेज एसोसियेशन की कालातीत हो चुकी प्रबंध समिति सचिव पिछली चार योजनाओं से सचिव रह चुके हैं। इन्हीं सचिव ने दो महीने पहले कार्यकाल पूरा होने पर व्यापारी विनोद गुप्ता को खुद मनोनीत किया था। उसके बाद जब चुनाव अधिकारी ने निष्पक्ष चुनाव कराने की बात कही तो यह बात सचिव को नागवार गुजरी और चुनाव प्रक्रिया के बीच में चुनाव अधिकारी को हटाने का प्रेस नोट जारी कर दिया। उसके बाद भी प्रक्रिया के तहत चुनाव अधिकारी ने चुनाव निष्पक्ष करा दिया। पूरी प्रबंध समिति निर्विरोध चुनी गई, लेकिन रोड़ा अटकाते हुए समिति अनुमोदन में शिकायत करा दी गई।

### अध्यक्ष को है आम सभा बुलाने का अधिकार

एसोसियेशन की प्रबंध समिति में आम सभा बुलाने का अधिकार सिर्फ अध्यक्ष को होता है, लेकिन कालातीत हुई प्रबंध समिति के सचिव ने कॉलेज के लेटर पेड पर बिना पत्रांक संख्या और तारीख के 13 जुलाई को आम सभा बुलाने का पत्र जारी कर दिया। जबकि निर्विरोध चुनी गई प्रबंध समिति का वाद अभी विचाराधीन है। फिर भी इस तरह से आम सभा बुलाना समिति के आम सदस्यों के भी गले नहीं उतर रहा है। खुद ही सचिव ने अध्यक्ष पद के अधिकारों का हनन करते हुए यह अवैधानिक पत्र जारी कर दिया।

### लाखों का खेल होने की चर्चा

नगर में चर्चाओं का बाजार गरम है कि पिछले कुछ वर्षों में कॉलेज समिति के खातों में लाखों रुपए का घोटाला हुआ है।

इसी घोटाले को छिपाने के नियत से कालातीत कमेटी के सचिव फिर से सत्ता में काबिज होने के ख्वाब देख रहे हैं। चर्चाओं को लेकर सवाल पूछे जाने पर निर्विरोध चुने गए समिति उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता आदेश शर्मा ने कहा कि पिछले कुछ सालों में खातों से आहरित धनराशि का ऑडिट कराया जाएगा। यदि कोई घोटाला मिला तो आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कराई जाएगी।

# कांवड़ियों ने स्कूल बस में की तोड़फोड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कांवड़ यात्रा के दौरान उस समय तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई जब एक स्कूल बस ने जल लेकर जा रहे तीन कांवड़ियों को टक्कर मार दी। पुलिस के मुताबिक इस हादसे में तीनों श्रद्धालु घायल हो गए, जिसके बाद नाराज कांवड़ियों ने बस में तोड़फोड़ की कोशिश की, लेकिन वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने किसी तरह मामले को शांत कराया।



पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह घटना जिले के सदर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बेगमपुल चौकी के पास दिल्ली मार्ग पर हुई। गाजियाबाद निवासी संदीप, बॉबी और अभिषेक हरिद्वार से जल लेकर लौट रहे थे, तभी कैंट अस्पताल के समीप पीछे से आई स्कूल बस कांवड़ियों से मामूली रूप से टकरा गई। टक्कर लगते ही तीनों कांवड़िए घायल हो गये। इस घटना से आक्रोशित अन्य कांवड़ियों ने बस को घेर लिया और उसके शीशे तोड़ डाले। उन्होंने बस चालक के साथ मारपीट भी की, जो घबराकर वाहन छोड़कर भाग निकला। इस घटना के चलते कुछ देर के लिए मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही क्षेत्रधिकारी सीओ-कैंट संतोष कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस अधीक्षक शहर आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि घटना में तीन कांवड़िए मामूली रूप से घायल हुए थे, जिनको प्राथमिक उपचार के बाद आगे उनकी यात्रा के लिए भेज दिया गया है।




घटना के बाद दिल्ली रोड पर खड़ी स्कूल बस।

# मानसिक तनाव में जानी नहर में कूदी महिला, राहगीरों ने बचाई जान

**पुलिस ने महिला को उपचार के लिए भेजा अस्पताल, लोगों में चर्चा का बाजार गर्म**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** सोमवार को जानी नहर पुल पर एक 40 वर्षीय तान्या महिला निवासी सिवालखास की रहने वाली है अचानक नहर में कूद गई तभी वहा अचानक हड़कंप मच गया। तभी मौके पर मेरठ से कांवड़ डयूटी पर तैनात एक दरोगा यतेन्द्र कुमार नहर में एक झाड़ियां में कुद गये तभी वहा पर राहगीरों की मदद से महिला को सकुशल बाहर निकाल लिया। महिला काफी तनाव में थी तभी मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने महिला को पास के अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसका उपचार चल रहा था पता चला है की महिला किसी घरेलू तनाव से पीड़ित चल रही थी। वहीं घटनास्थल पर ग्रामीणों की काफी भीड़ लग गई थी।



# डीएम ने मवाना गंग नहर पटरी व गढ़ रोड कांवड़ मार्ग का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कांवड़ यात्रा को सकुशल, शांतिपूर्ण संपन्न कराए जाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को डीएम डॉ. वी.के. सिंह एवं एसएसपी विपिन ताडा द्वारा मवाना गंगनहर पटरी व गढ़ रोड कांवड़ मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया गया।



उन्होंने मवाना पुल से शाहजहांपुर पुल तक गंगनहर पटरी तथा शाहजहांपुर पुल से मेरठ गढ़ रोड तक कांवड़ मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, साफ सफाई, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, सडक मरम्मत पेंचवर्क, जल निकासी, शौचालय, पेयजल, साईनेज, स्ट्रीट लाईट, विद्युत खंभो को पालिथीन से कवर कराने, ट्रांसफार्मर को जाली से कवर कराने आदि व्यवस्थाओ का जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीणो से वार्ता की तथा संबंधित अधिकारी को ग्रामीणो द्वारा बताई गई समस्याओ का तत्काल संज्ञान लेते हुये निस्तारण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने समस्त संबंधित अधिकारियो को अपने अपने क्षेत्र में लगातार भ्रमण शील रहने व समस्त व्यवस्थाओ को दुरूस्त कराये जाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर एसडीएम मवाना संतोष कुमार, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार, अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड, लोनिवि सतेन्द्र सिंह सहित सिंचाई विभाग, विद्युत विभाग, वन विभाग, पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सरकार की दमनकारी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** महानगर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय पर दर्ज फर्जी मुकदमों और कांग्रेस नेताओं पर हो रहे दमन के विरोध में एक जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा एवं पूर्व जिला अध्यक्ष अवनीश काजला ने किया। इस अवसर पर सभी कांग्रेसजन जिला अधिकारी कार्यालय, में एकत्रित हुए और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। उन्होंने विपक्षी नेताओं पर किए जा रहे फर्जी मुकदमों की कड़ी निंदा की तथा लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा की मांग की गई। ज्ञापन में मुख्य रूप से तीन मांगें उठाई गईं।

# सावन के पहले सोमवार को शिवालयों में उमड़ी भीड़



**गंगानगर।** क्षेत्र में सावन के पवित्र माह के पहले सोमवार को शिवालयों में भक्तों की खासी भीड़ उमड़ी। हर-हर महादेव के उद्घोष के बीच श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की। सोमवार को मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना जाना शुरू हो गया था। श्रद्धालुओं ने शिवालयों में गंगाजल, दूध, दही से जलाभिषेक कर बेलपत्र, चावल व पुष्प से भगवान शिव की पूजा की।

गंगानगर, डिफेंस कालोनी में स्थित शिव मंदिरों पर भी शिव भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। शिव भक्तों की लंबी-लंबी कतारे इन मंदिरों पर देखी गई। कसेरूखेड़ा स्थित रामेश्वरम राधा कृष्ण मंदिर में भी सावन के पहले सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सोमवार की अल सुबह से ही शिव भक्त हाथों में लोटा एवं टोकरी में फल, फूल, बेलपत्र लिए श्री रामेश्वरम राधा कृष्ण मंदिर में पहुंचे। जहां भक्तों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। सोमवार की सुबह बारिश के बावजूद भी मंदिर में श्रद्धालुओं का आना लगा रहा।

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मैसर्स पलक इण्टर प्राइजेज रामपुर रोड बिलासपुर जिला रामपुर उत्तर प्रदेश नामक फर्म में दिनांक 25.08.2015 को पार्टनर अजीत जैन कुमार पुत्र स्वर्गीय डी.के. जैन रामपुर रोड बिलासपुर जिला रामपुर का स्वर्गवास हो चुका है तथा दिनांक 21.06.2025 को सम्भव जैन पुत्र श्री नरेश कुमार जैन निवासी मौहल्ला साहूकारा तहसील एवं पोस्ट ऑफिस बिलासपुर जिला रामपुर भागीदार के रूप में शामिल हो गये है तथा उक्त फर्म पर स्वर्गवासी पार्टनर की कोई देनदारी व लेनदारी बकाया नहीं है।

वर्तमान में फर्म में दो पार्टनर श्री राजीव कुमार जैन व सम्भव जैन हो गये हैं।

**भवदीय-राजीव कुमार जैन**
**पार्टनर-मैसर्स पलक इण्टर प्राइजेज**
**रामपुर रोड बिलासपुर जिला रामपुर**

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मैसर्स 'पलक इण्टर प्राइजेज रामपुर रोड बिलासपुर जिला रामपुर उत्तर प्रदेश' नामक फर्म में भागीदार रितेश जैन पुत्र स्व0 अजीत कुमार जैन निवासी मौहल्ला साहूकारा तहसील एवं डाकखाना बिलासपुर जिला रामपुर का स्वर्गवास दिनांक 13.04.2022 को एवं नईम खान पुत्र स्व0 मौहम्मद शफी खान निवासी मौहल्ला घेरतांगा थाना गंज तहसील एवं डाकखाना रामपुर जिला रामपुर का स्वर्गवास दिनांक 03.09.2019 को हो गया है। राजीव कुमार जैन पुत्र श्री आनन्द कुमार जैन, सम्भव जैन पुत्र श्री नरेश कुमार जैन, नरेश कुमार जैन पुत्र स्व0 राजकुमार जैन निवासीगण मौहल्ला साहूकारा तहसील एवं डाकखाना बिलासपुर जिला रामपुर के द्वारा भागीदारी को विघटित करते हुए विघटन विलेख दिनांक 21.06.2025 को निष्पादित कर दिया है। भागीदारों पर फर्म की एवं फर्म पर भागीदारों की कोई लेनदारी व देनदारी शेष नहीं है। फर्म के विघटन के समय फर्म की कोई सम्पत्ति शेष नहीं है।

**पार्टनर-राजीव कुमार जैन**
**मैसर्स पलक इण्टर प्राइजेज**
**रामपुर रोड बिलासपुर जिला रामपुर**

# राज्यमंत्री दिनेश खटीक को पड़ा दिल का दौरा, हालत स्थिर

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश सरकार में जलशक्ति राज्य मंत्री और हस्तिनापुर विधानसभा सीट से विधायक दिनेश खटीक को रविवार देर रात अचानक सीने में तेज दर्द और बेचैनी की शिकायत हुई, जिसके बाद उन्हें तुरंत मेरठ के आनंद हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्रारंभिक जांच में हार्ट अटैक की पुष्टि की, जिसके बाद उनकी एंजियोग्राफी की गई। इलाज कर रहे वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. ममतेश गुप्ता ने बताया कि मंत्री के हृदय की नसों में ब्लॉकेज पाया गया, जिसके बाद तत्काल ऑपरेशन कर स्टेंट डाला गया।



# आशियाना कालोनी की 15 हजार गज जमीन कब्जाने का आरोप

**मेरठ।** सोमवार को मवाना के मौहल्ला मुन्ना लाल के कुछ लोग शादाब पुत्र जमीरूद्दीन के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पहुंचे और भूमाफिया के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पीड़ितों के अनुसार शादाब व जुल्फुकार और अनीस की जमीन को राजमोहन राणा, आकाश धामा, हसीना, दिलशाद और शाहरूख आदि ने एक भूमाफिया गिरोह बनाकर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। यहीं नहीं कुछ जमीन पर तो अवैध रूप से मकान बनाने का भी आरोप लगाया गया है।

## सावन का पहला सोमवार

# फिरोजपुर महादेव मंदिर पर श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**श्रद्धालुओं ने परिवार की लंबी आयु की मांगी कामना, मंदिर पर भक्तों को लगा रहा तांता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव सैफपुर फिरोजपुर के समीप स्थित महादेव मंदिर पर सावन के पहले सोमवार को श्रद्धालुओं ने भगवान आशुतोष के शिवलिंग पर जलाभिषेक कर परिवार की लंबी आयु की कामना की। सोमवार को सुबह से ही भगवान आशुतोष के शिवलिंग पर दूध, दहीं, फल बेल पत्थर के पत्ते से जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

जिसमें श्रद्धालुओं ने भगवान आशुतोष के शिवलिंग पर जलाभिषेक कर परिवार की सुख शांति एवं लंबी आयु की कामना की।

# तक्षशिला स्कूल में धूमधाम से मनाई गई सावन शिवरात्रि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेड़ा स्थित तक्षशिला पब्लिक स्कूल में सोमवार को सावन शिवरात्रि पर्व के उपलक्ष में शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन कुमार पथरा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस अवसर पर बच्चों ने शिव तांडव स्त्रेत गीत पर तथा भोले बाबा मेरे हैं मैं बेटी हूं महाकाल की आदि गीतों पर कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिससे सम्पूर्ण वातावरण शिवमय हो गया।

खेल विशेष

## जैनिक सिनर ने जीता विंबलडन मेंस का खिताब

**लंदन, वार्ता।** वर्ल्ड नंबर-1 जैनिक सिनर ने विंबलडन के मेंस सिंगल्स का खिताब जीत लिया है। सिनर ने पहली बार यह टाइटल जीता है। वे विंबलडन चैंपियनशिप का मेंस सिंगल्स टाइटल जीतने वाले इटली के पहले खिलाड़ी बने हैं। लंदन के आल इंग्लैंड क्लब के सेंटर कोर्ट में इटली के सिनर ने रविवार रात को 3 घंटे 4 मिनट चले मुकाबले में स्पेन के कार्लोस अल्काराज को 4-6, 6-4, 6-4, 6-4 से हराया। इस जीत के साथ सिनर ने अल्काराज से 5 हफ्ते पुराना हिसाब भी चुकता कर लिया है। 8 जून 2025 को अल्काराज ने सिनर को हराकर फ्रेंच ओपन का खिताब जीता था। सिनर ने पहली बार विम्बलडन ट्रॉफी जीती है। वे विंबलडन चैंपियनशिप के मेंस सिंगल्स टाइटल जीतने वाले इटली के पहले खिलाड़ी हैं। यह सिनर का चौथा ग्रैंड स्लैम टाइटल है। वे आस्ट्रेलिया ओपन में 2 (2024, 2025) और ै ओपन में एक (2024) बार चौंपियन बन चुके हैं। मैं अपने सपने को जी रहा हूं- सिनर सिनर ने पहली बार विम्बलडन जीतने पर कहा, मेरे अलावा सिर्फ मेरे करीबी लोग ही जानते हैं कि हमने टेनिस कोर्ट और कोर्ट के बाहर क्या कुछ झेला है। ये बहुत स्पेशल है। मैं अपने सपने को जी रहा हूं। सिनर से लगातार 5 जीत के बाद हारे अल्कराज विंबलडन के पिछले 2 टाइटल जीतने वाले अल्कराज अपने इटैलियन प्रतिद्वंद्वी सिनर के खिलाफ 5 मैच बाद हारे हैं। अल्कराज ने 3 घंटे 4 मिनट चले इस मैच का पहला सेट 6-4 से जीता और मैच में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। यहां से इटली के सिनर ने लगातार तीन सेट 6-4, 6-4, 6-4 से जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। इगाने जीता विमेंस सिंगल्स का खिताब एक दिन पहले शनिवार, 12 जुलाई को इगा ने विंबलडन के विमेंस सिंगल्स का खिताब जीता था।

# इंग्लैंड ने लॉर्ड्स टेस्ट 22 रन से जीता

### 193 रन नहीं बना सका भारत, सीरीज में 1-2 से पिछड़ा, आर्चर-स्टोक्स को मिले 3-3 विकेट



**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड ने लाड्र्स टेस्ट में भारत को 22 रन से हरा दिया। सोमवार को मैच के 5वें दिन भारत को 135 रन बनाने थे, 6 विकेट बाकी थे। टीम ने 112 रन बनाने में ही सभी विकेट गंवा दिए। इसी के साथ इंग्लैंड ने 5 टेस्ट की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में 2-1 की बढ़त बना ली। चौथा टेस्ट 23 जुलाई से मैनचेस्टर में खेला जाएगा। गुरुवार, 10 जुलाई को लंदन में इंग्लैंड ने बैटिंग चुनी। दोनों टीमें पहली पारी में 387-387 रन ही बना सकीं। दूसरी पारी में इंग्लैंड ने 192 रन बनाए।

193 रन के टारगेट के सामने भारत से केएल राहुल (39 रन) और रवींद्र जडेजा (नाबाद 61 रन) ही फाइट दिखा सके। बाकी कोई भी बैटर 15 रन का आंकड़ा भी नहीं छू सका। इंग्लैंड से बेन स्टोक्स और जोफा आर्चर ने 3-3 विकेट लिए। 75वां ओवर डाल रहे शोएब बशीर ने मोहम्मद सिराज को बोल्ड कर दिया। इसी के साथ भारतीय टीम दूसरी पारी में 170 रन पर ऑलआउट हो गई और 22 रन से हार गई। 74वें ओवर में जोफ्रा आर्चर की बाल मोहम्मद सिराज के कंधे पर लगी। आर्चर ने ओवर की आखिरी बाल बाउंसर डाली थी। सिराज ने इससे इससे बचने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुए। आखिरी दिन का दूसरा सेशन भारत के नाम रहा।

31.1 ओवर के इस सेशन में भारत ने एक विकेट खोकर 51 रन बना डाले। रवींद्र जडेजा ने जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के साथ साझेदारी की। उन्होंने इंग्लैंड के जीत के इंतजार को बढ़ा दिया। रवींद्र जडेजा ने 68वें ओवर की पहली बाल पर चौका लगाकर फिफ्टी पूरी की। उन्होंने बेन स्टोक्स की लेंथ को स्लिप के ऊपर से खेला और अर्धशतक पूरा किया। जडेजा ने लगातार चौथी पारी में फिफ्टी पूरी की है। 67वें ओवर में भारत ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया था। रवींद्र जडेजा ने बेन स्टोक्स के ओवर की आखिरी बाल पर चौका लगाया और स्कोर 150 पार पहुंचा दिया था। 62वें ओवर में भारतीय टीम ने 9वां विकेट गंवा दिया।

यहां जसप्रीत बुमराह 54 बाल पर 5 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें बेन स्टोक्स ने सब्स्टिट्यूट प्लेयर सैम कुक के हाथों कैच कराया। बुमराह ने जडेजा के साथ 132 बाल पर 35 रनों की साझेदारी की। रवींद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह की जोड़ी ने इंग्लैंड की जीत का इंतजार बढ़ा दिया। । दोनों ड्रिंक्स ब्रेक तक 81 बाल खेल चुके थे। इंडियन टीम ने 40वें ओवर की तीसरी बाल पर 8वां विकेट गंवाया था। 48वें ओवर में रवींद्र जडेजा क्रिस वोक्स की बाल पर आउट होने से बचे।





# चेल्सी ने जीता फीफा क्लब विश्वकप

- **23 वर्षीय पाल्मर को मैन ऑफ द मैच और टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया**

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** कोल पाल्मर के पहले हाफ में किये गए दो गोल और जोआओ पेड्रो के एक गोल की बदौलत चेल्सी ने फ्रेंच क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को 3-0 से हराकर फीफा क्लब विश्वकप के पहले संस्करण का खिताब अपने नाम किया। मेटलाइफ स्टेडियम में रविवार रात खेले गए फाइनल मुकाबले में पाल्मर ने अपनी टीम के लिए 22वें मिनट में गोल किया, और आठ मिनट बाद 30वें मिनट में दूसरा गोलकर बढ़त को दोगुना कर दिया। इसके बाद जोआओ पेड्रो ने तीसरा गोल दागकर स्कोर को 3-0 कर दिया। पीएसजी ने दूसरे हाफ में जवाबी हमला किया, लेकिन चेल्सी के गोलकीपर रॉबर्ट सां. चेज ने उनके सभी प्रयासों को विफल कर दिया। पीएसजी की वापसी की सारी उम्मीदें 84वें मिनट में उस समय धराशायी हो गईं जब मार्क कुकुरेला के बाल खींचने के कारण जोआओ नेवेस को मैदान से बाहर भेज दिया गया। मैच में दो शानदार गोल करने वाले 23 वर्षीय पाल्मर को मैन ऑफ द मैच और टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।



## भारतीय शतरंज प्रतिभाओं ने चमक बिखेरी-7 पदक हासिल किए

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने अंडर-8 से अंडर-12 आयु वर्ग के फिडे विश्व कप में कुल 18 में से 7 पदक जीतकर विश्व शतरंज में अपने बढ़ते प्रभुत्व का एक बार फिर प्रदर्शन किया है। यह इस आयोजन में किसी भी देश द्वारा जीते गए सर्वाधिक पदकों का रिकॉर्ड है, जिसने भारत की वैश्विक शतरंज महाशक्ति के रूप में स्थिति को और मजबूत किया है।

# एडेन मारक्रम-मैथ्यूज जून के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए

- **प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार फिर से प्राप्त करना मेरे लिए सम्मान की बात है: हेली मैथ्यूज**

**दुबई, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज एडेन मारक्रम को पुरुष वर्ग और वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज को महिला वर्ग में जून 2025 का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाजा गया है।

मारक्रम ने लॉड्र्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में अपने साथी खिलाड़ी कैगिसो रबाडा और श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज पथुम निसां. का को पछाड़कर पुरुष वर्ग का पुरस्कार जीता। 30 वर्षीय सलामी बल्लेबाज मारक्रम ने 207 गेंदों पर 136 रनों की शानदार पारी खेली और कप्तान तेम्बा बावुमा के साथ तीसरे विकेट के लिए 147 रनों की साझेदारी कर 282 रनों के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा किया। पाँच विकेट की इस जीत ने दक्षिण अफ्रीका को 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी के बाद पहली बार आईसीसी खिताब जीतने में मदद की। इसके साथ मारक्रम ने दोनों पारियों में एक-एक विकेट भी लिया। महिला वर्ग में मैथ्यूज ने दक्षिण अफ्रीका की ताजमिन ब्रिट्स और हमवतन अफी फ्लेचर को पछाड़कर ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर एश्ले गार्डनर के बाद चार बार यह पुरस्कार जीतने वाली दूसरी खिलाड़ी बन गईं। वेस्टइंडीज की कप्तान ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैचों में 104 रन बनाए, जिसमें तीसरे मैच में एक अर्धशतक भी शामिल है। उन्होंने श्रृंखला में चार विकेट भी लिए। जून माह का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने जाने पर मार्कराम ने कहा कि यह पुरस्कार प्राप्त करना मेरे लिए सम्मान की बात है। हमारी टीम और दक्षिण अफ्रीका के लिए आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की जीत में योगदान देना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मैथ्यूज ने कहा कि प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार फिर से प्राप्त करना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं हाल ही में अपने प्रदर्शन से खुश हूँ, लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि टीम की सफलता में योगदान देना बहुत अच्छा रहा।खासकर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक कड़ी टी-20 सीरीज में।

# डकेट के विकेट का जश्न मनाने पर सिराज पर लगा जुर्माना



**लॉर्ड्स, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारतीय गेंदबाज मोहम्मद सिराज पर बेन डकेट का विकेट लेने पर प्रतिक्रिया स्वरुप जश्न मनाने और बल्लेबाज से टकराने को लेकर 15 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना लगाया और एक डेमैरिट अंक उनके खाते में जोड़ा गया।

यह घटना भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन हुई। बेन डकेट को आउट करने के बाद मोहम्मद सिराज द्वारा व्यक्त की गई प्रतिक्रिया और वापस लौट रहे बल्लेबाज से टकराने को लेकर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना और एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया। 24 महीने की अवधि में यह दूसरी बार है जब उनके खाते मे डिमेरिट अंक जोड़ा गया है। उन्हें आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-5 का उल्लंघन का दोषी पाया गया।

# एमआई न्यूयॉर्क ने जीता मेजर लीग क्रिकेट का खिताब

- **कुंवरजीत की 13 गेंदों में नाबाद 22 रनों की तेज पारी एमआई की जीत में अहम साबित हुई**

**वॉशिंगटन, वार्ता।** एमआई न्यूयॉर्क ने वाशिंगटन फ्रीडम को रोमांचक मुकाबले में पांच रन से हराकर मेजर लीग क्रिकेट 2025 का खिताब जीता।

अमेरिका के डलास में ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में सोमवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में एमआई न्यूयॉर्क ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 180 रन बनाए। क्विंटन डिकॉक ने सबसे अधिक 77 रनों की पारी खेली। मोनांक पटेल ने भी तेज 28 रन जोड़े। कुंवरजीत सिंह की 13 गें. दों में नाबाद 22 रनों की तेज पारी एमआई न्यूयॉर्क के स्कोर को 180 तक पहुंचाने में अहम साबित हुई। वाशिंगटन फ्रीडम के पास खिताब बचाने का अच्छा अवसर था क्योंकि ग्लेन मैक्सवेल और ग्लेन फिलिप्स आखिरी ओवर में क्रीज पर थे, लेकिन 22 साल के अमेरिकी गें. दबाज रशील उगारकर ने दबाव में शानदार गेंदबाजी की और आखिरी ओवर में 12 रन बचाते हुए एमआई न्यूयॉर्क को दूसरी बार चैंपियन बना दिया। वाशिंगटन की शुरुआत अच्छी नहीं रही।




पहले ही ओवर में शून्य स्कोर पर ट्रेंट बोल्ट ने मिचेल ओवेन और एंड्रीस गाउस को आउट कर दिया। इसके बाद रचिन रविंद्र ने 41 गेंदों में 70 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। जैक एडवर्ड्स ने भी 22 गेंदों में 33 रन बनाए। दोनों बल्लेबाजों के बीच 84 रनों की साझेदारी हुई, जिससे वाशिंगटन की उम्मीदें जिंदा रहीं। मगर उगारकर और नोस्थुश केनजिगे ने अहम विकेट लेकर मैच का रुख पलट दिया।

# हमारे ड्रेसिंग रूम में अभी भी मजबूत बल्लेबाज है, जो जीत दिला सकते है: वॉशिंगटन

- **हमने जैसा सोचा था चीजें पूरी तरह से वैसी नहीं हुई, लेकिन हम सकारात्मक मानसिकता के साथ फिर आएंगे**

**लॉड्र्स, वार्ता।** इंग्लैंड की दूसरी पारी में चार विकेट झटकने वाले भारतीय टीम के ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर ने कहा कि अभी भी हमारे ड्रेसिंग रूम में मजबूत बल्लेबाज है जिनके दम पर हम यह टेस्ट जीत सकते है।चौथे दिन के खेल की समाप्ति के बाद वॉशिंगटन ने मीडिया से बातचीत में कहा कि हमने जैसा सोचा था चीजे पूरी तरह से वैसी नहीं हुई लेकिन हम सकारात्मक मानसिकता के साथ कल आएंगे।

ड्रेसिंग रूम में अभी भी हमारे पास काफी मजबूत बल्लेबाज मौजूद हैं। लॉड्र्स में टेस्ट जीतना बेहद खास होगा। इंग्लैंड के खिलाफ अपने प्रदर्शन को लेकर वॉशिंगटन ने कहा कि यह गेंद के साथ मेरे लिए सर्वश्रेष्ठ दिनों में से एक था, विशेष रूप से भारत के बाहर। मैं इस मैच से पहले कुछ योजना के साथ आया था और मैं उस रणनीति को अमलीजामा पहनाना चाहता था। मैं टीम के लिए हर चरण में योगदान देना चाहता था और मैं जिस तरह से प्रदर्शन करने में सफल रहा यह मेरे लिए सुखद अनुभव है। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ता है। विशेषकर इंग्लैंड में प्रदर्शन करना मेरे लिए काफी मायने रखता है क्योंकि इससे पता चलता है कि मैं इन परिस्थितियों में भी टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन कर सकता हूं।



# शादी के सात साल बाद अलग हुए साइना नेहवाल-पारुपल्ली

- **साइना नेहवान ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट लिखकर अपने अलग होने की पुष्टि की**

**नई दिल्ली, वार्ता।** बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल और पारुपल्ली कश्यप शादी के सात साल बाद आधिक. ारिक तौर पर अलग हो गए है। साइना ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट लिखकर अपने अगल होने की पुष्टि की।

उन्होंने लिखा कि कई बार जिंदगी हमें अलग रास्तों पर ले जाती है। सोच-विचार के बाद, कश्यप पारुपल्ली और मैंने अलग होने का फैसला लिया है। हम शांति, आगे बढ़ने और खुद को समझने के रास्ते को चुन रहे हैं। उन्होंने आगे लिखा कि बीते पलों के लिए शुक्रिया और आगे के लिए शुभकामनाएं। इस समय हमारी निजता का सम्मान करने के लिए धन्यवाद। भारतीय खेलों में कभी शक्तिशाली जोड़ी माने जाने वाले इस जोड़े ने हैदराबाद स्थित पुलेला गोपी. चंद अकादमी में एक साथ प्रशिक्षण लिया और बाद में 2004 में डेलटग शुरू की। करीब दस वर्ष की मित्रता के बाद 2018 में दोनों खिलाड़ी वैवाहिक बंधन में बंधे थे। वर्षों तक दोनों भारतीय खेल जगत की सबसे चर्चित जोड़ी में रहे। दोनों ही खिलाड़ियों का पेशेवर सफर उल्लेखनीय उपलब्धियों से भरा रहा है। साइना ने 2012 के लंदन ओलंपिक में विश्व की नंबर वन रैंलकग और कांस्य पदक जीतकर अपनी पहचान बनाई, वहीं पारुपल्ली ने 2014 के राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर और डब्ल्यूएफ की शीर्ष 10 रैंलकग में जगह बनाई। पारुपल्ली ने 2024 में बैडमिंटन से संन्यास ले लिया था। बीते कुछ सालों में वह साइना के कोच भी रहे। उनका रिश्ता पहले ट्रेनिंग पार्टनर से कोच-एथलीट की जोड़ी में बदला।

# ऑस्ट्रेलिया ने विंडीज को 143 रन पर रोका

- **दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने स्टंप तक 6 विकेट पर 99 रन बना लिए है**

**जमैका, वार्ता।** गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन वेस्टइंडीज को पहली पारी में 143 के स्कोर पर समेटने के बाद 82 रनों की बढ़त हासिल कर ली इसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए स्टंप्स तक छह विकेट पर 99 रन बना लिए हैं और कुल 181 रनों की बढ़त के साथ मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है।

दूसरे दिन वेस्टइंडीज ने एक विकेट पर 16 रन से आगे खेलना शुरु किया। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे वेस्टइंडीज के बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सके और एक-एक करके विकेट गवां रहे। वेस्टइंडीज का दूसरा विकेट ब्रैंडन किंग (14) के रूप में गिरा। इसके बाद कप्तान रॉस्टन चेज (18), जॉन कैंपबेल (36), मिकाइल लुईस (सात), शे होप (23), अल्जारी जोसेफ (दो) रन बनाकर आउट हुए। जस्टिन ग्रीव्स (18) रनआउट हुए। शमार जोसेफ (आठ) के रूप में वेस्टइंडीज का आखिरी विकेट 52-1 ओवर में 143 रन पर गिरा। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी के आधार पर 82 रनों की बढ़त ले ली। ऑस्ट्रेलिया की ओर से स्कॉट बोलैंड ने तीन विकेट लिए। जॉश हेजलवुड और पैट कमिंस ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया। मिचेल स्टार्क और बो वेब्स्टर को एक-एक विकेट मिला। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 19 के स्कोर पर अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गवां दिये। सैम कॉन्स्टास (शून्य) और उस्मान ख्वाजा (14) रन बनाकर आउट हुए। दोनों ही बल्लेबाजों को शमार जोसेफ ने आउट किया। इसके बाद अल्जारी जोसेफ ने ऑस्ट्रेलिया के तीन बल्लेबाजों को आउट किया। स्टीव स्मिथ (पांच), एलेक्स कैरी (तीन), बो वेब्स्टर (13) रन बनाकर आउट हुए। ट्रेविस हेड (16) को ग्रीव्स ने आउट किया। दूसरे दिन स्टंप के समय ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में छह विकेट पर 99 रन बनाकर लिए है और उसकी कुल बढ़त 181 रनों की हो गई। वेस्टइंडीज की ओर से अल्जारी जोसेफ ने तीन और शमार जोसेफ ने दो विकेट लिए। जस्टिन ग्रीव्स ने एक बल्लेबाज को आउट किया। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 225 रन बनाये थे।

## रग्बी विश्वकप 2027 क्वालीफाई को लेकर भिड़ेंगे जिम्बाब्वे और नामीबिया

**कंपाला, वार्ता।** जिम्बाब्वे और नाम. ीबिया रग्बी अफ्रीका कप फाइनल में शनिवार को ऑस्ट्रेलिया में 2027 में होने वाले रग्बी विश्वकप में सीधा क्वालीफाई के लिए भिड़ेंगे। नामीबिया ने रविवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल मुकाबले में अधिकतर समय गेंद पर कब्जा और क्षेत्र में दबदबा बनाये रखते हुए अल्जीरिया को 21-7 से हराया। अगर नामीबिया इस फाइनल मुकाबले में जीत दर्ज करता है तो यह आठवीं बार होगा जब वह विश्वकप में जगह बनायेगा। वहीं मंडेला नेशनल स्टेडियम में खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में जिम्बाब्वे ने केन्या को 29-23 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। जिम्बाब्वे हाफटाइम तक केन्या से 18-13 से पीछे था, लेकिन दूसरे हाफ में उसने वापसी करते हुए 16 अंक बनाकर जीत हासिल की।

# भारत का गौरव

भारत के लिए यह बेहद गौरव की बात है कि भारतीय अंतरिक्ष यात्री सुधांशु शुक्ला अंतरिक्ष में अपनी सफल यात्रा कर धरती की ओर लौट रहे हैं। वह सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएसएस) से रवाना हो गए। वह अपने तीन अंतरिक्ष यात्रियों के साथ लौट रहे हैं। उनके मंगलवार अपरान्ह तीन बजे धरती पर वापस लौटने की उम्मीद है। एएक्स 4 मिशन में शामिल स्पेस एक्स का ड्रेगन अंतरिक्ष यान भारतीय समय के अनुसार दोपहर बाद 4 बजकर 35 मिनट पर आईएसएस से अलग हो गया। एग्जिओम स्पेस के अनुसार 22:5 घंटे के बाद सभी यात्री अमेरिका के कैलिफोर्निया तट के पास समुद्र में उतरेंगे। शुभांशु शुक्ला इस मिशन में पायलट के तौर पर शामिल हुए थे। वहां उन्होंने कई अनुसंधान मिशनों को अंजाम दिया। जिनमें इसरो द्वारा तैयार किए गए मिशन भी शामिल थे। भारत भी अपने अंतरिक्ष मिशन गगन यान की तैयारी कर रहा है और जल्द ही इसे लॉन्च किए जाने की उम्मीद है। शुभांशु शुक्ला गगन यान मिशन के लिए भी चयनित संभावित क्र में शामिल हैं। वह इस क्रू में एकमात्र ऐसे सदस्य बन गए हैं जिनके पास अंतरिक्ष यात्रा का भी अनुभव होगा, जो इसरो के मिशन के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा, जैसाकि हम जानते हैं शुभांशु शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए 25 जून को धरती से रवाना हुए थे और यह मिशन 26 जून को आईएसएस पहुंचा था। शुभांशु शुक्ला राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष जाने वाले दूसरे भारतीय हैं। 41 साल पहले राकेश शर्मा ने यह गौरव हासिल किया था। वैसे भारतीय मूल की अमेरिकी नागरिक कल्पना चावला और सुनीता विलियम्स नासा के मिशनों में आईएसएस पर जा चुकी हैं। बताया जा रहा है कि शुल्का ने मिशन के दौरान 60 से ज्यादा वैज्ञानिक प्रयोगों में हिस्सा लिया, जिसमें भारत के साथ प्रयोग शामिल थे, उन्होंने मैथी और मूंग के बीजों को अंतरिक्ष में उगाया। स्पेस माइक्रोएल्गी प्रयोग में भी हिस्सा लिया। अंतरिक्ष में हड्डियों की सेहत पर भी प्रयोग किए गए। निश्चित रूप से इस तरह के मिशन में भाग लेने से भारत के वैज्ञानिकों में उत्साह का नया संचार पैदा होता है। विशेषकर युवाओं के लिए इस तरह के मिशन बेहद प्रेरक साबित होते हैं। शुभांशु शुक्ला ने आठ जुलाई को तिरुवनंतपुरम, बेंगलुरु और लखनऊ के 500 से अधिक छात्रों के साथ बातचीत की थी और उसका मकसद यही था कि युवाओं में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित के प्रति रूचि बढ़ी। उन्होंने 28 जून को अंतरिक्ष से ही पीएम मोदी के साथ लाइव वीडियो कान्फ्रेंस की थी, जिसमें पीएम उनसे पूछा था कि आप गाजर का हलवा लेकर गए हैं, क्या साथियों को खिलाया। इस पर शुभांशु शुक्ला ने हामी भरी थी और कहा था कि सबने बैठकर साथ खाया। अब सभी की नजर इस बात पर लगी है जब वह धरती पर लौटेंगे, तो अपने अनुभव साझा करेंगे, पूरा देश व दुनिया उनकी अंतरिक्ष यात्रा के अनुभव साझा करने के लिए पूरी तरह उत्सुक दिखाई दे रहा है, जोकि स्वाभाविक भी है। अब जबकि अपने पहले अंतरिक्ष मिशन के लिए भारत तैयारी कर रहा है, यह वह गगन यान नाम देकर कर रहा है। निश्चित रूप से शुभांशु शुक्ला भारत के इस मिशन में अपनी भूमिका निभाएंगे।

## सरकार के खिलाफ अदालत का सहारा लेना जरूरी



समाज में कुछ ऐसे लोग भी होने चाहिए, जो सरकार के खिलाफ केस दाखिल कर सकें, अगर सिस्टम में अनुशासन चाहिए, तो सरकार के खिलाफ अदालत का सहारा लेना जरूरी है, कई बार अदालत का आदेश ऐसे काम भी करवा देते हैं, जो सरकार नहीं करवा पातीं, समाज में कुछ लोगों को सरकार के खिलाफ अदालत में याचिकाएं दाखिल करनी चाहिएं, इससे नेताओं और सिस्टम में अनुशासन आता है, ऐसा इसलिए क्योंकि जनता को लुभाने की राजनीति नेताओं-मंत्रियों के आड़े आती है और वे जनहित में कदम नहीं उठा पाते, प्रशासन में अनुशासन बनाए रखने के लिए यह जरूरी चीज है।

**-नितिन गडकरी, केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री**

# डिजिटल-क्रांति से ही नकली नोटों पर नियंत्रण संभव






ललित गर्ग

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा हाल ही में जारी एक चौंकाने वाली रिपोर्ट ने न केवल अर्थव्यवस्था को, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा और नागरिकों की जागरूकता को भी झकझोर कर रख दिया है। आरबीआई के गवर्नर द्वारा संसदीय समिति में प्रस्तुत एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2024-25 में 500 रुपये के लगभग 1.8 लाख नोट नकली पाए गए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 37 प्रतिशत अधिक हैं। यह संख्या किसी सामान्य अपराध की नहीं, बल्कि राष्ट्र के विरुद्ध एक षड्यंत्र की कहानी कहती है। जो यह दर्शाता है कि कालाबाजारी करने वाले राष्ट्र विरोधी तत्व देश में मुद्रा की मांग का गलत फायदा उठा रहे हैं।

विडंबना यह है कि राजस्व खुफिया निदेशालय द्वारा नोट में इस्तेमाल होने वाले आयातित कागज और नकली नोट छापने में शामिल ऑपरेटरों पर लगातार कार्रवाई के बावजूद यह गंभीर समस्या बनी हुई है। यह न केवल नकली मुद्रा के बढ़ते खतरे को रेखांकित करता है, बल्कि राष्ट्र-विरोधी तंत्र की सुनियोजित साजिश का भी पर्दापाश करता है, जबकि 2016 में नोटबंदी के ऐतिहासिक निर्णय के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह स्पष्ट कर दिया था कि भ्रष्टाचार, कालेधन और नकली नोटों के खिलाफ लड़ाई उनकी प्राथमिकताओं में है। नोटबंदी केवल एक आर्थिक सुधार नहीं, बल्कि डिजिटल अर्थव्यवस्था की नींव रखने वाला साहसी एवं युगांतरकारी कदम था।

आज भारत को सिर्फ बाहरी सीमाओं पर नहीं, बल्कि आर्थिक मोर्चे पर भी एक युद्ध लड़ना पड़ रहा है, नकली मुद्रा के खिलाफ, भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ और राष्ट्रविरोधी मानसिकता के खिलाफ। इसमें विजय तभी संभव है, जब हम सब डिजिटल भारत के निर्माण में सहभागी बनें। नकली मुद्रा का मुद्दा केवल एक आर्थिक अपराध नहीं है। यह एक प्रकार का आर्थिक आतंकवाद है, जिसका उद्देश्य भारत की अर्थव्यवस्था को अस्थिर करना, महंगाई को बढ़ाना, काले धन को बढ़ावा देना और आतंकवाद को वित्त पोषण देना है। यह नकली नोट अधिकतर सीमापार से संचालित तंत्रों द्वारा भारत में भेजे जाते हैं, जो भारत की राजनीतिक स्थिरता, आर्थिक विकास और आंतरिक सुरक्षा को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। इस तरह राष्ट्र के विरुद्ध षड्यंत्र, साजिश एवं बड़े खतरों को अंजाम दिया जा रहा है, क्योंकि नकली नोट बाजार में असली नोटों के साथ मिलकर मुद्रा व्यवस्था को प्रभावित करते हैं। आम नागरिक अनजाने में इन्हें ले लेता है और आर्थिक नुकसान उठाता है। यह काले धन और आतंकवाद को पोषित करता है। नकली नोट सरकारी योजनाओं की निष्पक्षता और वितरण प्रणाली को भी प्रभावित करते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी की डिजिटल क्रांति न केवल नकली नोटों को नियंत्रित करने का बल्कि राष्ट्र-विरोधी तत्वों को नेस्तनाबूद करने का सशक्त माध्यम है। यह मोदी की दूरदृष्टि एवं नए भारत-विकसित भारत के विजन की विजय है, उनके ही विचारों में डिजिटल लेन-देन केवल तकनीक नहीं, यह राष्ट्र निर्माण का माध्यम है। आज के भारत की अर्थव्यवस्था एक निर्णायक दौर से गुजर रही है। डिजिटल ग्राम योजना, ई-गवर्नेंस, डिजिटल साक्षरता अभियान यानी तकनीक को गांव और गरीब तक पहुंचाने की पहल है। एक ओर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश डिजिटल इंडिया की ओर तेजी से बढ़ रहा है, वहीं दूसरी ओर नकली नोटों की बाढ़ एक अ.श्य आतंकवाद बनकर देश की अर्थव्यवस्था, समाज और सुरक्षा को चुनौती दे रही है। निस्संदेह, हाल के वर्षों में, भारत ने नकली नोटों की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने व काले धन पर रोक के लिए डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने के लिए अपनी स्थिति खासी मजबूत की है। सरकार की सोच है कि काले धन पर रोक लगाने के लिए नगद लेन-देन को हतोत्साहित किया जाए।

इस संकट की घड़ी में डिजिटल लेन-देन एक बड़ी राहत और समाधान बनकर उभरा है। यूपीआई, भीम मोबाइल वॉलेट्स, नेट बैंकिंग और कार्ड पेमेंट्स जैसे साधन नकली नोटों की समस्या को जड़ से समाप्त करने में सहायक हो सकते हैं। डिजिटल लेन-देन के लाभ ही लाभ है, पूर्ण पारदर्शिता यानी हर लेन-देन का डिजिटल रिकॉर्ड होता है, जिससे भ्रष्टाचार में कमी आती है। कर चोरी, हवाला, और मनी लॉन्ड्रिंग जैसी काली प्रवृत्तियां समाप्त होती है। नकली मुद्रा की संभावनाओं पर विराम लगता है, जिससे राष्ट्र-विरोधी तत्वों के षड्यंत्र एवं साजिशें नाकाम होती है। लेन-देन सेकंडों में पूरा होता है और उनमें सरलता भी रहती है। पासवर्ड आधारित सुरक्षा व्यवस्था से लेन-देन सुरक्षित रहता है। सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ लाभार्थियों तक पहुंचता है, पैसा सीधे उनके खातों में पहुंचता है, बिचौलियों की भूमिका समाप्त होती है। जिससे भ्रष्टाचार पर नियंत्रण होता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने हर मंच पर डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने की बात कही है। उन्होंने गांव-गांव जाकर लोगों को मोबाइल बैंकिंग, क्यूआर कोड, और कार्ड से भुगतान की शिक्षा देने की मुहिम चलाई है। इसका असर यह है कि आज भारत यूपीआई ट्रांजैक्शन में दुनिया में नंबर 1 है।


डिजिटल इंडिया गरीब को ताकत देता है, मिडल क्लास को सुविधा देता है और राष्ट्र को मजबूती देता है। भारत की असली शक्ति अब डिजिटल प्रचलन बन रही है, जहां एक बटन से करोड़ों का ट्रांजैक्शन सुरक्षित होता है। मोदी की डिजिटल क्रांति ने भारत को 21वीं सदी की आर्थिक महाशक्ति बनने की दिशा में मजबूत आधार दे दिया है। हम सबकी जिम्मेदारी है कि इस डिजिटल युद्ध में सहभागी बनें, नकली नोटों को ना कहें, डिजिटल लेन-देन को अपनाएं। यही राष्ट्रभक्ति है, यही समय की मांग है। संदिग्ध नकदी की सूचना तुरंत संबंधित एजेंसियों को दें। नकली नोटों की पहचान करना सीखें और दूसरों को भी जागरूक करें। निश्चित ही जहां नकली नोट देश की आत्मा को खोखला करते हैं, वहीं डिजिटल मुद्रा राष्ट्र की नींव को मजबूत करती है।

निस्संदेह, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई ने भारत के आर्थिक लेन-देन तंत्र में क्रांति ला दी है। भुगतान के तमाम विकल्पों ने भारतीय नागरिकों के आर्थिक व्यवहार को बहुत आसान बना दिया है। हालांकि, अभी भी ऐसे लोगों की कमी नहीं है जो डिजिटल माध्यम से लेन-देन में परहेज करते हैं। निस्संदेह, नकदी पर उनकी निर्भरता का मूल कारण डिजिटल शिक्षा का अभाव ही है। साथ-ही-साथ डिजिटल भुगतान से जुड़े घपल्ले एवं घोटाले भी है। साथ ही इसके कारणों में भ्रष्टाचार और कर चोरी की नीयत भी शामिल है। ऐसे में सरकार को डिजिटल खाई को पाटने की दिशा में रचनात्मक पहल करनी चाहिए। वहीं दूसरी आर्थिक अनियमितताएं करने वाले तत्वों से भी सख्ती से निबटा जाना चाहिए। हालांकि, दो हजार के नोट अब प्रचलन से बाहर हो चुके हैं, लेकिन उनका कानूनी आधार बना हुआ है। इस दिशा में यथाशीघ्र निर्णय लिया जाना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# Y क्रोमोसोम रहित ट्यूमर अधिक घातक होते हैं

**शोधकर्ताओं का अनुमान है कि कैंसर कोशिकाओं में Y क्रोमोसोम के लोप और उसी ट्यूमर के अंदर मौजूद प्रतिरक्षा कोशिक.ाओं में Y क्रोमोसोम के लोप के बीच एक सहसम्बंध भी है, हो सकता है कि विचित्र रासायनिक आकर्षण (कीमोअट्रैक्शन) की वजह से ऐसी प्रतिरक्षा को.शिकाएं रक्त से ट्यूमर में खिंची चली आती होंगी जिनमें Y क्रोमोसोम नदारद होता है। हालांकि अभी इस बात के पुख्ता प्रमाण नहीं हैं। लेकिन इतना पक्का है कि Y क्रोमोसोम की गैर-मौजूदगी कैंसर कोशिकाओं को अधिक आक्रामक बनाती है, और Y क्रोमोसोम रहित प्रतिरक्षा कोशिकाएं कम प्रभावी होती हैं।**



यह बात तो पता है कि पुरुषों में उम्र के साथ कुछ कोशिकाओं से क्रोमोसोम नदारद होने लगते हैं, खासकर कैंसर कोशिकाओं से, लेकिन यह मालूम नहीं था कि क्रोमोसोम की अनुपस्थिति से शरीर पर किस तरह के प्रभाव पड़ते हैं। अब, कैंसर विशेषज्ञों ने कैंसर कोशिकाओं के एक ताजा अध्ययन में पाया है कि यदि कैंसर ट्यूमर से क्रोमोसोम नदारद होता है तो मरीज के लिए अधिक घातक हो सकता है।

दरअसल, 2023 में एरिजोना विश्वविद्यालय के कैंसर विशेषज्ञ थियोडोरस्क्यू और उनके दल ने पाया था कि क्रोमोसोम का नदारद होना मनुष्यों में मूत्राशय के कैंसर की आक्रामकता को बढ़ाता है। उम्र बढ़ने के साथ प्रतिरक्षा कोशिकाओं से भी Y क्रोमोसोम गायब हो सकते हैं, जिससे कैंसर से मृत्यु का जोखिम बढ़ जाता है।

हालिया अध्ययन में उपरोक्त शोधदल ने कैंसर-कोशिका जीनोम के विशाल भंडार से प्राप्त जानकारी के आधार पर दो समूहों की तुलना की। Y क्रोमोसोम विहीन और ल क्रोमोसोम सहित। उन्होंने पाया कि पुरुषों में, कई प्रकार के कैंसर में, कैंसर ट्यूमर से Y क्रोमोसोम नदारद हो तो वे उन मरीजों की तुलना में जल्दी मर जाते हैं जिनके कैंसर ट्यूमर में Y क्रोमोसोम मौजूद होता है। यह भी पता चला कि Y क्रोमोसोम का लोप कैंसर कोशिकाओं और प्रतिरक्षा कोशिकाओं दोनों में होता है। गौरतलब है कि प्रतिरक्षा कोशिकाएं शरीर की रक्षा के लिए ट्यूमर पर हमला करती हैं। अब, महज कैंसर कोशिकाओं से Y क्रोमोसोम का लोप होता है तो उनमें अन्य उत्परिवर्तनों की संख्या और गंभीरता बढ़ती है। साथ ही, कुछ ऐसे परिवर्तन भी हो सकते हैं जिससे ट्यूमर प्रतिरक्षा प्रणाली की नजर से बच निकले, उसकी पकड़ में न आए, लेकिन यदि Y क्रोमोसोम का लोप प्रतिरक्षा कोशिकाओं में भी हो जाता है तो असर अलग होते हैं Y क्रोमोसोम का लोप प्रतिरक्षा कोशिकाओं को निष्क्रिय कर देता है और प्रतिरक्षा तंत्र को शांत कर देता है, जिससे वे कैंसर से लड़ने के उतनी काबिल नहीं रहतीं। यानी, एक तो ट्यूमर बहुरूपिया, ऊपर से प्रतिरक्षा कोशिकाओं की नजर कमजोर। यह स्थिति मरीज के लिए घातक साबित होती है। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि कैंसर कोशिकाओं में Y क्रोमोसोम के लोप और उसी ट्यूमर के अंदर मौजूद प्रतिरक्षा कोशिकाओं में Y क्रोमोसोम के लोप के बीच एक सहसम्बंध भी है, हो सकता है कि विचित्र रासायनिक आकर्षण (कीमोअट्रैक्शन) की वजह से ऐसी प्रतिरक्षा कोशिकाएं रक्त से ट्यूमर में खिंची चली आती होंगी जिनमें Y क्रोमोसोम नदारद होता है। हालांकि अभी इस बात के पुख्ता प्रमाण नहीं हैं। लेकिन इतना पक्का है कि Y क्रोमोसोम की गैर-मौजूदगी कैंसर कोशिकाओं को अधिक आक्रामक बनाती है, और Y क्रोमोसोम रहित प्रतिरक्षा कोशिकाएं कम प्रभावी होती हैं।

**स्रोत फीचर्स**

# ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना: पर्यावरण से खिलवाड़



विनीत नारायण

ग्रेट निकोबार द्वीप, जो भारत के अंडमान और निकोबार द्वीप समूह का हिस्सा है, अपनी अनूठी जैव विविधता और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए जाना जाता है। यह द्वीप भारत का सबसे दक्षिणी बिंदु, इंदिरा पॉइंट, होने के साथ-साथ यूनेस्को बायोस्फीयर रिजर्व भी है। कुछ समय पहले नीति आयोग द्वारा प्रस्तावित रुपये 72,000 करोड़ की ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना ने इस क्षेत्र को वैश्विक व्यापार, पर्यटन और सामरिक महत्व का केंद्र बनाने का लक्ष्य रखा है। इस परियोजना में एक अंतर्राष्ट्रीय कंटेनर ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल, एक ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा, एक टाउनशिप और एक गैस और सौर ऊर्जा आधारित पावर प्लांट का निर्माण शामिल है। इस परियोजना को लेकर पर्यावरणविदों, आदिवासी अधिकार कार्यकर्ताओं और विपक्षी दलों ने गंभीर चिंताएं व्यक्त की हैं।

ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना को नीति आयोग ने 2021 में शुरू किया था, जिसका उद्देश्य इस द्वीप को एक आर्थिक और सामरिक केंद्र के रूप में विकसित करना है। यह द्वीप मलक्का जलडमरूमध्य के पास स्थित है, जो विश्व के सबसे व्यस्त समुद्री मार्गों में से एक है। परियोजना के तहत 16,610 हेक्टेयर भूमि का उपयोग किया जाएगा, जिसमें से 130.75 वर्ग किलोमीटर प्राचीन वन क्षेत्र शामिल है। इस परियोजना को राष्ट्रीय सुरक्षा और भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति के तहत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। लेकिन इसके पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभावों ने इसे विवादों के केंद्र में ला खड़ा किया है।

ग्रेट निकोबार द्वीप 1989 में बायोस्फीयर रिजर्व घोषित किया गया था और 2013 में यूनेस्को के मैन एंड बायोस्फीयर प्रोग्राम में शामिल किया गया। यह द्वीप 1,767 प्रजातियों के साथ एक समृद्ध जैव विविधता का घर है, जिसमें 11 स्तनधारी, 32 पक्षी, 7 सरीसृप और 4 उभयचर प्रजातियां शामिल हैं, जो इस क्षेत्र में स्थानिक हैं। परियोजना के लिए लगभग 9.6 लाख से 10 लाख पेड़ों की कटाई की जाएगी, जो द्वीप के प्राचीन वर्षावनों को अपूरणीय क्षति पहुंचाएगी। यह न केवल स्थानीय वनस्पतियों और जीवों को प्रभावित करेगा, बल्कि प्रवाल भित्तियों द्धकोरल रीफ्सत्र और समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को भी नुकसान पहुंचाएगा।

गलाथिया खाड़ी, जहां ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल प्रस्तावित है, लेदरबैक कछुओं और निकोबार मेगापोड पक्षियों का प्रमुख प्रजनन स्थल है। 2021 में गलाथिया खाड़ी वन्यजीव अभयारण्य को डिनोटिफाई कर दिया गया, जो भारत के राष्ट्रीय समुद्री कछुआ संरक्षण योजना 2021 के विपरीत है। यह कछुओं और अन्य समुद्री प्रजातियों के लिए गंभीर खतरा पैदा करता है, क्योंकि बंदरगाह निर्माण से होने वाला प्रदूषण, ड्रेजिंग, और जहाजों की आवाजाही उनके प्रजनन और अस्तित्व को प्रभावित करेगी। द्वीप पर शोम्पेन और निकोबारी आदिवासी समुदाय रहते हैं, जो विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह के रूप में वर्गीकृत हैं। यह समुदाय अपनी आजीविका और संस्कृति के लिए जंगलों और प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर हैं। परियोजना से इनके पारंपरिक क्षेत्रों का 10 प्रतिशत हिस्सा प्रभावित होगा, जिससे उनकी सामाजिक संरचना और जीविका पर खतरा मंडराएगा। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि बाहरी लोगों के संपर्क से इन जनजातियों में रोगों का खतरा बढ़ सकता है, जिससे उनकी आबादी विलुप्त होने की कगार पर पहुंच सकती है। ग्रेट निकोबार द्वीप अंडमान-सुमात्रा फॉल्ट लाइन पर स्थित है, जो भूकंप और सुनामी के लिए अत्यधिक संवेदनशील है। 2004 की सुनामी ने इस क्षेत्र को भारी नुकसान पहुंचाया था। पर्यावरण प्रभाव आकलन में भूकंपीय जोखिमों को कम करके आंका गया है और विशेषज्ञों का कहना है कि परियोजना के लिए साइट-विशिष्ट भूकंपीय अध्ययन नहीं किए गए। यह एक बड़े पैमाने पर आपदा का कारण बन सकता है। परियोजना के लिए काटे गए जंगलों की भरपाई के लिए हरियाणा और मध्य प्रदेश में प्रतिपूरक वनीकरण का प्रस्ताव है, लेकिन यह क्षेत्र निकोबार की जैव विविधता से कोई समानता नहीं रखते। यह पारिस्थितिक संतुलन को बहाल करने में असमर्थ है। पर्यावरण मंजूरी प्रक्रिया और मूल्यांकन दस्तावेजों को राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देकर गोपनीय रखा गया है। विशेषज्ञों का तर्क है कि केवल हवाई अड्डे का सामरिक महत्व हो सकता है, न कि पूरी परियोजना का। पारदर्शिता की यह कमी परियोजना की वैधता पर सवाल उठाती है। विपक्षी दलों, विशेष रूप से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, ने परियोजना को पारिस्थितिक और मानवीय आपदा करार दिया है। पर्यावरणविदों और नागरिक समाज संगठनों ने इसे जैव विविधता और आदिवासी अधिकारों के लिए खतरा बताया है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने 2023 में परियोजना की पर्यावरण और वन मंजूरी की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय समिति गठित की थी, लेकिन इसके बावजूद परियोजना को आगे बढ़ाने में जल्दबाजी दिखाई दे रही है।



ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण हो सकती है, लेकिन इसके पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभावों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। पारदर्शी और व्यापक पर्यावरण प्रभाव आकलन, आदिवासी समुदायों के साथ उचित परामर्श और भूकंपीय जोखिमों का सटीक मूल्यांकन आवश्यक है। इसके साथ ही, परियोजना के आर्थिक व्यवहार्यता की पुनरू समीक्षा होनी चाहिए, क्योंकि भारत में हाल ही में शुरू हुआ विशाखापत्तनम का ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल पहले से ही वैश्विक व्यापार में योगदान दे रहा है।

पर्यावरण और जैव विविधता के संरक्षण के लिए कई कदम उठाए जा सकते हैं। जैसे कि परियोजना क्षेत्र को CRZ 1A क्षेत्रों से बाहर रखा जाए। आदिवासी समुदायों को निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल किया जाए। भूकंपीय जोखिमों के लिए साइट-विशिष्ट अध्ययन किए जाएं। निकोबार के भीतर ही प्रतिपूरक वनीकरण पर ध्यान दिया जाए। ग्रेट निकोबार द्वीप भारत की प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा है। इसे बचाने के लिए विकास और संरक्षण के बीच संत.ुलन बनाना होगा। भ्रामक तथ्यों के आधार पर जल्दबाजी में लिए गए निर्णय न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचाएंगे, बल्कि भारत की वैश्विक पर्यावरण संरक्षण प्रतिबद्धताओं को भी कमजोर करेंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सभी देशवासियों को 'शाह टाइम्स' रजत जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं


शाह टाइम्स के 25 वर्ष पूरे होने पर स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

जयंत चौधरी राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल

अरशद अल्वी पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी बहसूमा

हाजी जहीर अब्बासी जिला उपाध्यक्ष मेरठ

शाह टाइम्स के 25 वर्ष पूरे होने पर स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

मदर इंफ्रा एण्ड डेवलपर्स

मेरठ/हापुड़ में इन्वेस्टमेंट और घर बनाने हेतु प्लाट बिकाऊ है)

ऑफिस 755, एल–ब्लॉक आनंद विहार निकट डीएम ऑफिस, जनपद हापुड़।

सम्पर्क करें:–8791812031

S.G. Group of Institutions

(We are Number One in Education)

SHRI GURU HAR GOVIND SAHAB JI MEMORIAL COLLEGE OF EDUCATION

सीधा प्रवेश

College Code: 220080

B.T.C. (D.EL.Ed.)

D. Pharma

Sardhana Binoli Road, MM:-9760111054, 96393 03101

Sanjay Chaudhary Director

प्रेम हॉस्पिटल

PREM HOSPITAL Inspiring Healing, Empowering Lives

बिजली बम्बा बाईपास, दिल्ली रोड़, मेरठ।

अब विशेषज्ञ डॉक्टरों से इलाज कराना हुआ आसान!

प्रेम हॉस्पिटल - अब हर बीमारी का समाधान, एक ही छत के नीचे।

डॉ. आर. पी. शर्मा (त्वचा रोग विशेषज्ञ)
सोमवार, बुधवार, शुक्रवार
सुबह 11:00 से दोपहर 12:00 बजे तक
इलाज: त्वचा संबंधी रोग, झाइयां, फंगल इन्फेक्शन, दाद, खाज–खुजली मुंहासे, बाल झड़ना, त्वचा पर सफेद दाग, यौन रोग आदि।

डॉ. आरती शर्मा (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ)
सोमवार से शनिवार
दोपहर 2:00 से रात 8:00 बजे तक
इलाज: पीरियड्स की समस्या, प्रेगनेंसी देखभाल, बांझपन, PCOD सामान्य/ऑपरेशन डिलीवरी, बच्चेदानी से जुड़ी समस्याएं।

डॉ. अनुज शर्मा (सर्जन – AIIMS)
सोमवार से शनिवार
दोपहर 2:00 से रात 8:00 बजे तक
इलाज: हर्निया, पाइल्स, पित्त की थैली की पथरी, थायरॉयड बवासीर, फिशर, एपेंडिक्स, फिस्टुला, छोटी–बड़ी सर्जरी

डॉ. दिव्यांशु गुप्ता (बाल रोग विशेषज्ञ)
सोमवार से रविवार
सुबह 10:00 से 12:00 बजे तक
इलाज: नवजात बच्चों की देखभाल, खांसी–जुकाम, बुखार कुपोषण, टीकाकरण, डायरिया, अस्थमा।

डॉ. अपूर्व गर्ग (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
मंगलवार एवं शुक्रवार
दोपहर 2:00 से 3:00 बजे तक
इलाज: जोड़ों का दर्द, पीठ दर्द, आर्थराइटिस, फ्रैक्चर स्लिप डिस्क, साइटिका, घुटनों की समस्या

डॉ. जीशान खान (जनरल मेडिसिन–AIIMS एक्स–रेजिडेंट)
सोमवार से शनिवार
दोपहर 3:00 से 5:00 बजे तक
इलाज: बुखार, डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड, हाई बीपी, डायबिटीज थायरॉयड, लीवर/किडनी की समस्याएं

Pathkind Labs

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें: +91 70809 08010

सुविधाएँ
ई.एन.टी न्यूरो सर्जरी, यूरोलॉजी, डियोलॉजी एनआईसीयू–आईसीयू, प्रसूति एवं स्त्री रोग, त्वचा कॉस्मेटिक सर्जरी, स्त्री रोग सर्जरी, फिजिशियन, ऑर्थोपेडिक

आयुष्मान एवं समस्त इंश्योरेंस पैनल में कैशलेश सुविधा उपलब्ध* यूरोलॉजी एवं सर्जरी के लिए

NABH से मान्यता प्राप्त

YOUR HEALTH OUR CONCERN ISO 9001:2008 Certified

(अति आधुनिकतम और उत्तम स्वास्थ्य सुविधाओं से पूर्ण)

जसवन्त राय स्पेशियलिटी हॉस्पिटल

मेरठ स्पोटर्स स्टेडियम के सामने, मवाना रोड, मेरठ, फोन : 0121–2663887, 2663888

24 घण्टे इमरजेंसी सुविधायें उपलब्ध है।

सर्जिकल सुविधाएं
- ओपन हॉर्ट / बाईपास सर्जरी
- हड्डी रोग, ज्वाइंट रिप्लेसमैन्ट, ट्रॉमा, ओर्थोस्कोपी
- मस्तिष्क एवं स्पाईनल सर्जरी
- यूरो – सर्जरी (लिथोट्रिप्सी, पीसीएनएल, यूआरएस)
- ऑन्को सर्जरी (कैंसर सर्जरी)
- जनरल सर्जरी
- लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
- बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी
- ईएनटी सर्जरी

मैडिकल सुविधाएं
- हृदय रोग से सम्बन्धित सभी बीमारियां
- वेल्व्योलोप्लास्टी
- कोरोनरी एन्जियोग्राफी
- पेरीफेरल एन्जियोग्राफी
- एन्जियोप्लास्टी
- पेसमेकर
- इकोकार्डियोग्राफी
- इंटेन्सिव कार्डियक केयर यूनिट (आईसीसीयू)
- गैस्ट्रोएन्ट्रोलोजी (पाचन तंत्र)
- कोलोनोस्कॉपी
- ई.आर.सी.पी
- एंडोस्कोपीक अल्ट्रासाउंड
- एंडोस्कोपी
- अल्ट्रासाउंड
- नैफ्रोलोजी (गुर्दा रोग)
- न्यूरोलोजी (नाड़ी तंत्र)
- पीडियाट्रिक्स
- नवजात शिशु केयर यूनिट (नर्सरी)
- जनरल मेडिसिन (फिजीशियन)
- चेस्ट एण्ड ब्रोन्कोलोजी
- इंटेन्सिवकेयर यूनिट (आईसीयू)
- फिजियोथेरेपी
- पैथोलॉजी एवं ब्लड बैंक व कम्पोनेन्टस
- रेडियोलोजी (एमआरआई, सी.टी. स्कैन)

List of Empanelled Agencies Corporate } • CGHS (Central Government Health Scheme) • U.P. Power Corporation Ltd. (Hydel) • ECHS (Ex-Servicemen Contributory Health Scheme) • University Grants Commission • BSNL (Bharat Sanchar Nigam Ltd.) • Northern Railway • Power Grid Corporation • Indian Oil Corporation

T.P.A.
- Family Health Plan (TPA)
- United Health Care (TPA)
- Med Save Health Services (TPA)
- Paramount Health Care (TPA)
- Good Health Plan Ltd. (TPA)
- Bajaj Allianz General Insurance (TPA)
- E-Meditek Solutions Limited (TPA)
- Vidal Health TPA (TPA)
- Genins India TPA Pvt Ltd.
- Universal Medi-Aid Services (TPA)
- Vipul Med Corp (TPA)
- Star Health Services (TPA)
- Dedicated Health Care (TPA)
- Raksha TPA Pvt. Ltd. (TPA)
- Medicare TPA Services (TPA)
- Medi Assist India Pvt Ltd. (TPA)
- Focus Health Care (P) Ltd. (TPA)
- Rothshield Health Care (TPA)
- I-Health Care (ICICI Lombard) (TPA)
- I Care Health Management TPA Pvt. Ltd. (TPA)
- HDFC ERGO General Insurance (TPA)
- CHOLA MANDLAM (TPA)
- Park Mediclaim (TPA)
- Safeway TPA Services (TPA)
- Future Generali health ins. (TPA)
- IFFCO TOKIO Insurance (TPA)
- Spurthi Meditek (TPA)
- Alankit Health Care (TPA)
- Max Bupa Gen Insurance (TPA)
- R-Care Healthcare (TPA)
- Happy Insurance (TPA)
- Ericson TPA Healthcare Pvt. Ltd. (TPA)
- Health India Insurance TPA Services Pvt. Ltd. (TPA)
- Health Insurance TPA India Ltd. (TPA)
- Apollo Munich Health Insurance (TPA)
- Rapid Rail Metro Rail

सभी प्रदेशवासियों को 'शाह टाइम्स' की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं

ASP आजाद समाज पार्टी (कांशीराम)

शाहजेब रिजवी वरिष्ठ नेता

आजाद समाज पार्टी

संभावित प्रत्याशी सरधना विधानसभा

SHRI VENKATESHWARA UNIVERSITY

Established by U.P. Act No. 26 of 2010 and Recognized u/s 2(f) of UGC Act,1956

ADMISSIONS OPEN for Session 2025-26

www.svu.edu.in info@svu.edu.in

State Rank 3

Changing lives forever.

देशभर में 16वीं रैंक एवं यू0पी0 के विश्वविद्यालयों के बीच शीर्ष 3rd रैंक

- School of Engineering & Technology: Diploma in Engg. | B.Tech | M.Tech. BCA | MCA
- School of Mass Communication: BA (JMC) | MA (JMC)
- School of Commerce & Management: BBA | MBA | B.Com | M.Com
- School of Library & Information Sciences: BLIS | MLIS
- School of Humanities & Languages: B.A. | M.A.
- School of Paramedical Sciences: Diploma in Emergency & Trauma Care Tech. Diploma in Operation Theatre Technician Diploma in Hospital Record Keeping
- School of Pharmaceutical Sciences: D.Pharma | B.Pharma | M.Pharma
- School of Law: B.A. LL.B. | LL.B. | LL.M.
- School of App. Science: B.Sc. | M.Sc. (PCM/ZBC/Industrial Chemistry)
- School of Education: B.Ed. | B.Sc. B.Ed. | B.A. B.Ed. | D.El.Ed.
- School of Agriculture Science: B.Sc. (Agriculture) | M.Sc. (Agriculture)
- School of Vocational Studies (B.Voc): Degree Courses (Para Medical, Agri. & Management) B.Voc (Technology) | B.Voc (HM)
- School of Nursing: ANM | GNM | B.Sc. Nursing | Post Basic Nursing

Approvals and Accreditations
U.P. State Govt. INC NCTE UGC PCI MCI (NMC) AIU BCI UPSMF

Our Major Recruiters
NIIT wipro accenture ACC HCL Bata HDFC BANK ICICI Bank PEPSICO Reliance Jio GENPACT General Electric SHRIRAM PISTONS & RINGS LTD. Tech Mahindra APEX Services ESPERIENZATECH Nestlé

CAMPUS : NH-24, Venkateshwara Nagar, Rajabpur, Gajraula, U.P.-244236

MEERUT (Information Centre) : VGI Campus, NH-58 Delhi-Roorkee Bypass, Jatoli, Meerut

Admission Helpline : 7248500071, 8192997478, 8859500707, 8192999205